**दैनिक सिटी दर्पण**

दैनिक सिटी दर्पण समाचार पत्र के साथ जुड़ने का सुनहरी अवसर

जिला, तहसील व ब्लॉक स्तर पर पत्रकारिता में रूचि रखने वाले संवाददाताओं की हो रही है भर्ती

अपना बायोडाटा कृप्या निम्नलिखित पते पर भेजें:

संपर्क करें: 9896791910, 7888450261

ई-मेल: citydarpan2@gmail.com

दैनिक
# सिटी दर्पण
आईना सच का







RNI Regn No.: CHAHIN/23/9265
Established 23

चंडीगढ़। मंगलवार, 5 सितंबर, 2023 | वर्ष 21, अंक 208, मूल्यः 3 रुपए | www.citydarpan.com

**डीसी अजय कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का किया शुभारंभ : मुख्यमंत्री के ओएसडी प्रचार गजेंद्र फौगाट ने बताया साइक्लोथॉन का उद्देश्य**

# सांस्कृतिक संध्या के माध्यम से रोहतक वासियों को दिया नशे के खिलाफ संदेश

**दर्पण न्यूज सर्विस**

चंडीगढ़। नशा छोडकर गीत खुशी के गाने होंगे जी।इस पंक्ति वाले हरियाणवी गीत व नृत्य के साथ रोहतक वासियों को नशे के विरुद्ध संकल्प लेने का संदेश दिया गया। जन-जन को नशे के विरुद्ध जागृत करने के लिए राज्य सरकार द्वारा आयोजित की जा रही साइक्लोथॉन रैली के उपलक्ष में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के राधाकृष्णन ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया।सांस्कृतिक संध्या में नशे के विरुद्ध व देशभक्ति को समर्पित आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ रोहतक के उपायुक्त श्री अजय कुमार, महामंडलेश्वर बाबा कालिदास व सरदार परमजीत ने दीपक प्रज्जवलित करके किया। मंच का संचालन करते हुए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के ओएसडी (प्रचार) गजेंद्र फौगाट ने साइक्लोथॉन के उद्देश्य को बताया और कहा की मुख्यमंत्री हरियाणा के एक-एक व्यक्ति को स्वस्थ देखना चाहते हैं।इसी के चलते ही उन्होंने एक सितंबर को करनाल से हरी झंडी दिखाकर साइक्लोथॉन को रवाना किया है। यह साइकिल रैली प्रदेश के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से होती हुई लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दे रही है।

सांस्कृतिक संध्या में महावीर गुड्डू एंड पार्टी ने छोरी गावे गीत सुरीले, झूल घली सामण की प्रस्तुति ने सबका मनमोहन लिया। इसके अलावा महावीर गुड्डू और पार्टी ने बम लहरी के माध्यम से शिवा स्तुति तथा चौगरदे ते बाग हरा की प्रस्तुति दी। शीतल चहल ने देशभक्ति गीत ए मेरे वतन के लोगों गीत



गाकर पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति में बदल दिया। कलाकार दीपक सैनी ने मिमिक्री के माध्यम से राष्ट्रीय-क्षेत्रीय नेताओं की नकल की। इसी प्रकार से कलाकार अनिल अहलावत ने पक्षियों, रेल गाड़ी, हेलीकॉप्टर, हवाई जहाज आदि की आवाज निकाल कर लोगों का मनोरंजन किया। रवि सांपला एंड रूबिया ग्रुप ने नशा छोडके गीत खुशियों के गाने होंगे की प्रस्तुति, राजकुमार व ग्रुप ने घोड़ी डांस व विशेष भंडेरी ने देशभक्ति गीत की शानदार प्रस्तुति दी।सचिन अत्री ने फिल्मी गीत पर आधारित प्रस्तुति तथा मालविका पंडित व ग्रुप ने गुंगाधमुरा की प्रस्तुति से दर्शकों की तालियां बटोरी।रवि और रुबिया ग्रुप में भी सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। छोटी बच्ची परखी ने अपने नृत्य के माध्यम से सब का मनमोहन लिया।

**नशे के विरुद्ध करना होगा घर-घर प्रचार : मनमोहन गोयल**

सांस्कृतिक संध्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए रोहतक के मेयर श्री मनमोहन गोयल ने कहा कि नशा मनुष्य का सर्वनाश कर देता है। उन्होंने कहा कि साइक्लोथॉन मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की एक सराहनीय पहल है।उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर शिक्षण संस्थान, घर-घर, गली-गली में नशे के विरुद्ध प्रचार करना होगा। महाबलेश्वर महंत कालिदास ने अपने संबोधन में कहा कि नशे से घर, समाज व राष्ट्र उजाड़ जाता है।उन्होंने कहा कि देश में शांति, समृद्धि, भाईचारा, एकता व अखंडता के लिए नशे का त्याग करना जरूरी है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर एक सराहनीय पहल की है। गुरुद्वारा बंगला साहब रोहतक के स्टेज सेक्रेटरी सरदार परमजीत सिंह ने कहा कि नशा मुक्त हरियाणा एक महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने कहा कि सिख धर्म में नशे पर पूर्ण पाबंदी लगाई गई है।उन्होंने इस संदर्भ में गुरु नानक जी के संदेश को भी बताया।इस अवसर पर उपायुक्त अजय कुमार, मेयर मनमोहन गोयल, महंत कालिदास, गुरुद्वारा बंगला साहब रोहतक के स्टेज सेक्रेटरी सरदार परमजीत सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रणबीर ढाका, श्री सुभाष गुप्ता, श्री विकास रोहिल्ला, अतिरिक्त उपायुक्त श्री महेश कुमार, नगराधीश श्री मुकुंद तंवर व श्री सुभाष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# नशा मुक्ति का संदेश लिए झज्जर जिले के बेरी में उमड़ा साइकिल रैली रूपी सैलाब

**उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ० अर्पित जैन सहित गणमान्य लोगों ने किया ढराणा में साईकिल मैराथन का स्वागत**





दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की नशा मुक्त हरियाणा का सार्थक का संदेश लिए साइक्लोथॉन (साइकिल मैराथन) का झज्जर जिले की सीमा में प्रवेश करने पर उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ० अर्पित जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष विक्रम कादियान के साथ बड़ी संख्या में पुरुष व महिलाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। ढराणा से 90 वर्षीय महिला भरपाई देवी ने साइक्लोथॉन को बेरी ओर रवाना किया। साइकिल मैराथन में ढराणा, बेरी, वजीरपुर, जहाजगढ़ में साइकिल रैली रूपी सैलाब उमड़ पड़ा। युवाओं, महिलाओं और छात्रों ने पूरे जोश व उत्साह के साथ साइकिल मैराथन में भाग लिया।

उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि साईकिल रैली का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने यह अनुकरणीय मुहिम चलाई है। हर किसी को इस मुहिम का हिस्सा बनते हुए हरियाणा प्रदेश को नशा मुक्त बनाने में अपना सक्रिय योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिलावासी निश्चित रूप से अपने जिले को नशा मुक्त रखेंगे और दूसरे लोगों को भी जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि इस अनुकरणीय शुरूआत से युवा पीढ़ी के भविष्य को



संरक्षण मिलेगा।

उपायुक्त ने कहा कि इस नेक कार्य में शामिल साइकिल वाहक विशेष रूप से बधाई के पात्र हैं, जो जन-जन को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता की अलख जगाने का काम कर रहे हैं। करनाल से 1 सितंबर को शुरू हुई यह यात्रा 25 सितंबर को करनाल में ही संपन्न होगी।प्रदेशभर में साइकिल यात्रा के माध्यम से लोगों को नशे के प्रति जागरूक करने का सफल प्रयास किया जा रहा है। आने वाले समय में इसके सफल परिणाम देखने को मिलेंगे। हमें मिलजुल कर नशे को जड़ से खत्म करने का प्रयास करना चाहिए, ताकि अपने बच्चों को इसकी गिरफ्त से दूर रख सकें।

पुलिस अधीक्षक डॉ० अर्पित जैन ने कहा कि हरियाणा को नशा मुक्त की बनाने की इस सार्थक पहल में सभी को भागीदार बनना चाहिए। नशा मनुष्य को शारीरिक व आर्थिक रूप से कमजोर करता है।स्वस्थ समाज व स्वस्थ देश के लिए नशावृति को रोकना बहुत जरूरी है।जिला में नशावृति को रोकने के लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। इसके अच्छे परिणाम भी आए हैं।

जिला के गांव ढराणा से शुरू हुई साइक्लोथॉन (साइकिल मैराथन) रैली में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढराणा के विद्यार्थियों के अलावा गांव पलड़ा, जहाजगढ़, झज्जर, भिंडावास गांवों के स्कूलों की छात्राओं ने भाग लिया। रैली में गांव भिंडावास की छात्रा ललिता, मिन्नी जहाजगढ़, झज्जर की कोमल और पलड़ा की नीलम ने भाग लेकर नशा मुक्ति का संदेश दिया। सभी छात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर साइकिलिंग विधा में जिला का नाम रोशन कर रही हैं। इस रैली में ढराणा के अलावा बेरी,वजीरपुर,जहाजगढ,खातीवास में रैली का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। नशा मुक्ति को जन आंदोलन बनाने के लिए आमजन की सक्रिय भागीदारी इस साइक्लोथॉन (साइकिल मैराथन)में दिखाई दी। गांवों में महिलाओं ने पारंपरिक लोकगीतों के साथ यात्रा का स्वागत किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्री विक्रम कादयान ने मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि गांव वजीरपुर, जहाजगढ़ और खातीवास में साइक्लोथॉन (साइकिल मैराथन) रैली को लेकर आयोजित कार्यक्रमों में युवाओं को नशे जैसी बीमारी से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा गुलामी की तरह होता है,जो अपनी ओर खींचता है,हमें गुलामी की तरफ ना जाते हुए इस बीमारी से दूरी बनाए रखना है और मुख्यमंत्री के नशा मुक्त अभियान को सफल बनाना है। रोहतक लोकसभा संयोजक आनंद सागर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल द्वारा इस साइक्लोथॉन (साइकिल मैराथन) रैली को करनाल से रवाना किया गया है, झज्जर जिला में इस रैली से लोगों में जागरूकता आएगी। उन्होंने नशे को बीमारियों की जड़ बताया और विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपने अभिभावकों से इस बीमारी से दूर रहने के लिए प्रेरित करें, चूंकि बच्चों की बात को बड़े व्यक्ति पूरी तवज्जो देते हैं।

साइकिल यात्रा में पहुंची 90 वर्षीय भरपाई देवी ने कहा कि नशा खत्म करना जरूरी है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने अच्छा काम किया है। नशा करने वालों और नशे की सामग्री बेचने वालों को भी सख्त सजा मिलनी चाहिए। वहीं भरत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की सोच अच्छी और कार्य भी अच्छा कर रहे हैं। नशा मुक्त अभियान अच्छी पहल है। इसमें सभी लोगों को साथ आना चाहिए तभी नशा मुक्त हरियाणा होगा। छात्रा कोमल ने कहा कि साइकिल मैराथन में भागीदार बनकर अच्छा लगा। गांव में नशे की कोई भी चीज बिकनी नहीं चाहिए।

# सीएम मनोहर लाल ने की हाई पावर लैंड परचेज कमेटी की अध्यक्षता



- लगभग 96 करोड़ रुपये की लागत की करीब 148 एकड़ भूमि की खरीद से संबंधित 6 एजेंडा किए गए स्वीकृत
- 5 जिलों में विभिन्न परियोजनाओं के निर्माण के लिए ई-भूमि के माध्यम से खरीदी गई है भूमि
- सरकारी परियोजनाओं के लिए अपनी जमीन देने की सहमति जताने वाले भू-मालिकों ने भी बैठक में लिया हिस्सा

**दर्पण न्यूज सर्विस**

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज यहां हुई हाई पावर लैंड परचेज कमेटी (एचपीएलपीसी) की बैठक में पाँच जिलों चरखी दादरी, फरीदाबाद, हिसार, जींद और सिरसा में 6 परियोजनाओं हेतु भू-मालिकों की सहमति से ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से 148 एकड़ भूमि की खरीद को मंजूरी दी गई।इस पर लगभग 96 करोड़ रुपये की लागत आएगी। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित जिला उपायुक्तों के साथ एचपीएलपीसी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्तों को निर्देश दिए कि एक माह में इन जमीनों की रजिस्ट्री करवाना सुनिश्चित की जाए और भूमि खरीदने के बाद प्रस्तावित परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाला और ऊर्जा मंत्री चौधरी रणजीत सिंह भी उपस्थित रहे। इसके अलावा, संबंधित जिलों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रस्तावित सरकारी परियोजनाओं के लिए अपनी जमीन देने पर सहमति जताने वाले भू-मालिकों ने भी बैठक में हिस्सा लिया।

बैठक में जींद में बरोदी, झांजकलां में नहर आधारित जलापूर्ति योजना के निर्माण हेतु 5.39 एकड़ भूमि की खरीद को मंजूरी दी गई। इस वॉटर वर्क्स की क्षमता 6 एलएलडी होगी। इसके अलावा, सिरसा जिले के रानियां गांव में भी वॉटर वर्क्स हेतु लगभग 35 एकड़ भूमि की खरीद को स्वीकृति दी गई। हिसार जिला में ओपी जिंदल नलवा डिस्ट्रीब्यूटरी के विस्तार हेतु 4 एकड़ भूमि की खरीद को भी मंजूरी दी गई। बैठक में चरखी दादरी में जिला जेल के निर्माण हेतु गांव भैरवी में लगभग 98 एकड़ जमीन की खरीद को मंजूरी दी गई। इसके अलावा, फरीदाबाद में दिल्ली झ मथुरा रोड़ से मुजेसर तक रेलवे लाइन क्रॉसिंग पर आरयूबी के निर्माण हेतु लगभग 1 एकड़ भूमि, हिसार जिला में बास टाउन में बने वॉटर वर्क्स को अपग्रेड करने हेतु एसटीपी बनाने के लिए 5.12 एकड़ भूमि की खरीद को मंजूरी प्रदान की गई।

बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव और वित्त आयुक्त, राजस्व श्री टीवीएसएन प्रसाद, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री आनंद मोहन शरण, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री एके सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री वी. उमाशंकर, जेल विभाग के महानिदेशक श्री मोहम्मद अकील, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री पंकज अग्रवाल, भूमि-जोत एवं भू-अभिलेख चकबंदी विभाग की निदेशक आमना तसनीम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## किसानों व भू-मालिकों ने की मुख्यमंत्री की सराहना

बैठक में जुड़े भू-मालिकों ने पारदर्शी तरीके से सरकारी परियोजनाओं के लिए ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से भूमि की खरीद हेतु शुरू की गई इस पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार किसानों व गरीब का भला सोचती है। श्री मनोहर लाल ने कहा कि भूमि अधिग्रहण एक लंबी प्रक्रिया थी, जिसके कारण विभिन्न विकास परियोजनाओं में अनावश्यक देरी होती थी, इसलिए हमारी सरकार ने एक प्रणाली विकसित की, जिसके तहत ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से किसानों और भू-मालिकों से बातचीत कर उनकी सहमति से भूमि खरीदी जा रही है।

## आज और कल को सोनीपत, जींद, भिवानी और दादरी के दौरे पर रहेंगे डिप्टी सीएम

चंडीगढ़। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाला पांच सितंबर को सोनीपत और जींद, 6 सितंबर को भिवानी और दादरी जिले के दौरे पर रहेंगे। इसके अलावा वे राजस्थान में भी दो दिनों के दौरे पर जाएंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि डिप्टी सीएम पांच सितंबर को सोनीपत जिले के गांव आंवली, जागसी और कथूरा में ग्रामीणों से रूबरू होंगे और उन्हें संबोधित करेंगे।

# योगी ने अल्पसंख्यक कल्याण एवं वफ्क विभाग तथा प्राविधिक शिक्षा विभाग के नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे

**इन नवचयनित 240 कनिष्ठ सहायकों व कम्प्यूटर ऑपरेटर्स में प्रदेश भर के हर तबके के युवा शामिल: नवचयनित युवा आगामी 25 वर्षों की कार्ययोजना के साथ जुड़ रहे, युवाओं को देश के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का अवसर प्राप्त हो रहा**

**दर्पण न्यूज सर्विस**

लखनऊ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विगत 06 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ने प्रत्येक क्षेत्र में नई ऊंचाइयां प्राप्त की हैं। आज उत्तर प्रदेश नये परसेप्शन के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रदेश के बारे में लोगों की धारणाएं बदली हैं। प्रदेश सरकार ने सुरक्षा, ईंज ऑफ डूइंग बिजनेस, ईंज ऑफ लिविंग का एक मॉडल दिया है। प्रधानमंत्री ने जिन मुद्दों को विजन के रूप में आगे बढ़ाया है, उत्तर प्रदेश उन योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने वाला राज्य है।

मुख्यमंत्री आज यहां लोक भवन में अल्पसंख्यक कल्याण एवं वफ़्क विभाग तथा प्राविधिक शिक्षा विभाग के कुल 240 नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण हेतु आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर 10 नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। नवचयनित अभ्यर्थियों ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था में कनिष्ठ सहायक व कम्प्यूटर ऑपरेटर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। 240 नवचयनित अभ्यर्थियों में अनुसूचित जन जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति, महिला अभ्यर्थी, भूतपूर्व सैनिक सफल हुए हैं। प्रदेश भर के हर तबके के युवा इस प्रतियोगी परीक्षा में सफल हुए हैं। अभी कुछ दिन पूर्व उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने रिकॉर्ड 06 माह में उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा सिविल जज (जू0डि0) परीक्षा-2022 का परिणाम घोषित किया, जिसमें प्रदेश के 60 जनपदों के अभ्यर्थियां का चयन हुआ।

मुख्यमंत्री ने नवचयनित अभ्यर्थियों व उनके अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी युवाओं के लिए यह सौभाग्य की बात है कि, आजादी के अमृतकाल के प्रथम वर्ष में सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र प्राप्त हो रहा है। क्योंकि आप सभी आगामी 25 वर्षों की कार्ययोजना के साथ जुड़ रहे हैं।देश के विकास में आप सभी नवचयनित युवाओं को अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का अवसर प्राप्त हो रहा है। ईंज ऑफ डूइंग बिजनेस व ईंज ऑफ लिविंग को आगे



बढ़ाने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है। अब ज्यादातर ऑफिस ई-ऑफिस में बदल रहे हैं। प्रदेश सरकार ने यह व्यवस्था की है कि कोई फाइल 03 दिन से ज्यादा किसी अधिकारी/कर्मचारी के पास न रुके। हर स्तर पर जवाबदेही तय की जा रही है। जीरो पेंडेंसी की ओर बढ़ें। शीघ्रता के साथ निर्णय लिये जाएं। शंकाओं का समाधान शीघ्र किया जाए। कार्य को लम्बित रखने का कार्य भ्रष्टाचार की कड़ी को जोड़ता है। बिना भेदभाव के सकारात्मकता के साथ कार्य स्थल पर कार्य करें। आज की आवश्यकता के अनुरूप रिफॉर्म करने के साथ ही, इस प्रकार कार्य करें कि फाइल कहीं अटकें नहीं। पहले फाइल लगभग 54 टेबल्स से होकर गुजरती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से आपको एक मंच उपलब्ध कराया है।

आजादी के शताब्दी वर्ष तक हम एक खुशहाल, समृद्ध, व सुरक्षित भारत चाहते हैं, जिसे दुनिया फॉलो करे। हम सभी के लिए व्यक्ति, जाति, मत, मजहब से पहले अपना देश होना चाहिए। नेशन फर्स्ट के भाव के साथ जब हर व्यक्ति कार्य करेगा, तो उसके सुपरिणाम हम सभी के सामने होंगे। सभी नवचयनित अभ्यर्थियों को ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए व्यवस्था को आगे बढ़ाने में मदद करनी होगी। डबल इंजन की सरकार की निगाह में जाति, सम्प्रदाय, अल्पसंख्यक व बहुसंख्यक का कोई भेद नहीं है। सरकार की निगाह तो एक है, वह है ह्यसबका साथ, सबका विकासह्व। इस अभियान के आप सभी युवा हिस्सा बनने जा रहे हैं।

कार्यक्रम को अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री धर्मपाल सिंह, अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री श्री दानिश आजाद अंसारी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव अल्पसंख्यक कल्याण एवं वफ़्क श्रीमती मोनिका एस0 गर्ग, अपर मुख्य सचिव कार्मिक डॉ0 देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा श्री एम0 देवराज सहित शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# हम 'जुमलेबाज' नहीं हैं, हम जो गारंटी देते हैं उसे पूरा करते हैं: भगवंत मान

## जयपुर में एक मेगा इवेंट में केजरीवाल और मान ने राजस्थान की जनता को दी 'केजरीवाल की गारंटी'

- इस कार्यक्रम तक पहुंचने के लिए आज आपने जो एक कदम उठाया, उसका मतलब है राजस्थान में क्रांति की ओर आपका एक कदम: भगवंत मान
- हमने दिल्ली और पंजाब में ये सभी काम किए हैं, पंजाब में सिर्फ एक साल में सभी बड़ी चुनावी गारंटियां पूरी की: मान
- हमने दिल्ली में लाखों नौकरियां दीं, पंजाब में 30,000 से ज्यादा सरकारी नौकरियां दीं और 28,000 कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया, राजस्थान के युवाओं को भी रोजगार देंगे: मान
- मान ने युवाओं से की अपील, कहा - केवल आम आदमी पार्टी ही आम लोगों और युवाओं को राजनीति में अवसर देती है
- हम एकमात्र राजनीतिक दल हैं जो स्कूल, अस्पताल, रोजगार और विकास की बात करते हैं: अरविंद केजरीवाल
- हम काम की राजनीति करते हैं, दिल्ली और पंजाब की जनता से पूछें और हमें एक मौका दें: केजरीवाल




दर्पण न्यूज सर्विस

जयपुर/चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान जयपुर पहुंचे जहां उन्होंने राजस्थान के लोगों को 'केजरीवाल की गारंटी' दी। इस अवसर पर एक विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए भगवंत मान ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने भारतीय राजनीति को एक नई दिशा दी। मान ने कहा कि इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए आज आपका हर कदम राजस्थान और उसके लोगों के लिए क्रांति और बेहतर भविष्य की दिशा में बढ़ाया कदम है। उन्होंने कहा कि हम दिल्ली और पंजाब में पहले ही ये गारंटी पूरी कर चुके हैं। पंजाब में आप की सरकार एक साल पांच महीने पहले ही बनी है, लेकिन हमने वहां सभी प्रमुख चुनावी गारंटी पूरी की हैं। उन्होंने कहा कि हम 'जुमलेबाज' नहीं हैं। हम चुनाव के समय लॉलीपॉप नहीं देते। जो वादा करते हैं उसे पूरा करते हैं क्योंकि हम वही कहते हैं जो हम कर सकते हैं। अन्य पार्टियों के विपरीत हम जो वादा करते हैं उससे ज्यादा काम करते हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार की गारंटी की बात करते हुए मान ने कहा कि आज दिल्ली में सरकारी स्कूल निजी स्कूलों से बेहतर हैं और उनके नतीजे भी बेहतर हैं। हमने दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिक खोले और पंजाब में सिर्फ एक साल में 650 मोहल्ला क्लीनिक खोले जहां 40 लाख से ज्यादा लोगों को मुफ्त इलाज, जांच और दवाएं मिलीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार ने 10-12 लाख युवाओं के लिए नौकरियां पैदा की। पंजाब में हमने 30,000 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दीं और 28,000 कच्चे कर्मचारियों को नियमित किया। अगले कुछ दिनों में हम करीब 700 पटवारियों और 560 सब इंस्पेक्टरों को नौकरी दे रहे हैं। हाल ही में 12,710 शिक्षकों की सेवाएं भी नियमित की गईं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद यहां भी युवाओं को रोजगार देना हमारी प्राथमिकता होगी। मुफ्त और 24 घंटे बिजली की गारंटी पर मान ने कहा कि पंजाब में 90% से अधिक घरों में शून्य बिजली बिल आता है और हमने इस गर्मी में धान की बुआई के दौरान बिजली की उच्च मांग को बिना किसी व्यवधान के पूरा किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की आप सरकार ने भी ऐसा ही किया है। राजस्थान में भी सरकार बनने पर लोगों को हर महीने 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। भ्रष्टाचार मुक्त राजस्थान के बारे में मान ने कहा कि हमारे देश में भ्रष्टाचार एक बड़ी समस्या है। हमने पंजाब में अधिकारियों और राजनेताओं सहित 400 भ्रष्ट लोगों को गिरफ्तार किया है और भ्रष्टाचार को पूरी तरह से रोक दिया है। हमने पंजाब में एक व्हाट्सएप नंबर लॉन्च किया ताकि आम लोग आसानी से भ्रष्टाचार की रिपोर्ट कर सकें और हम तेजी से कार्रवाई कर सकें। मान ने कहा कि यह आम आदमी और युवाओं का समय है। अन्य पार्टियां सिर्फ यह कहती हैं कि युवाओं को सक्रिय राजनीति में भाग लेना चाहिए, लेकिन सिर्फ आम आदमी पार्टी ही युवाओं को मौका देती है। पंजाब में हमारे कई युवा विधायक हैं जिन्होंने बड़े-बड़े राजनीतिक नेताओं को हराया है। उन्होंने कहा कि केवल आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब में शहीदों के परिवारों को एक करोड़ की सम्मान राशि दी। हम इसे राजस्थान में भी लागू करेंगे। मान ने कहा कि जब हम मुफ्त बिजली, शिक्षा और इलाज जैसी गारंटी देते हैं तो साहब (नरेंद्र मोदी) कहते हैं कि यह 'रेवड़ी' है लेकिन हम जानना चाहते हैं कि '15 लाख वाला पापड़' कहां है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा:

**"15 लाख लिखने में स्याही सूख जाती है,
काले धन की बात करता हूं तो कलम रुक जाती है,
हर बात ही जुमला निकली
अब तो ये भी शक है
कि चाय बननी आती है"**

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने बीएचईएल, एलआईसी, रेल, एयरपोर्ट बेच दिया और विधायक व मीडिया खरीद लिया। वहीं पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार लोगों को मुफ्त बिजली देने के लिए निजी थर्मल प्लांट खरीद रही है। भगवंत मान ने राजस्थान के लोगों से आम आदमी पार्टी को वोट देने और राज्य में एक ईमानदार सरकार चुनने का आग्रह किया। वहीं सभा को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आजादी के 76 साल बाद भी सिर्फ आम आदमी पार्टी ही स्कूल, अस्पताल, रोजगार और विकास की बात करती है। उन्होंने कहा कि हम राजनेता नहीं हैं। हम यहां अपने देश को नंबर एक बनाने के लिए काम करने आए हैं। आप सरकार काम करती है और अपनी गारंटी पूरी करती है। इसीलिए हमें दिल्ली और पंजाब में भारी बहुमत मिला है। अपनी गारंटियों की बात करते हुए उन्होंने कहा कि आप सरकार आने पर लोगों को मुफ्त और 24 घंटे बिजली मिलेगी। सरकारी स्कूलों को सुधारा जायेगा। सभी के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं निःशुल्क होंगी। दिल्ली और पंजाब की तरह यहां भी मोहल्ला क्लीनिक और अच्छे सरकारी अस्पताल बनेंगे। भारी संख्या में युवाओं को नौकरी देंगे। हमने दिल्ली में 2 लाख सरकारी नौकरियां दीं और 12 लाख प्राइवेट नौकरियां युवाओं को दीं। 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी महिलाओं को 1000 रू प्रति माह देंगे। भ्रष्टाचार मुक्त राजस्थान बनाएंगे और शहीदों के परिवार को 1 करोड़ की अनुग्रह राशि देंगे। उन्होंने एक देश एक चुनाव के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरा और कहा कि बीजेपी सरकार ने नौ साल में कुछ नहीं किया इसलिए अब उनके पास लोगों से वोट मांगने के लिए कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन से आम लोगों को कुछ नहीं मिलेगा। इसकी जगह वन नेशन वन एजुकेशन होना चाहिए ताकि हमारे देश के हर बच्चे को समान शिक्षा और समान अवसर मिल सकें।

# डॉ. एसएस आहलूवालिया ने साफ पानी और सीवरेज के 31 प्रोजेक्टों को दी मंजूरी

- जल सप्लाई और सीवरेज बोर्ड ने 103 करोड़ के प्रोजेक्टों को दी मंजूरी



दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़। आज यहाँ पंजाब जल सप्लाई और सिवरेज बोर्ड, सैक्टर 27, चंडीगढ़ के दफ़्तर में पंजाब जल सप्लाई और सिवरेज बोर्ड के चेयरमैन डॉ. एस. एस. आहलूवालिया की अध्यक्षता अधीन विभाग के अधिकारियों के साथ अहम मीटिंग हुई। इस मीटिंग की शुरूआत करते हुए पंजाब जल सप्लाई और सिवरेज बोर्ड के सीईओ और सूचना एवं लोक संपर्क विभाग पंजाब के सचिव, स. मालविन्दर सिंह जग्गी ने चेयरमैन डॉ. एस. एस आहलूवालीया के सामने पंजाब के अलग-अलग शहरों में होने वाले जल सप्लाई और सिवरेज के कामों सम्बन्धी 31 प्रोजेक्टों के लिए 103 करोड़ रुपए का प्रस्ताव पेश किया। इस प्रस्ताव को डॉ. आहलूवालिया की तरफ से बिना किसी देरी के तुरंत मंजूरी दे दी गई। पंजाब के अलग-अलग शहरों, जिनके लिए 103 करोड़ रुपए के 31 प्रोजेक्टों को मंजूरी दी गई है, उनमें अरनीवाला, फाजिल्का, तलवाड़ा, भादसों, बलाचौर, बुढ्ढलाडा, बरेटा, अमलोह, हंड़ियया, भदौड़, मंडी गोबिन्दगढ़, संगरूर, नवां शहर, सरहिन्द, धूरी, गुरदासपुर, घनौर, संगत मंडी, मोढ़ी मंडी, तलवंडी साबो, जैतो टाऊन, बटाला टाऊन, समाना, नाभा, राजपुरा शामिल हैं। इस मौके पर डॉ. एस. एस. आहलूवालिया ने कहा कि पंजाब जल सप्लाई और सिवरेज बोर्ड ने मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पिछले डेढ़ साल में पंजाब के अलग-अलग शहरों में बहुत काम किये हैं। पंजाब के कई शहरों में करोड़ों रुपए के सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांटों के काम चल रहे हैं, जिनको आने वाले कुछ महीनों में पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि 103 करोड़ रुपए से पंजाब के अलग-अलग शहरों में पीने वाले पानी के लिए नयी लाइनें, ट्यूबवैल, और सिवरेज की नयी लाइनें डाली जाएंगी।' उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान की सरकार की तरफ से भूजल को बचाने के लिए बड़े स्तर पर काम किया जा रहा है। नहरी पानी को अधिकतम प्रयोग में लाने के लिए प्रोजैक्ट तैयार किये जा रहे हैं। पंजाब के कई शहरों में नहरी पानी को पीने योग्य पानी के प्रयोग में लाने के लिए प्रोजेक्टों के काम चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में भूजल बहुत ही नीचे जा चुका है, इसको बचाने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा अहम कदम उठाए जा रहे हैं।

## हनी ट्रैप में फंसे तस्कर ने आईएसआई को भेजी थी हिमाचल के योल आर्मी एरिया की तस्वीरें

पटियाला। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के निशाने पर हिमाचल प्रदेश में पालमपुर के नजदीक योल आर्मी एरिया था। मोटा पैसा बनाने के चक्कर में पटियाला के हरिंदर नगर का रहने वाला नशा तस्कर अमरीक सिंह आईएसआई के हनी ट्रैप में फंस गया और फिर उनके इशारे पर योल आर्मी एरिया के नक्शों समेत यहां की तस्वीरें व उपलब्ध बुनियादी ढांचे संबंधी खुफिया जानकारियां लीक कर रहा था। इस काम के लिए नशा तस्कर ने एक विदेशी सिम का इस्तेमाल किया। जिसके जरिये वह आईएसआई एजेंट शेर खान के साथ मोबाइल फोन पर संपर्क में था। अकसर इस मोबाइल पर वाइस रिकार्डिंग भेजने के अलावा फौज की जानकारियां भी देता था। बदले में आईएसआई की ओर से उसे हेरोइन व असलाह मुहैया कराया जाता था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक हेरोइन व असलाह को नशा तस्कर की ओर से महंगे दामों में आगे बेचकर अच्छा-खासा पैसा बनाया जा रहा था।

## अध्यापक दिवस के मौके पर सम्मानित किये जाने वाले 80 अध्यापकों की सूची को शिक्षा मंत्री द्वारा मंजूरी

- स्कूल शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस द्वारा अध्यापक राज्य पुरस्कार/ यंग टीचर/ प्रबंधकी एवार्ड/ विशेष सम्मान 2023 के लिए चुने गए अध्यापकों को बधाई



दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़। पंजाब सरकार द्वारा अध्यापक दिवस 2023 के अवसर पर सम्मानित किये जाने वाले चार श्रेणियों में सम्मानित किये वाले 80 अध्यापकों की सूची को आज स्कूल शिक्षा मंत्री स हरजोत सिंह बैंस द्वारा मंजूरी दे दी गई। स्कूल शिक्षा मंत्री द्वारा मंजूर की गई सूची अनुसार अध्यापक राज्य पुरुस्कार 54 अध्यापकों को दिया जायेगा जबकि यंग टीचर अवार्ड 11 अध्यापकों को दिया जायेगा। इसके इलावा 10 अध्यापकों को प्रबंधकी अवार्ड और 5 अध्यापकों विशेष सम्मान भी दिया जायेगा। पंजाब राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने राष्ट्रीय अध्यापक दिवस के अवसर पर राज्य सरकार की तरफ से सम्मान के लिए चुने गए सभी अध्यापकों को बधाई दी और उम्मीद जतायी कि सम्मान प्राप्त करने वाले अध्यापक अन्य अध्यापकों के लिए मार्गदर्शक बनेंगे। स. बैंस ने बताया कि पंजाब सरकार की तरफ से अध्यापक दिवस सम्बन्धी राज्य स्तरीय समागम मोगा में करवाया जा रहा है। इस समागम में मुख्यमंत्री पंजाब स. भगवंत सिंह मान मुख्य मेहमान के तौर पर शिरकत करेंगे।

# सीएम के निर्देशों पर लोगों की सुरक्षा यकीनी बनाने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं: अनुराग वर्मा

- मुख्य सचिव द्वारा सड़क नियमों की सख्ती से पालना के निर्देश



दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़। सड़क यातायात के दौरान राज्य निवासियों की जान की सुरक्षा को सबसे अधिक प्रमुखता देते हुये पंजाब के मुख्य सचिव श्री अनुराग वर्मा ने सड़क नियमों की सख्ती से पालना और इनको लागू करने के लिए आधुनिक यंत्रों के प्रयोग पर जोर दिया है। मुख्य सचिव श्री वर्मा ने आज यहाँ पंजाब सिवल सचिवालय में सड़क सुरक्षा पर बनी सुप्रीम कोर्ट की कमेटी की समीक्षा मीटिंग करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान द्वारा इस सम्बन्धित स्पष्ट हिदायतें हैं कि राज्य के लोगों की जान की सुरक्षा सबसे प्रमुख प्राथमिकता है और इसलिए सड़क नियमों की सख्ती से पालना सबसे जरूरी है। उन्होंने आज परिवहन और गृह विभाग के अधिकारियों को जमीनी स्तर पर नियमों की पालना के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले आधुनिक यंत्रों की तुरंत खरीद करने के लिए भी कहा। मुख्य सचिव ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने, ओवर स्पीड, रेड लाइट का उल्लंघन, वाहन चलाते हुए मोबाइल का प्रयोग, बिना हेलमट और सीट बेल्ट से वाहन चलाना आदि उल्लंघनाएँ जिनका सीधा मानव जीवन से सम्बन्ध है, पर पूर्ण सख्ती से चैकिंग की जाये और इनके उल्लंघन के दोषियों को कानून मुताबिक सख़्त सजाएं दीं जाएँ। वाहन जब्त करने और ड्राइविंग लायसेंस रद्द करने से भी गुरेज न किया जाये। मुख्य सचिव ने कहा कि सड़क नियमों की पालना के लिए जुमार्ने और सजाओं से भाईचारक सेवाओं को भी बढ़ावा दिया जा रहा है जिसके अंतर्गत उल्लंघन करने वालों से खूनदान, पौधे लगाने, स्कूली बच्चों को पढ़ाने की सेवाएं भी ली जा रही हैं। श्री वर्मा ने आगे कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों की सख्ती से चैकिंग यकीनी बनाने के लिए 800 एल्लकोमीटर की खरीद की जा रही है। इस सम्बन्धी पुलिस विभाग को तीन महीनों के अंदर यह प्रक्रिया मुकम्मल करने के लिए कहा है।

# अनुराग ठाकुर ने जालंधर और फगवाड़ा में 'मेरा देश मेरी माटी' कार्यक्रम में भाग लिया, लोगों से प्रत्येक घर से 'मिट्टी' देने का अनुरोध किया

- 30 करोड़ घरों और 6.5 लाख गांवों से एकत्र की गई मिट्टी का उपयोग इंडिया गेट पर अमृत उद्यान विकसित करने के लिए किया जाएगा, आजादी का अमृत महोत्सव स्मारक भी बनाया जाएगा: अनुराग ठाकुर



दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा मामले एवं खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर आज फगवाड़ा और जालंधर में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए पंजाब में थे। कार्यक्रम के दौरान श्री ठाकुर ने सभी नागरिकों से मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के गुमनाम नायकों और सैनिकों को याद करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ३मोदी जी ने हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के साथ-साथ हमारी सीमाओं की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को याद करने के लिए यह राष्ट्रीय अभियान शुरू किया है। श्री ठाकुर ने देशवासियों को अपनी मिट्टी से जोड़ने का श्रेय किसानों और सुरक्षा बलों को देते हुए कहा, 'हमारे किसान फसल पैदा करके 140 करोड़ भारतीयों की भोजन संबंधी जरूरतों को पूरा करते हैं। हमारे सैनिक हमारी धरती और मातृभूमि की रक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ते। वे देश के लिए सर्वोच्च बलिदान भी देते हैं। इसलिए उन्हें याद रखना हमारा कर्तव्य है ‖ केंद्रीय मंत्री के साथ वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री श्री सोम प्रकाश भी थे। वह श्री सोम प्रकाश के साथ गांवों में घर-घर गए और अमृत कलश में मिट्टी एकत्र की, जिसका उपयोग नई दिल्ली में इंडिया गेट के पास कर्तव्य पथ पर आजादी का अमृत महोत्सव स्मारक और अमृत वाटिका विकसित करने के लिए किया जाएगा। श्री ठाकुर ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश आजादी का अमृत महोत्सव अभियान का समापन कार्यक्रम है जो 2021 में शुरू किया गया था। यह आजादी के 75 साल और अपने लोगों, संस्कृति के गौरवशाली इतिहास का जश्न मनाने और स्मरण करने के लिए भारत सरकार की एक पहल है। कार्यक्रमों के दौरान श्री ठाकुर ने यह भी बताया कि वर्तमान केंद्र सरकार एक मजबूत और सुरक्षित राष्ट्र के निर्माण के लिए कैसे काम कर रही है और ग्रामीणों को प्रधान मंत्री की पंच प्राण प्रतिज्ञा दिलाई। बाद में, श्री ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में जालंधर के लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में एक अंतर-विश्वविद्यालय 'न्यू इंडिया डिबेट्स' में भाग लिया, जहां बहस 'यही समय है, सही समय है' के विषय पर केंद्रित थी, जो माननीय का आह्वान था। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह है कि वे युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के चांसलर श्री अशोक कुमार मित्तल भी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के कार्यक्रम पर श्री ठाकुर ने कहा, 'एलपीयू विश्वविद्यालय में आयोजित न्यू इंडिया डिबेट्स में अद्भुत समय बिताया। मैं हमारे युवाओं से बहुत प्रभावित हुआ, जिन्होंने फिर दिखाया कि वे कितने पढ़े-लिखे और जानकार हैं और देश और दुनिया के विकास के बारे में कितना जानते हैं। ऐसे प्रतिभाशाली छात्रों के साथ रहना विशेष था, जो न केवल हमारा भविष्य हैं बल्कि हमारा वर्तमान भी हैं। मैंने उनसे बातचीत की और माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में पिछले 9 वर्षों में भारत के परिवर्तन के बारे में विस्तार से बात की। चाहे वह अर्थव्यवस्था का औपचारिककरण हो, खअट त्रिमूर्ति, कल्याण कार्यक्रम, लोगों को गरीबी से बाहर निकालना, विनिर्माण को दिया गया प्रोत्साहन, वैश्विक स्तर पर हमारी स्थिति, या खेल और विज्ञान में हमारी बढ़ती शक्ति।

**नशों के विरुद्ध निर्णायक जंग के 14 महीने**

**एक हफ्ते में 28.88-किलो हेरोइन, 3.17-किलो अफीम, 6 किलो भुक्की, 10.12 लाख रुपए की ड्रग मनी सहित 333 काबू**

# पंजाब पुलिस ने 2778 बड़ी मछलियों सहित 19093 नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

- अकेले अगस्त महीने में लगभग 240 किलो हेरोइन की बरामदगी
- पुलिस टीमों ने 5 जुलाई, 2022 से अब तक 13.96 करोड़ की ड्रग मनी, 872-किलो अफीम, 446 क्विंटल भुक्की और 90.59 लाख गोलियां/ कैपसूल/ टीके/ शीशियां की बरामद
- मुख्यमंत्री भगवंत मान के निर्देशों पर राज्य में से नशों का सफाया करने के लिए तीन-आयामी रणनीति लागू
- एनडीपीऐस एक्ट के मामलों में भगौड़ों की गिरफ़्तारी सम्बन्धी मुहिम में गिरफ़्तारियों की संख्या 1062 तक पहुंची



दर्पण न्यूज सर्विस

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा नशों की बुराई को जड़ से उखाड़ने के लिए शुरू की नशों के विरुद्ध निर्णायक जंग को 14 महीने पूरे होने के साथ-साथ पंजाब पुलिस ने 5 जुलाई, 2022 से अब तक 2778 बड़ी मछलियों सहित 19093 नशा तस्करों को गिरफ़्तार किया है। पुलिस ने कुल 14179 ऐफआईआरज दर्ज की हैं जिनमें से 1717 व्यापारिक मात्रा से सम्बन्धित हैं। इंस्पेक्टर जनरल आफ पुलिस (आईजीपी) हैडक्वाटर सुखचैन सिंह गिल, जो सोमवार को यहाँ एक प्रैस कान्फ्रेंस को संबोधन कर रहे थे, ने बताया कि पुलिस टीमों ने राज्य भर के नशा प्रभावित इलाकों में घेराबन्दी और तलाशी मुहिम चला कर और राज्य भर में संवेदनशील रूटों पर नाके लगा कर 1400.77 किलो हेरोइन बरामद की। पंजाब पुलिस की टीमों से तरफ से गुजरात और महाराष्ट्र के समुद्री बंदरगाहों से 147.5 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई, जिससे केवल 14 महीनों में हेरोइन की कुल प्रभावी रिकवरी 1548.27 किलो तक पहुँच गई है। उन्होंने आगे कहा, 'पुलिस टीमों ने अकेले अगस्त महीने में राज्य भर में से लगभग 240 किलो हेरोइन बरामद की है।' आईजीपी ने बताया कि हेरोइन की बड़ी खेप बरामद करने के इलावा, पुलिस ने राज्य भर में से 871.82 किलो अफीम, 446.30 क्विंटल भुक्की और 90.59 लाख गोलियां/ कैपसूल/ टीके/ फार्मा ओपीऔडज की शीशियाँ भी बरामद की हैं। पुलिस ने पिछले 14 महीनों के दौरान पकड़े गए नशा तस्करों के कब्जे में से 13.96 करोड़ रुपए की ड्रग मनी भी बरामद की है। आईजीपी सुखचैन सिंह गिल ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिशा निर्देशों अनुसार राज्य में से नशों का पूरी तरह सफाया करने के लिए डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस (डी. जी. पी.) पंजाब गौरव यादव के नेतृत्व में पंजाब पुलिस ने तीन-आयामी रणनीति लागू की है, जिसमें पुलिस की शमूलियत, जन संपर्क प्रोग्राम और नशों की माँग घटाने, जैसे तीन अहम पहलू शामिल हैं। उन्होंने बताया कि रणनीति लागू करने के हिस्से के अंतर्गत, सीपीज/ ऐसऐसपीज को मुहल्लों और गाँवों में नशों की सप्लाई को रोकने के लिए गली-मुहल्लों और सप्लायरों के विरुद्ध बड़े स्तर पर आल- आउट आपरेशन शुरू करने के लिए कहा गया है। इस रणनीति के हिस्से के तौर पर, कुछ ग्राम हेरोइन या नशीले पाउडर के साथ पकड़े गए व्यक्तियों को पीड़ित माना जायेगा और उसको ऐनडीपीऐस एक्ट की धारा 64 ए के अंतर्गत गिरफ़्तारी से छूट देते हुये इलाज और पुनर्वास का विकल्प दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि फार्मास्यूटीकल दवाओं की तरफ विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जन संपर्क प्रोग्राम के बारे जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि नशों के विरुद्ध जिला स्तरीय या पुलिस स्टेशन स्तर पर विशेष योजना होगी, जिसके अंतर्गत पुलिस टीमें सभी गाँवों और मुहल्लों में मीटिंगें करके लोगों को नशों के दुष्प्रभावों के बारे जागरूक करेंगी। उन्होंने बताया कि रैली, वर्कशॉप, सैमीनार, दौड़, साइकिल रैलियाँ आदि सहित जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के लिए स्कूली बच्चों, कालेज के विद्यार्थियों और गैर सरकारी संगठनों को शामिल किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नशों की माँग को घटाने के लिए पुलिस की तरफ से जिला प्रशासन, सेहत विभाग, शिक्षा विभाग और खेल विभाग को शामिल किया जायेगा जिससे नशों का सेवन करने वालों की पहचान की जा सके और उनकी ऊर्जा को सही दिशा की तरफ मोड़ कर उनका पुनर्वास किया जा सके। साप्ताहिक अपडेट देते हुए, आईजीपी ने बताया कि पिछले हफ्ते पुलिस ने 242 ऐफआईआरज, जिनमें 27 व्यापारिक मामलों से सम्बन्धित हैं, दर्ज करके 333 नशा तस्करों/ सप्लायरों को गिरफ़्तार किया और उनके पास से 28.88-किलो हेरोइन, 3.17-किलो अफीम, 6.36 क्विंटल भुक्की, 1.21 लाख गोलियां/ कैपसूल/ टीके/ फार्मा ओपीऔडज की शीशियों के इलावा 10.12 लाख रुपए की ड्रग मनी बरामद की। जिक्रयोग्य है कि पिछले हफ्ते ऐनडीपीऐस मामलों में 11 और पीओज/ भगौड़ों की गिरफ़्तारी से 5 जुलाई, 2022 से पीओज/ भगौड़ों को गिरफ़्तार करने के लिए चलाई विशेष मुहिम के अंतर्गत गिरफ़्तारियों की कुल संख्या अब 1062 तक पहुँच गई है।

## चार दिन रद्द रहेंगी 207 यात्री ट्रेनें

लुधियाना। उत्तर रेलवे ने जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान नई दिल्ली स्टेशन पर भीड़ को कम करने और सुरक्षा एजेंसियों की योजना के अनुसार सड़क यातायात व सुरक्षा व्यवस्था को दुरूस्त बनाए रखने के लिए अप और डाउन की 207 यात्री ट्रेनों को अस्थाई तौर पर रद्द किया गया है। इन ट्रेनों में पंजाब, हरियाणा, जम्मू, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल सहित विभिन्न राज्यों को आने-जाने वाली कई प्रमुख ट्रेनें शामिल हैं।

दैनिक सिटी दर्पण
आईना सच का
न्वोन्मेषक: स्व. कृष्णा
स्व. गीता
संस्थापक: सतपॉल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक भुपेंद्र शर्मा द्वारा इंप्रेशन्ज प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड प्रेस, प्लॉट न. 22, ग्राउंड फ्लोर, फेस-2, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला-134113 (हरियाणा) पर मुद्रित एंव 801/1 सेक्टर-40ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित
सभी विवादों का केंद्र न्यायालय चंडीगढ़ होगा।
स्थानीय कार्यालय
801/1, सेक्टर-40ए, चंडीगढ़।
संपर्क: 7888450261
Email: citydarpan1@gmail.com

# सूर्यकुंड तीर्थ ज्योति नगर को विकसित करने के लिए स्वीकृत किया 1 करोड़ 25 लाख का बजट: सुधा



दर्पण न्यूज सर्विस

कुरुक्षेत्र। विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि राज्य सरकार की तरफ से ज्योति नगर सूर्यकुंड तीर्थ को दर्शनीय स्थल बनाने की परियोजना को अमलीजामा पहनाने का काम किया है। इस तीर्थ को विकसित करने के लिए सरकार की तरफ से प्रथम चरण में 2 करोड़ रुपए की राशि का बजट जारी किया गया था, अब सरकार ने दूसरे चरण में तीर्थ के विकास कार्यों को पूरा करने के लिए 1 करोड़ 25 लाख रुपए का अतिरिक्त बजट जारी किया है।

विधायक सुभाष सुधा सोमवार को सेक्टर-7 आवास कार्यालय पर लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा ने सैंकड़ों लोगों की विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं को सुना और अधिकारियों को दूरभाष पर इन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष कुरुक्षेत्र में सबसे पहले ज्योति नगर में सूर्य कुंड तीर्थ का जीर्णोद्धार करने का प्रस्ताव रखा था। इस प्रस्ताव के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने स्वयं तीर्थ स्थल का अवलोकन किया था और उसके बाद पर्यटन विभाग व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के अधिकारियों को तीर्थ का जीर्णोद्धार करने की योजना बनाने के आदेश दिए थे। इन आदेशों के बाद सरकार द्वारा सूर्यकुंड तीर्थ के विकास पर फेस-1 में 2 करोड़ रुपए का बजट जारी किया गया था। इस बजट से सूर्य कुंड परिसर में मिट्टी की भरत, पार्क, फुटपाथ, लाइटिंग, शौचालय व दुकानों का निर्माण आदि कार्य किए गए है।

उन्होंने कहा कि ज्योति नगर सूर्य कुंड तीर्थ पर अभी भी विकास कार्य लंबित है। इन विकास कार्यों को पूरा करने के लिए पर्यटन विभाग की तरफ से एक नया प्रस्ताव बनाकर सरकार के पास भेजा गया। इसके लिए उन्होंने स्वयं मुख्यमंत्री मनोहर लाल से बातचीत की। इस बातचीत के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने फेस-2 में लगभग 1 करोड़ 25 लाख रुपए की बजट की स्वीकृति प्रदान की है, जिससे सूर्य कुंड की चारदीवारी, गजीबो, लैंड स्केपिंग, सौंदर्यीकरण करने के साथ-साथ अन्य निर्माण कार्य किए जाएंगे। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा थानेसर हल्का के विकास को लेकर लगातार पर्याप्त मात्रा में बजट उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस हल्का में चहुमुँखी विकास कार्य करवाए जा रहे है। इस हल्का में हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी नीतियां लागू की गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से ही उनका ड्रीम प्रोजेक्ट एलिवेटेड रेल ट्रैक दिसंबर माह तक पूरा होने जा रहा है। इस प्रोजेक्ट पर केंद्र व राज्य सरकार की तरफ से लगभग 225 करोड़ रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। इस हल्के को एजुकेशन हब के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। इस हल्का में देश का पहला आयुष विश्वविद्यालय फतुपुर में बनने जा रहा है। इसी विश्वविद्यालय के साथ ही राजकीय महिला कॉलेज खोला गया है और नर्सिंग कॉलेज भी जल्द शुरू होने जा रहा है। अब बरसात का सीजन जा चुका है और जितनी भी सडके बरसात के कारण खराब हो चुकी है, उनकी मुरम्मत का कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा।

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने वाहन चालकों को सड़क नियमों के बारे में किया जागरूक



सुशील कुमार

लाडवा। इन्दिरा गाँधी नेशनल कॉलेज, लाडवा में साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने लाडवा से मुस्तफाबाद मार्ग पर चल रहे वाहन चालकों को सड़क पर चलने के नियमों व अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट व सीट बैल्ट आदि के प्रयोग के विषय में जागरूक किया। कार्यक्रम की शुरूआत में प्राचार्य डॉ. कुशल पाल ने सभी स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जैसा कि आज हम देख रहे है कि सड़कों पर वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जिससे सड़क दुर्घनाओं की संख्या में भी उसी प्रकार बढ़ोतरी हो रही है। इसलिए यह हम सबकी नैतिक जिम्मेवारी बनती है कि सड़क पर वाहन चलाते समय हम स्वयं भी नियमों का पालन करें तथा अपने आस-पास के लोगों को भी इन नियमों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने आगे कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है और यह युवाशक्ति देश को निरंतर प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ा रही है। लेकिन जब यहीं युवाशक्ति छोटी-छोटी गलतियों की वजह से सड़क पर अनेक दुर्घटनाओं में अपनी जान गवां देते है तो यह केवल उस परिवार की ही नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र की एक बहुत बड़ी हानि होती है। इसलिए उन्होंने एन.एस.एस. के सभी स्वयंसेवकों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि आपका यह छोटा सा प्रयास अनेक लोगों की जान बचायेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र कुमार ने भी स्वयंसेवकों को बताया कि हमारे देश में इतने सैनिक सीमाओं पर अपने प्राण नहीं गंवातें जितने लोग देश में प्रतिदिन सड़कों पर दुर्घटनाग्रस्त होकर अपनी जान गंवा देते है। डॉ. सुमन सिवाच ने भी विद्यार्थियों के साथ खड़े होकर लोगों को यातायात के नियमों के विषय में जागरूक किया। इस कार्यक्रम में 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# रत्नगढ़ गांव में ई-लाइब्रेरी के लिए जल्द से जल्द जगह निर्धारित करें अधिकारी: डीसी




प्रवीण कौशिक

करनाल। डीसी अनीश यादव ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिलाभर में बनाई जा रही ई-लाइब्रेरी को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान पंचायत विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। डीसी अनीश यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रत्नगढ़ गांव में जल्द से जल्द ई-लाइब्रेरी के लिए जगह निर्धारित की जाए और आगे की कार्यवाही अमल में लाई जाए।

बैठक के दौरान पंचायत विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि जिला में 117 जगह ई-लाइब्ररी बनाने का कार्य चल रहा है। इनमें से कुछ जगहों पर निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और ई-लाइब्रेरी शुरू भी हो गई है। इसमें मुख्यमंत्री मनोहर लाल की करनाल विधानसभा के गांव काछवा, पूंडरक, जरीफाबाद, कलामपुरा भी शामिल हैं। पंचायत विभाग के एक्सईएन परमिंदर ने जानकारी दी कि पूरे जिला में ई-लाइब्रेरी के निर्माण का कार्य तेजी से जारी है। विभाग कोशिश कर रहा है कि जल्द से जल्द गुणवत्तापरक निर्माण कार्य पूरा किया जाए। डीसी अनीश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच है कि प्रदेश के गांव-गांव में ई-लाइब्रेरी स्थापित की जाए। इसी को ध्यान में रखते हुए करनाल जिला में लगातार ई-लाइब्रेरी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ई-लाइब्रेरी युवाओं के लिए बेहद लाभदायक है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने युवाओं को ध्यान में रखकर अनेकों योजनाएं चला रखी हैं, जो तेजी से क्रियान्वित की जा रही है। इस बैठक के दौरान सीटीएम अमन कुमार, बीडीपीओ व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# संवेदनशील बनें ट्रांसजेंडर्स के प्रति: दर्शन सिंह

## आठ जिलों के ट्रांसजेंडर्स से जाने विचार, किसी ने हॉरिजेंटल व किसी ने वर्टिकल आरक्षण मांगा




दर्पण न्यूज सर्विस

करनाल। ट्रांसजेंडर्स के शैक्षिक व सामाजिक स्तर को ऊंचा उठाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के मकसद आज यहां पंचायत भवन में एक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरमैन एवं पंजाब व हरियाण हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश दर्शन सिंह ने की। इसमें आठ जिलों से पहुंचे ट्रांसजेंडर्स के विचार जाने गये। बैठक का आयोजन सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण व अंत्योदय विभाग की ओर से किया गया। बैठक के बाद आयोग के चेयरमैन ने बताया कि समाज में ट्रांसजेंडर्स काफी उपेक्षित हैं। उनके शैक्षिक व सामाजिक स्तर को ऊंचा उठाने के उद्देश्य से सरकार ने आयोग से रिपोर्ट मांगी है। आज यहां करनाल, सोनीपत, पानीपत, कुरूक्षेत्र, कैथल, यमुनानगर, रोहतक और अंबाला जिला से पहुंचे ट्रांसजेंडर्स के विचार जाने गये। बाकी जिलों से भी आयोग वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये ट्रांसजेंडर्स के विचार जानेगा और दो-तीन सप्ताह के भीतर सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। सरकार चाहती है कि ट्रांसजेंडर्स समाज की मुख्यधारा से जुड़ें और अच्छी शिक्षा ग्रहण करें।

उन्होंने बताया कि बैठक में कुछ ट्रांसजेंडर्स से पुलिस द्वारा किये जाने वाले दुर्व्यवहार की शिकायत की। साथ ही रोजगार और शिक्षा में पूरा हक न मिलने की बात कही। कुछ ट्रांसजेंडर्स ने होरिजेंटल और कुछ ने वर्टिकल रिजर्वेशन की मांग रखी। उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडर्स के साथ न केवल पुलिस बल्कि अधिकारियों और नागरिकों को भी सभ्य व्यवहार करना चाहिये। ट्रांसजेंडर्स को भी अच्छी शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। पैंशन के लिये सरकार ने पहले ही प्रावधान किया हुआ है। उन्होंने बताया कि प्राप्त आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में ट्रांसजेंडर्स की संख्या 6721 है। आयोग के सदस्य एवं पूर्व उपकुलपति एसके गक्खड़ ने कहा कि समाज को ट्रांजेंडर्स के प्रति नजरिया बदलना होगा। देखने में आया है कि कई मौकों पर तो नागरिक ट्रांसजेंडर्स का आशीर्वाद लेने से नहीं चकूते लेकिन बाद में उनके साथ सद्व्यवहार नहीं करते। जन्म के बाद ट्रांसजेंडर का पता लगने पर कई मां-बाप बच्चे को छोड़ देते हैं या किन्नर समाज के लोग उसे अपने साथ ले जाते हैं। दोनों की स्थितियां ठीक नहीं। आयोग के सदस्य श्याम लाल जांगड़ा ने बताया कि आज की बैठक में उच्च शिक्षा प्राप्त ट्रांजेंडर्स ने विचार रखे। आयोग चाहता है कि ट्रांसजेंडर्स के लिये स्वर्णिम युग शुरू होना चाहिये। बैठक में रोहतक से पहुंचे कविश कौशिक ने ट्रांसजेंटको हॉरिजेंटल आरक्षण की मांग की।

एक अन्य ट्रांसजेंडर ने कहा कि समाज में किसी भी स्तर पर सुरक्षा न मिलने की बात कही। साथ ही नौकरियों और शिक्षण संस्थाओं में आरक्षण तथा आयु में छूट की मांग की। कैथल से पहुंचली मनीषा महंत ने उनके समाज को थर्ड जेंडर से रूप में अलग से आरक्षण मिलना चाहिये। बैठक में आयोग के सदस्य सचिव विवेक पदम सिंह, संयुक्त निदेशक अलका यादव, अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा, एसडीएम अनुभव मेहता, डीएसओ सत्यवान ढिलोड़, रवींद्र हुड्डा, सुरजीत, विशाल आदि ने भाग लिया।

# रोटरी क्लब, इनरव्हील क्लब व डीएवी इंटरेक्ट क्लब द्वारा चौथे अध्यापक दिवस का आयोजन



जसवंत सिंह

रादौर। शहर के डीएवी पब्लिक स्कूल में रोटरी क्लब, इनरव्हील क्लब व डीएवी इंटरेक्ट क्लब की ओर से सोमवार को चौथे अध्यापक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रादौर क्षेत्र के 41 अध्यापकों को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने पर नेशन बिल्डर अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि रणधीर चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष शहीद भगत सिंह मोर्चा ने रिबन काटकर व दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में डीएवी स्कूल के बच्चों ने शानदार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर समां बांधा। कार्यक्रम में बच्चों ने हरियाणवी, राजस्थानी, बंगाली व अंग्रेजी गीतों पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्यातिथि रणधीर चौधरी, प्रिंसिपल रमन शर्मा, रोटरी क्लब के प्रधान मंजीत सिंह पंजेटा, इनरव्हील क्लब की प्रधान नीलम बंचल आदि ने अध्यापक रेनू शांडिल्य रादौर, बलिंद्र कुमार, ललित कुमार, सुनैना गर्ग, सोनू प्रजापति, सुमन पांडे, सुषमा देवी, गुरप्रीत कौर, कमलेश रानी, अन्नु रोहिला, सुदेश कुमारी, करनैल कौर अरोड़ा, संध्या चानना, सीमा रानी, रूपाली, नरेश कुमार, अमित कांबोज, नेहा सिंगला, मीनू नागपाल, रूबी धीमान, ललिता वर्मा, विकास कुमार, वीना रानी, डॉली कांबोज, मोना जावा, डॉ. नेहा यादव, डॉ. रघुबीर शरण शर्मा, ऋतु, संजय पुरी, भूपेंद्र सिंह, हरमनदीप कौर, अखिल कांबोज काजनू, सीमा कांबोज, मोहिनी कांबोज, मोहिंद्र राणा, निशा मेहता, ईशा, रीना रानी, प्रो. नीतु कांबोज, अनिल कुमार, कृष्ण अरोड़ा आदि को प्रमाणपत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि रणधीर चौधरी ने कहा कि अध्यापक समाज का आईना होते है। जो बच्चों व देश का भविष्य बनाने का काम करते है। इस अवसर पर प्रधान मंजीत पंजेटा, प्रिंसिपल रमन शर्मा, डॉ. एससी सैनी, इनरव्हील क्लब प्रधान नीलम बंचल, नीलम कांबोज, सरिता बंचल, नीलम वर्मा, कुसुम गर्ग, आशा बंचल, कुलवंत कौर पंजेटा, चीकू रोहिला, सुनैना गर्ग, पूजा माटिया, डॉ. सतीश कांबोज, देवीदयाल अरोड़ा, मास्टर कृष्ण आर्य, निर्मल बैंडी, मलखान सिंह सढुरा, संदीप सढुरा, सुनील माटिया, भारतभूषण माटिया, मुकेश शास्त्री अलाहर, गगन कांबोज अलाहर, राजीव आर्य सन्नी, ब्रह्मप्रकाश टंडन, मास्टर गुरचरण सिंह, संदीप सैनी आदि मौजूद रहे।

# जिला बार एसोसिएशन, जगाधरी द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया



प्रदीप शर्मा

यमुनानगर। जिला बार एसोसिएशन, जगाधरी के सभागार में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में अधिवक्ता मानिक लूथरा ने अपने भाई स्व. जगमोहन लूथरा की याद में सहयोग के रूप में अल्पाहार प्रदान करवाया। इसके अलावा दांतो की जांच के कैंप का आयोजन डॉ. परमिन्द्र कौर (बी.डी.एस, एम.डी.एस) द्वारा बार रूम में किया गया। कैम्प में माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमति शालिनी सिंह नागपाल के साथ अन्य माननीय सभी जज, उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार व पुलिस अधिक्षक मोहित हांडा ने शिरकत की और उन्होंने रक्त दाताओं को बैच लगाकर उनका होसला बढ़ाया। जिला बार एसोसिएशन जगाधरी के प्रधान पवन कुमार पूनिया द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। जिला बार एसोसिएशन जगाधरी के प्रधान पवन कुमार पूनिया ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में जगाधरी न्यायलय के माननीय 2 न्यायधीशो डॉ. मोहिनी एवं निमित कुमार द्वारा भी रक्तदान किया गया व न्यायालय में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा भी रक्तदान किया गया। इस रक्त दान शिविर में सभी वकीलों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस रक्त-दान शिविर में 90 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। रक्त दान शिविर का आयोजन करने के लिए प्रधान पवन कुमार पूनिया ने अपनी पूरी कार्यकारिणी व बार के सभी सदस्यों की तरफ से मानिक लूथरा, अधिवक्ता को स्मृति चिन्ह दिया और रक्त एकत्रित करने वाली पूरी टीम का आभार प्रकट किया। जिला बार एसोसिएशन जगाधरी की एक सदस्या सुश्री कशिश अग्रवाल को उत्तर प्रदेश में न्यायधीश के पद पर चयनित होने पर स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वगात किया गया। इस अवसर पर महा-सचिव सचिन पंवार, उप-प्रधान विरेन्द्र सिंह काम्बोज, सह-सचिव परविन्द्र सिंह सुदन, कोषाध्यक्ष पंकज शर्मा, यशपाल सिंह रझहेड़ी, दिगविजय सिंह खुराना, राम कुमार रादौरी, जिले सिंह, राजीव चहल, रविन्द्र सोही, जसमेर सिंह राणा, बलविन्द्र सैनी, दिनेश चौहान (घिलौर माजरी), अरूण ढाण्डा, संजीव शर्मा, विक्रांत सांगवान, अविनाश कौशिक, अशोक बाली, आशिष सौंधी व अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# भाजपा-जजपा गठबंधन को सबक सिखाएगी प्रदेश की जनता: अशोक अरोड़ा

## पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत हथीरा के 13 पंचों ने सैकड़ो कार्यकताओं के साथ थामा कांग्रेस का दामन



सुनीता देवी

कुरुक्षेत्र। हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा ने कहा है कि हरियाणा प्रदेश की जनता भाजपा जजपा गठबंधन को सबक सिखाएगी। अब समय आ गया है कि प्रदेश की जनता हरियाणा से इस सरकार को बाहर का रास्ता दिखाने का काम करेगी और हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगी। वे अपने निवास स्थान पर गांव हथीरा के सैकड़ो लोगों को कांग्रेस में ज्वाइन करवाने के पश्चात बातचीत कर रहे थे। इस दौरान ग्राम पंचायत हथीरा के 13 पंचों ने पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा के नेतृत्व में कांग्रेस ज्वाइन की।

पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने भारतीय जनता पार्टी सरकार को घेरते हुए कहा कि इस सरकार से हर वर्ग दुखी है। चाहे कर्मचारी वर्ग हो, व्यापारी वर्ग हो, किसान वर्ग हो, दुकानदार वर्ग हो या फिर मजदूर वर्ग सभी अपने आप को ठगा सा महसूस करते हैं। जो वायदे सत्ता में आने से पूर्व इनके द्वारा किए गए थे वे पूरे तो क्या करने थे, पिछली सरकार द्वारा आम जनता को दी गई साहूलियतें भी बंद करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश में गठबंधन सरकार के कार्यकाल में प्रदेश के युवा बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। स्थिति यह है कि पूरे देश में आज बेरोजगारी में हरियाणा नंबर एक पर पहुंच गया है। युवा वर्ग 12वीं कक्षा पास करने के पश्चात कॉलेज में दाखिला लेने की बजाय विदेश में जाना पसंद कर रहे हैं। हरियाणा प्रदेश में क्राइम लगातार बढ़ता जा रहा है। अशोक अरोड़ा ने कहा कि आज प्रदेश की जनता भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व की 10 वर्ष की कांग्रेस सरकार को याद कर रही है। प्रदेश की जनता अब मन बना चुकी है कि इस सरकार को सत्ता से बाहर करने का काम करेगी और प्रदेश में भारी बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनेगी। इस मौके पर राजकुमार पिंडारसी, ओमप्रकाश हथीरा, वीरेंद्र रोहिला, ओम प्रकाश पलवल, कुलदीप ढिल्लों, चन्द्रभान वाल्मीकि, नवनीत नरवाल, सुभाष पलवल, ईश्वर तिगरी मौजूद रहे। रविवार को पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत हथीरा के पंच संदीप कुमार, पंच सुरेंद्र लाखा, पंच श्रवण, पंच राकेश, पंच राकेश प्रजापत, पंच यामीन, पंच अनिल कुमार, पंच जसबीर, पंच बलविंदर, पंच शैलेंद्र, पंच गुरजीत, पंच नरेश शर्मा, पंच सतीश के अलावा करनैल सिंह, पंडित राजाराम, जोगिंदर, कृष्ण कुमार, मेहर सिंह, पालाराम, सरदार करनैल सिंह, कर्मवीर शर्मा, लालाराम, रामनिवास, राजू वाल्मीकि, शैलेंद्र जांगड़ा, तेजेंद्र संगरोहा, राम संगरोहा, रोहित संगरोहा, महेंद्र सिंह, सोनू शर्मा, ऋषि, योगीराज, कोल धानक, पालाराम, सुरेंद्र सिंह, किशन सिंह, राजकुमार शर्मा, अंग्रेज सिंह, कलीराम, संदीप सहित अन्य ने कांग्रेस ज्वाइन की।

# स्कूल शिक्षा मंत्री ने अपने कार्यालय मे लगाया जनता दरबार



दर्पण न्यूज सर्विस

यमुनानगर। स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल के जगाधरी स्थित कार्यालय में जनता दरबार लगाया गया। जनता दरबार में प्रदेश के कई जिलों और यमुनानगर जिले के अलग-अलग जगह से लोग पहुंचे। बिजली, नगरनिगम, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी और कई अन्य समस्याओं को लोगों ने स्कूल शिक्षा मंत्री के समक्ष रखा, अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कल्याणकारी नीतियां लागू कर किसान, कमेरे और मजदूर वर्ग को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने का काम किया है। आज प्रदेश के किसान की फसल को उचित मूल्य पर खरीदा जा रहा है तथा फसलों के दाम 48 घंटे के अंदर किसानों के खाते में भेजे जा रहे हैं। प्रदेश में ऐसा कोई क्षेत्र विधानसभा नहीं है, जहां विकास कार्य नहीं हो रहे हों। सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया है, जिससे महिलाओं का सम्मान बढ़ा है और उनमें आत्मविश्वास की भावना प्रबल हुई है। आज पात्रता पूरी होने पर घर बैठे बुढ़ापा पेंशन, राशन कार्ड, पेंशन योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस मौके पर जगाधरी भाजपा मंडल अध्यक्ष विपुल गर्ग, भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष निश्चल चौधरी, जिला मीडिया प्रमुख कपिल मनीष गर्ग, आइटी सेल जगाधरी के अध्यक्ष पीयूष गोगियान, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राहुल गढ़ी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त-समाचार

## राजिंद्रा फाउंडेशन 51 अध्यापकों को करेगी सम्मानित

लाडवा। लाडवा की एक सामाजिक संस्था राजिंद्रा फाउंडेशन इंडिया की चेयरपर्सन स्नेह लता गुप्ता ने कहा कि 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में फाउंडेशन की ओर से लाडवा से संबंधित 51 प्रतिभाशाली अध्यापकों को शिवाला रामकुंडी परिसर में 5 सितम्बर को प्रातः 10:30 बजे ग्लोबल टीचर अवार्ड 2023 के अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। फाउंडेशन की चेयरपर्सन स्नेह लता गुप्ता सोमवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बोल रही थी। उन्होंने कहा कि इस समारोह में प्रतिष्ठित माननीय पूर्व जस्टिस एवं वाइस प्रेसिडेंट डी ए वी इंस्टीट्यूशंस इंडिया प्रीतम पाल जी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि यह समारोह अपने आप में एक अनोखा समारोह होगा। क्योंकि आज से पहले किसी भी और कहीं के भी प्रतिभाशाली अध्यापक को सम्मानित कर दिया जाता था परंतु इस समारोह में केवल उन्हीं प्रतिभाशाली अध्यापकों को सम्मानित किया जाएगा जो केवल लाडवा से संबंधित होंगे और चाहे वह अपनी सेवाएं कहीं भी और किसी भी राज्य में अपनी सेवाएं दे रहे होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक किसी भी संस्था का ध्यान इस ओर नहीं गया। उन्होंने कहा कि इस समारोह में स्कूली बच्चे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेंगे। समारोह की समाप्ति पर एक प्रीतिभोज का भी आयोजन किया जाएगा।

## हरियाणा में लगातार आम आदमी पार्टी का जनाधार बढ़ता जा रहा है: लक्ष्मण विनायक

यमुनानगर। इंदिरा आवास कॉलोनी में आम आदमी पार्टी का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण विनायक ने कहा कि हरियाणा में लगातार आम आदमी पार्टी का जनाधार बढ़ता जा रहा है। मौजूद रहे। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचने पर लोगों ने उनका फूलों की माला डालकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आम आदमी पार्टी नेता लक्ष्मण विनायक ने कहा कि हरियाणा में लगातार आम आदमी पार्टी का जनाधार बढ़ता जा रहा है। जिस प्रकार दिल्ली व पंजाब में आम आदमी पार्टी आम जनता के लिए कम कर रही है उसी प्रकार यदि आने वाले समय में हरियाणा में सरकार बनी तो यहां भी जनता के सभी कार्य किए जाएंगे उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का भाजपा सरकार नारा दे रही है लेकिन प्रदेश की बेटियां करीब 1 महीने से धरने पर बैठी है इसकी और सरकार ध्यान नहीं दे रही जब पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार कच्चे कर्मचारियों को पक्का कर सकती है तो यहां भी कर्मचारी पक्के क्यों नहीं हो सकते उन्होंने कहा कि सरकार नहीं चाहती की जनता के कम करें आज सड़के टूटी पड़ी है लोगों के बिजली के बिल हजार रुपए आ रहे हैं वह भर नहीं सकते और भाजपा सरकार अपना गुणगान करने में लगी हुई है उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ही आप जनता के पास विकल्प है। हरियाणा में कांग्रेस ने भी लंबे समय तक सरकार चलाई लेकिन वह भी जनता को मूलभूत सुविधाएं नहीं दे सकी। विपक्ष अपनी जिम्मेदारी से पीछे हट रहा है जिससे सब जाहिर होता है कि भाजपा व कांग्रेस एक सिक्के के दो पहलू है हरियाणा में चल रही डबल इंजन की सरकार पूरी तरह फेल है। मोके पर मनोज ओमप्रकाश राहुल दिलीप सुरजीत आदि मौजूद रहे।

## नगर निगम ने वार्ड वाइज फॉगिंग कराई शुरू

यमुनानगर। नगर निगम ने सोमवार को वार्ड वाइज फॉगिंग शुरू कर दी। मेयर मदन चौहान व निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर जोन एक में सीएसआई हरजीत सिंह की टीम ने वार्ड नंबर एक व जोन दो में सीएसआई सुनील दत्त के नेतृत्व में बनी टीम ने वार्ड 12 में फॉगिंग की। 13 अक्टूबर तक तीन चरण में हर वार्ड में फॉगिंग की जाएगी। निगम द्वारा तैयार शेड्यूल के तहत एक दिन में दो वार्डों में फॉगिंग होगी। अब तक नगर निगम डेंगू प्रभावित इलाकों में फॉगिंग कर रहा है। अब हर वार्ड की हर कॉलोनी में फॉगिंग की जाएगी। नगर निगम क्षेत्र में फॉगिंग कराने के लिए मेयर मदन चौहान व निगमायुक्त आयुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर जोन एक में सीएसआई हरजीत सिंह व जोन दो में सीएसआई सुनील दत्त के नेतृत्व में दो टीमें गठित की गई है। हर टीम को एक बड़ी व चार छोटी फॉगिंग मशीन है। जोन एक में वार्ड एक से 11 तक व जोन दो में वार्ड 12 से 22 तक के वार्ड शामिल किए गए है। अभी तक नगर निगम की ओर से स्वास्थ्य विभाग की बताई डेंगू मरीजों की लोकेशन पर ही फॉगिंग की जा रही थी। लेकिन सोमवार से निगम ने वार्ड वाइज फॉगिंग कराना शुरू किया। मेयर मदन चौहान ने कहा कि शेड्यूल बनाकर हर वार्ड की हर कॉलोनी, हर मोहल्ले व हर गली में फॉगिंग कराई जाएगी। उन्होंने दोनों सीएसआई को निर्देश दिए कि सभी वार्डों में बिना भेदभाव हर कॉलोनी व हर मोहल्ले की हर गली में फॉगिंग कराई जाएगी। ताकि मच्छर जनित बीमारियों से शहरवासियों को राहत मिले।

## रैशनल वर्ल्ड स्कूल में जन्माष्टमी मनाई गई

रादौर। शहर के रैशनल वर्ल्ड स्कूल में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर किंडरगार्टन से लेकर कक्षा दूसरी तक के सभी छात्र राधा, कृष्ण बनकर सभी का मन मोह रहे थे। इस अवसर पर विद्यालय में कृष्ण जन्मोत्सव को एक नाटक द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसमें किंडरगार्टन से लेकर कक्षा दूसरी तक के बच्चे देवकी, वासुदेव तथा श्री कृष्ण की भूमिका में नजर आए। नाटक में श्री कृष्ण के जन्म के दृश्य को बड़ी सुंदरता से प्रस्तुत किया गया। किस प्रकार भगवान श्री कृष्ण को उनके पिता वासुदेव नंद बाबा के यहां उनकी जान बचाने के लिए छोड़कर आए थे। नाटक की प्रस्तुति के बाद कक्षा दूसरी की छात्राओं ने मैया यशोदा गाने पर नृत्य की प्रस्तुति देकर सब का मन मोह लिया। विद्यालय का पूरा वातावरण श्री कृष्ण की भक्ति में डूबा दिखा। लड्डू गोपाल जी को पालने में रखकर उन्हें झूला दिया गया। मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर मिश्री और मक्खन का प्रसाद स्कूल के सभी अध्यापक एवं छात्रगणों के बीच में वितरित किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या परनीत कौर ने सभी विद्यार्थियों व अध्यापक वर्ग श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व हमारे आपसी मेलजोल तथा प्यार को दर्शाता है। इस तरह के त्यौहार विद्यालयों में मनाए जाने पर छात्रों को अपने धार्मिक त्योहारों तथा संस्कारों के बारे में भी जानकारी मिलती है।

## पर्ल इंटरनेशनल स्कूल में मनाई कृष्ण जन्माष्टमी

कुरुक्षेत्र। पर्ल इंटरनेशनल स्कूल द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल, सलपानी शाखा की प्रिंसीपल सरिता मेहता ने कहा कि समाज में जन्माष्टमी को उत्साह, सहयोग, और सामर्थ्य की भावना को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण त्योहार माना जाता है। प्रिंसीपल दीपशिखा बेनीवाल ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए स्कूल प्रबंधन का धन्यवाद किया व मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कहा कि जन्माष्टमी के अवसर पर स्कूल के सभी बच्चे भगवान कृष्ण व राधा की पोशाक पहनकर सजधज स्कूल में आए तथा विभिन्न आयु वर्ग के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं में भागीदारी की। दीपशिखा बेनीवाल ने बताया कि नन्हें मुन्हें बच्चों ने कृष्ण राधा रानी, फैंसी ड्रैस, कलरिंग, रैम्प वॉक विद फैमिली, सोलो डांस, रासलीला, बाल गोपाल, आर्ट कंटेस्ट, कहानी, श्लोक पाठ आदि प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया जिसकों सभी ने सराहा। पर्ल स्कूल के नन्हे मुन्हें बच्चों द्वारा सुंदर झांकिया निकाली गई। अंत में मुख्यातिथि सरिता मेहता ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी बच्चों को पुरस्कृत कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस मौके पर स्कूल की शिक्षिकाएं सुमिति, ममता भटनागर, नीरू शर्मा, निशा कौशिक, प्रिया, सीमा, कंवलजीत, रंजीता, अंशू मेहता, परवीन कौर, नेहा, मीनाक्षी सहित बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

## पॉलिटेक्निक दामला में सेठ जयप्रकाश के जन्मदिन पर 30वें रक्तदान मेले का आयोजन

रादौर। पॉलिटेक्निक दामला में सोमवार को सेठ जयप्रकाश के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 30वें रक्तदान मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ पॉलिटेक्निक प्रबंधक समिति के चेयरमैन सेठ अशोक कुमार ने दीप प्रज्जवलित करके किया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अनिल बुद्धिराजा की देखरेख में आयोजित किए गए रक्तदान शिविर में 272 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस अवसर पर डॉ. रमेश कुमार, महासचिव मैनेजिंग समिति ने कहा कि बापू तिलक राज चड्ढा ने मुकंदलाल शिक्षण संस्थाओं में सर्वप्रथम 1972 में रक्तदान मेले का आयोजन आरम्भ किया जो वर्तमान में भव्य रूप ले चुका है। अनिल कुमार प्राचार्य पॉलिटेक्निक दामला ने मैनेजिंग समिति के गणमान्य सदस्यों, डॉ. अंशू मल्होत्रा व डॉ. अपलक गर्ग के अगुआई में आल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज नई-दिल्ली से आई टीम, ग्राम दामला एवं आस-पास के गांव के गणमान्य व्यक्तियों तथा सभी रक्तदाताओं का संस्था के प्रांगण में पधारने पर उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

## बालों के लिए चार आयुर्वेदिक लेप लांच किए

घरौंड़ा। वीएचसीए की डायरेक्टर अनुराधा अग्रवाल ने कल कॉरपोरेट ऑफिस घरौंडा में बालों की समस्याओं के समाधान हेतु चार प्रकार के आयुर्वेदिक हेयर लेप लांच किए जिनमे खालित्य लेप, पालित्य लेप, अरुनशिका लेप और दारुणक लेप शामिल है। इन सारे लेपों को आयुर्वेद शास्त्रों चरक, सुश्रुत एवं वाग्भट संहिताओं से लिया गया है और उन्हीं के निर्देशानुसार इन्हें तैयार किया गया है। खालित्य लेप बालो को झड़ने, पतला होने से रोकता है। इसमें केशराज भृंगराज, बच, बला, खदिर, मंजिस्ठा हर्ब्स है। पालित्य लेप में आमला, यष्टिमधु, नलिनी, भृंगराज हर्ब्स और कसीस भस्म है और ये कम उम्र में बालों को सफेद होने से रोकता है। दारुणक लेप में गिलोय, नीम, चंदन, प्रियाल और नीलोत्पल है और ये ड्राई डैंड्रफ को ठीक करने में सहायता करता है। अरुनशिका लेप विडंग, शिरीष, कुष्ठ, सारिवा और पटोल जैसी जड़ी बूटियों से मिल कर बना है जो ऑयली डेंड्रफ को ठीक करता है।

## संपादकीय

# हिंदुत्व की स्वीकार्यता



अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की दौड़ में शामिल व्यक्ति और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि वे अपने देश की समस्याओं का समाधान हिंदू धर्म में देखते हैं। ये असाधारण घटनाएं हैं। निसंदेह इससे हिंदुत्व विरोधियों के कलेजे पर सांप लोट रहा होगा। ऐसा नहीं है कि स्वयं को लिबरल-सेक्युलर कहने वालों की जमात ब्रिटेन अमेरिका या सिंगापुर में नहीं है। भले ही द्रमुक के उदयनिधि स्टालिन जैसे नेता हिंदुत्व के खिलाफ अपनी नफरत का प्रदर्शन कर रहे हों, लेकिन आज अगर विश्व परिदृश्य पर दृष्टि दौड़ाएं तो यह स्वीकार करने में समस्या नहीं कि यह हिंदुओं के वैश्विक अभ्युदय, स्वीकृति और विस्तार का समय है। ऐसी घटनाएं घट रही हैं, जिनकी हिंदू समाज कल्पना नहीं करता था। सिंगापुर में हिंदू थरमन षणमुगरत्नम की राष्ट्रपति चुनाव में विजय इस कड़ी की अभी अंतिम घटना नहीं है। भविष्य में ऐसी अनेक घटनाएं घटेंगी। अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारी की दावेदारी में लगे विवेक रामास्वामी भी हिंदू हैं। उन्होंने सार्वजनिक रूप से यह कहने में संकोच नहीं किया कि उन्हें हिंदू होने पर गर्व है। इस समय करीब 10 देशों में सत्ता के शीर्ष पर भारतीय मूल के नेता बैठे हैं, जिनमें पांच स्वयं को हिंदू कहते हैं। ये सब हिंदू धर्म को शासन और राजनीति से लेकर व्यक्तिगत-सार्वजनिक व्यवहार का मापदंड बताने में संकोच नहीं करते। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का हिंदू होने वाला वक्तव्य हाल में चर्चा का विषय बना। कैंब्रिज विश्वविद्यालय में आयोजित मोरारी बापू की राम कथा में ऋषि सुनक ने कहा कि 'बापू, मैं यहां एक प्रधानमंत्री के रूप में नहीं, बल्कि एक हिंदू के रूप में उपस्थित हूं।' किसी पश्चिमी देश के प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक सभा में स्वयं के हिंदू बताने में हिचक नहीं दिखाई। उन्होंने कहा, 'मैं उसी प्रकार शासन करना चाहता हूं जैसे हमारे धार्मिक ग्रंथों में बताया गया है। श्रीराम से उन्हें साहसपूर्वक कठिन चुनौतियों का सामना करने, स्थिर रहने, विनम्रतापूर्वक शासन करने की प्रेरणा मिलती है।' वास्तव में वह विश्व भर में हिंदुओं के अंदर सुदृढ़ हो रहे सामूहिक विचार और व्यवहार को ही अभिव्यक्त कर रहे थे। ऋषि सुनक जब 2020 में वित्त मंत्री बने थे तो उन्होंने गीता पर हाथ रखकर शपथ ली थी। उनकी तरह अमेरिका में विवेक रामास्वामी ने कहा, 'मैं हिंदू धर्म को मानता हूं। यह मुझे परिवार से विरासत में मिला है। हिंदू होने के नाते मैं अन्य नेताओं के मुकाबले दूसरों की धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों की बेहतर ढंग से रक्षा कर सकता हूं। मेरा उद्देश्य अमेरिकी समाज में परिवार, आस्था और देशभक्ति के मूल्यों को सहज करना है। अमेरिकी समाज इन मूल्यों को खोता जा रहा है।' जरा सोचिए, अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की दौड़ में शामिल व्यक्ति और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि वे अपने देश की समस्याओं का समाधान हिंदू धर्म में देखते हैं। ये असाधारण घटनाएं हैं। निःसंदेह इससे हिंदुत्व विरोधियों के कलेजे पर सांप लोट रहा होगा। ऐसा नहीं है कि स्वयं को लिबरल-सेक्युलर कहने वालों की जमात ब्रिटेन, अमेरिका या सिंगापुर में नहीं है। अब जब पश्चिमी शिक्षा प्रणाली में शिक्षित नेता स्वयं को हिंदू कहते हुए यह बता रहे हैं कि हमारे धर्मग्रंथ, ऋषि-मुनि और भगवान मानव कल्याण के लिए काम करने की ताकत देते हैं तो मानना चाहिए कि दुनिया बदल रही है। ब्रिटेन के साथ अमेरिका और सिंगापुर की घटनाएं बता रही हैं कि हिंदुओं और हिंदुत्व को लेकर विश्व बदल रहा है। हिंदुओं की स्वीकृति बढ़ रही है। इस बदलाव को समझने की आवश्यकता है। वस्तुतः विदेश में हिंदुओं ने निजी व्यवसाय और करियर तक सीमित न रहकर वहां के सार्वजनिक जीवन में भी भूमिकाएं निभाई हैं। कुछ समय से पश्चिमी देशों में हिंदुओं के विरुद्ध घृणा अभियान और हिंसा के समाचारों ने सबको विचलित किया था, लेकिन ब्रिटेन, अमेरिका एवं अन्य देशों में हिंदुओं ने स्थिति को साहसपूर्वक संभाला। आज अमेरिका में हिंदू दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष अमेरिकी संसद में दो हिंदू सम्मेलन हो चुके हैं। इसमें डेमोक्रेटिक एवं रिपब्लिकन दोनों पार्टियों के सांसदों और नेताओं ने भाग लिया। अमेरिका के जार्जिया प्रांत की असेंबली ने हिंदुओं के पक्ष में प्रस्ताव पारित किया, जिसमें बताया कि हिंदुत्व की विचारधारा कितनी व्यापक और सर्वसमावेशी है। हिंदुत्व के प्रचार-प्रसार के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अलावा इस्कान और गायत्री परिवार जैसे कई धार्मिक संस्थानों, साधु-संतों के आश्रम देश-विदेश में सक्रियता के साथ काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी संपूर्ण विश्व में भारतवंशियों के बीच भारतीय सभ्यता-संस्कृति का बहुत प्रभावी तरीके से गुणगान करते रहे हैं। परिणामस्वरूप आज धर्म-संस्कृति-सभ्यता को लेकर तमाम संकोची हिंदुओं का आत्मविश्वास बहुत तेजी से बढ़ रहा है। देवी-देवताओं की मूर्तियों, हवन-पूजन आदि को लेकर हिंदू धर्म के बारे में विरोधियों द्वारा पैदा की जा रही गलतफहमियों तथा हिंदू धर्म को इस्लाम के समानांतर कट्टर एवं अंधविश्वासी साबित करने वालों को रामास्वामी और सुनक जैसे नेता ध्वस्त कर रहे हैं। विदेश में यह विचार लोगों के बीच जा रहा है कि हिंदू धर्म सभी पंथों को समाहित कर सबको सम्मान देने वाला जीवन दर्शन है। ऐसा जीवन दर्शन अपनाने से ही सच्ची समानता, सहकार, परस्पर पूरकता पर आधारित विश्व व्यवस्था कायम हो सकेगी। आज कई देशों में हिंदू बड़ी संख्या में हैं, जो राजनीति एवं प्रशासन से लेकर शिक्षा और विज्ञान में शीर्ष पर हैं। उनका आत्मविश्वास सही रूप में प्रकट होकर आगे बढ़ता रहा तो एक दिन विश्व के मार्गदर्शक हिंदू ही होंगे। यह संपूर्ण विश्व के हित में होगा। इसमें हर भारतीय हिंदू-सिख-बौद्ध-जैन का दायित्व है कि छोटे-बड़े असंतोष, व्यक्तिगत मतभेद आदि को परे रखकर ऐसी भूमिका निभाएं, जिससे बदलाव की गति बाधित नहीं हो।

## आज का राशिफल



**मेषः** तली-भुनी चीजों से दूर रहें और रोजाना कसरत करते रहें। आप घूमने-फिरने और पैसे खर्च करने के मूड में होंगे- लेकिन अगर आपने ऐसा किया तो बाद में आपको पछताना पड़ सकता है। आपका मजाकिया स्वभाव सामाजिक मेल-जोल की जगहों पर आपकी लोकप्रियता में इजाफा करेगा।



**वृषभः** अगर आपकी योजना बाहर घूमने-फिरने की है तो आपका वक़्त हँसी-खुशी और सुकून भरा रहेगा। आर्थिक जीवन में आज खुशहाली रहेगी। इसके साथ ही आप कर्जों से भी आज मुक्त हो सकते हैं। बच्चे आपको घरेलू काम-काज निबटाने में मदद करेंगे।



**मिथुनः** आप खाली समय का आनंद ले सकेंगे। आप खुद को नए रोमांचक हालात में पाएंगे- जो आपको आर्थिक फायदा पहुँचाएंगे। दोस्त शाम के लिए कोई बढ़िया योजना बनाकर आपका दिन खुशनुमा कर देंगे। रोमांस आनन्ददायी और काफी रोमांचक रहेगा।



**कर्कः** नर्वस ब्रेकडाउन आपकी सोचने की ताकत और शरीर के प्रतिरक्षा तंत्र को कमजोर बना सकता है। सकारात्मक सोच के जरिए इस समस्या से निजात पाएँ। आकस्मिक मुनाफे या सट्टेबाजी के जरिए आर्थिक हालात सुदृढ़ होंगे।



**सिंहः** आपका ईर्ष्यालु स्वभाव आपको उदास और दुःखी बना सकता है। आप यह चोट खुद को पहुँचा रहे हैं, इसलिए जितनी जल्दी हो सके इसे छोड़ दें। दूसरों के सुख-दुःख बांटने की आदत विकसित करें। होशियारी से निवेश करें। नाती-पोतों से आज काफी खुशी मिल सकती है।



**कन्याः** डर आपकी खुशी को बर्बाद कर सकता है। आपको समझना चाहिए कि यह आपके अपने खयालों और कल्पनाओं से पैदा हुआ है। डर सहजता को खत्म कर देता है। इसलिए इसे शुरूआत में ही कुचल दें, ताकि यह आपको कायर न बना सके। दोस्तों की मदद से वित्तीय कठिनाईयाँ हल हो जाएंगी।



**तुलाः** आपको आज महत्वपूर्ण निर्णय लेने होंगे, जिसके चलते आपको तनाव और बेचैनी का सामना करना पड़ सकता है। परिवार के किसी सदस्य के बीमार पड़ने की वजह से आपको आर्थिक परेशानी आ सकती है, हालांकि इस वक्त आपको धन से ज्यादा उनकी सेहत की चिंता करनी चाहिए।



**वृश्चिकः** कुछ ऐसी घटनाएँ आपकी परेशानी का कारण बन सकती हैं, जिन्हें टालना मुमकिन न हो। लेकिन आप खुद को शांत बनाए रखें और हालात से निपटने के लिए तुरंत प्रतिक्रिया न करें। खर्चों पर काबू रखने की कोशिश करें और सिर्फ जरूरी चीजें ही खरीदें। खुद को घरेलू कामकाज में लगाए रखें।



**धनुः** अवसाद के खिलाफ आपकी मुस्कान परेशानी से उबारने वाली रहेगी। जीवन की गाड़ी को अच्छे से चलाना चाहते हैं तो आज आपको पैसे की आवाजाही पर विशेष ध्यान देना होगा। बच्चे भविष्य की योजनाएँ बनाने की अपेक्षा घर के बाहर ज्यादा समय बिताकर आपको निराश कर सकते हैं।



**मकरः** आज का दिन ऐसे काम करने के लिए बेहतरीन है, जिन्हें करके आप खुद के बारे में अच्छा महसूस करते हैं। दिन भर भले ही आप धन को लेकर जूझते रहें लेकिन शाम के वक्त आपको धन लाभ हो सकता है। आपके परिवार वाले किसी छोटी-सी बात को लेकर राई का पहाड़ बना सकते हैं।



**कुंभः** मुस्कुराएँ, क्योंकि यह सभी समस्याओं का सबसे उम्दा इलाज है। आज के दिन आपको अपने उन दोस्तों से बचकर रहने की जरुरत है जो आपसे उधार मांगते हैं और फिर उसे लौटाते नहीं हैं। परिवार के साथ सामाजिक गतिविधियाँ सभी को खुश रखेंगी। सच्चे और पवित्र प्रेम का अनुभव करें।



**मीनः** आपको काफी समय से चल रही बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। ग्रह नक्षत्रों की चाल आपके लिए आज अच्छी नहीं है, आज के दिन आपको अपने धन को बहुत सुरक्षित रखना चाहिए। आपको अपने घर के माहौल में कुछ सकारात्मक बदलाव करने पड़ेंगे।

# कामरूप कामाख्या देवी मंदिर, जहां काले जादू के प्रभाव को दूर किया जाता है



असम के गुवाहाटी में है माता कामरूप कामाख्या देवी का मंदिर। माता का यह मंदिर तांत्रिक क्रियाओं के लिए भी प्रसिद्ध है। यह देश के 51 शक्तिपीठो में से एक है। इस मंदिर के बारें में बहुत सी रोचक बातें मशहूर है। हिन्दू मान्यता के अनुसार माता सती के शरीर के टुकड़े जिन स्थानों पर गिरे उनकी पूजा शक्ति पीठ के रूप में की जाती हैं। यहां माता सती की योनि वाला हिस्सा गिरा था अतः यहां माता की आराधना योनि के रूप में ही की जाती है। यह मंदिर तंत्र क्रियाओं के लिए भी जाना जाता है। कामाख्या मंदिर नीलांचल पर्वत पर स्थित है, मान्यता है माता की योनि यहां पर विग्रह के रूप में परिवर्तित हो गयी थी यह विग्रह आज भी रजस्वला होती है। लोग यहां काले जादू का प्रभाव दूर करने के लिए आतें हैं।

## कैसे करते है पूजा

माता के मंदिर में किसी तरह का जादू टोना या वशीकरण किया जाता है तो ऐसा नहीं है। मंदिर में केवल टोने-टोटके और काला जादू के प्रभाव को दूर किया जाता है। साल में एक बार यहां बहुत विशाल मेला लगता है जहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। मंदिर में रज धर्म के दौरान जो कपड़ा प्रयोग किया जाता है प्रसाद के रूप में वितरित होता है। मंदिर परिसर में अघोरी और साधु मौजूद होते है जो दस विद्या के ज्ञाता होते हैं मान्यता है इन्हे सिद्धियां और शक्तियां प्राप्त होती हैं यह अघोरी लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए अनुष्ठान करते है।

## कब जाएं कामाख्या मंदिर

जून में 22 से 24 मंदिर जून तक मंदिर के कपाट बंद रहते हैं मान्यता है इन दिनों देवी रजस्वला होती हैं। इस अवधि के दौरान ब्रह्मपुत्र नदी का पानी भी लाल हो जाता है। मंदिर के कपाट 25 जून की सुबह 5-30 पर खुलते हैं इसके बाद देवी की पूजा अर्चना की जाती है। इसके पश्चात देवी का रजस्वल वस्त्र श्रद्धालुओं को प्रसाद रूप में वितरित किया जाता है। इस इस समय यहां बहुत भव्य आयोजन होता है जहां देश- विदेश के श्रद्धालु और तांत्रिक एकत्र होते हैं।

## कैसे जाएं कामाख्या मंदिर

अगर आप रेलवे सेवा ले रहें हैं तो आप कामाख्या रेलवे स्टेशन पर पहुंच कर कोई भी टैक्सी ले सकते है या बस द्वारा भी जा सकते है। अगर आप एयरवेज से जाना चाहते है तो गोपीनाथ बोरदोलोई हवाई अड्डा है जहां से आप टैक्सी द्वारा माता के मंदिर तक पहुंच सकते हैं।

# मनचाहा फल पाने के लिए किस भगवान की कितनी बार करें परिक्रमा, जानें नियम व गिनती

हम जब भी मंदिर जाते हैं, तो देवी-देवताओं की परिक्रमा करते हैं। कहते हैं कि मंदिर की परिक्रमा करना पुण्य करने के बराबर होता है। हम परिक्रमा कर अपने इष्ट देव को प्रसन्न करते हैं और अपनी मनोकामना मांगते हैं। परिक्रमा करना हिंदू धर्म में बहुत पवित्र और शुभ कार्य माना जाता है। हालांकि इसके बावजूद हम में से कुछ लोग ये बात नहीं जानते होंगे कि किस देवी-देवता की कितनी बार परिक्रमा करना सही होता है। आज हम अपने लेख में यही बताने जा रहे हैं कि किस देवी या देवता की कितनी बार परिक्रमा करनी चाहिए। तो चलिए जानते हैं।

## परिक्रमा करने के नियम

सनातन धर्म में उल्लेखनीय है कि परिक्रमा करना पुण्य का काम होता है। यदि दंडवत परिक्रमा की जाए तो अश्वमेघ यज्ञ के समान पुण्य की प्राप्ति होती है। कहते हैं कि किसी भी देवी-देवता की परिक्रमा का प्रण लें, तो बीच में परिक्रमा को अधूरा न छोड़ें। ऐसा करना अशुभ होता है। परिक्रमा का एक खास नियम होता है कि जहां से उसे शुरू किया गया है, वह वहीं पर खत्म भी होनी चाहिए। इसके साथ ही परिक्रमा के वक्त बिल्कुल शांत रहें और मन में इष्टदेव को याद करें तो शुभ होगा। ऐसा करने से परिक्रमा सफल होती है और उसका लाभ भी मिलता है।

## हिंदू धर्म के अनुसार देवी-देवताओं की परिक्रमा करने के कुछ नियम

- ऐसे में हम सबसे पहले देवों के देव महादेव की बात करेंगे। महादेव यानि कि शंकर भगवान की परिक्रमा पूरी नहीं करनी चाहिए। कहते हैं कि सोम सूत्र को लांघना सही नहीं होता है।
- बता दें कि सोम सूत्र शिवलिंग से जुड़ी पतली सी नाल को कहते हैं। उस नाल से शिवलिंग पर चढ़े दूध या जल की धार बहती है। इसे लांघना नहीं चाहिए वरना अशुभ होता है।
- वहीं मां दुर्गा के मंदिर की सिर्फ एक परिक्रमा करनी चाहिए।
- इसके साथ ही भगवान गणेश की तीन बार परिक्रमा की जाती है।
- वहीं विष्णु भगवान की परिक्रमा चार बार होती है। बाकी के सभी देवी-देवताओं की परिक्रमा तीन बार की जानी चाहिए।

# कुछ ऐसी नई आदतें जिन्हें अपना कर कम सैलरी में भी कर सकेंगे ज्यादा बचत

यदि आपकी सैलरी आते ही खर्च हो जाती है या फिर बैंक अकाउंट में सेविंग नहीं कर पा रहे हैं तो ये उपाय जरूर अपनाएं। आज हम आपसे कुछ ऐसे उपाय बताएंगे जिन्हें अपना कर आप अपनी आर्थिक स्थिति सुधार सकते हैं। आज कल लोग चाहे जितना भी कमाई कर लें पर खर्चे आसमान छूने ही लगते हैं। अक्सर कोई न कोई खर्च लगा ही रहता है। आप चाह कर भी खर्च रोक नहीं पाते हैं। कई बार तो ऐसा होता है कि महीने के बीच में ही पूरी सैलरी अकाउंट से छूमंतर हो जाती है। यदि आपके साथ भी ऐसा होता है, तो आपको बड़ी बचत करनी होगी। बड़ी बचत के लिए आपको सिर्फ कुछ नई आदतें अपनानी होंगी। तो चलिए जानते हैं उन आदतों के बारे में जिन्हें अपना कर आप अपने खर्चों को रोक सकते हैं।

## सोने से पहले धोएं पैर

वास्तु शास्त्र के अनुसार खर्च रोकने के लिए आपको सोने से पहले एक खास काम करना होगा। रोजाना सोने से पहले अपने पैर धोएं। ध्यान रहे कि बिस्तर पर चढ़ने से पहले अपना पैर अच्छे से पोछ लें। ऐसा करने से मन शांत होता है, थकान मिटती है और अच्छी नींद आती है। यदि मन प्रसन्न होता है तो आपके जीवन में भी सकारात्मक ऊर्जा आती है व सभी काम बनते हैं।

## घर के बाहर न करें गंदगी

यदि आप अपनी आर्थिक स्थिति सुधारना चाहते हैं, तो घर के बाहर कूड़ा न डालें। इस काम के साथ-साथ रोज पूजा-पाठ भी करें। पूजा करने के बाद घर के गेट पर प्रतिदिन गंगाजल भी छिड़कें। ऐसा करेंगे तो घर में मां लक्ष्मी का आगमन होगा। इस तरह परिवार पर आने वाला संकट टल जाता है। घर के मेन गेट पर शाम को दीपक जलाएं। ऐसा करने से पूरे साल आर्थिक स्थिति सही बनी रहती है।

## रोज कपूर जला कर करें आरती

घर में रोज पूजा-पाठ होना चाहिए। बता दें कि सुबह-शाम की आरती में कपूर का इस्तेमाल करने पर फायदा होता है। माना जाता है कि कपूर की महक पूरे घर में फैलती है, तो सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही घर की नकारात्मक ऊर्जा बाहर भागती है। इस तरह परिवार की उन्नति के मार्ग खुलते हैं और घर धन-धान्य से भर जाता है।

# सपने इन चीजों का दिखना स्वप्न शास्त्र में माना जाता है बेहद शुभ, धनलाभ होने की है मान्यता

सोते वक्त सपने देखना आम बात है, यहां हम आपको ऐसे सपनों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको देखना बेहद शुभ माना जाता है। सपने देखना एक स्वभाविक क्रिया है और आमतौर पर हर इंसान सपने देखता है। स्वप्न शास्त्र अनुसार ये जरूरी नहीं कि जो सपना आपने देखा हो असल जिंदगी में उसका मतलब वही हो। यहां हम आपको कुछ ऐसे सपनों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको देखने से आपकी किस्मत चमक सकती है और धनलाभ हो सकता है।

## हो सकता है धनलाभ

स्वप्न शास्त्र अनुसार यदि सपने में आप खून-खराबा देखते हैं या फिर किसी से कुछ सामान ले या दे रहे होते हैं तो यह एक शुभ संकेत माना जाता है। आपको आकस्मिक धनलाभ हो सकता है या फिर रुका हुआ धन मिल सकता है। वहीं आपकी संपत्ति में इजाफा हो सकता है।

## सपने में खरीदारी करना

सपने में आप खुद को खरीदारी करते हुए देखते हैं, तो यह भी एक शुभ संकेत माना जाता है। इसका मतलब है कि आपके जीवन से आर्थिक संकट खत्म होने वाले हैं। साथ ही आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है।

## सपने दांत में टूटना

सपने में यदि आप किसी बच्चे को चलते हुए देखते हैं तो यह एक शुभ संकेत है। साथ ही इस इस सपने का मतलब होता है कि जॉब और व्यापार जो भी आपका कार्यक्षेत्र है उसमें आपकी तरक्की हो सकती है। वहीं अगर आप सपने में खुद का दांत टूटते हुए देखते हैं, तो इसका मतलब है कि आपको आकस्मिक धनलाभ हो सकते हैं। साथ ही अगर आपका कोई काम रुका हुआ है तो उसमें सफलता मिल सकती है।

## सपने में खुद या दूसरों को स्नान करते हुए देखना

स्वप्न शास्त्र अनुसार यदि आप खुद को मंजन और स्नान करते हुए या फिर दूसरों को स्नान करते हुए देखते हैं तो यह शुभ संकेत है। इसका मतलब है कि जल्द ही आपके जीवन में बड़ी खुशखबरी आने वाली है। साथ ही आपके यात्रा के योग बन सकते हैं। साथ ही करियर में तरक्की के नए अवसर भी मिलते हैं।

## सपने में उड़ते हुए देखना

अगर आप खुद को सपने में उड़ते हुए मतलब हवाई जहाज में यात्रा करते हुए देखते हैं, तो यह आपके लिए शुभ संकेत माना जाता है। इसका मतलब है कि आपकी कोई योजना सफल हो सकती है। साथ ही अगर आप नौकरी की तलाश में हैं तो आपको नई नौकरी मिल सकती है।

# 'भारत यात्रा का है इंतजार', जी20 सम्मेलन को लेकर बोले अमेरिकी राष्ट्रपति

## सम्मेलन में सहभागिता को लेकर अभी तक लिखित पुष्टि का इंतजार



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**वॉशिंगटन।** जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के विशेष सचिव मुक्तेश परदेशी ने कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी की सम्मेलन में सहभागिता को लेकर अभी तक लिखित पुष्टि का इंतजार किया जा रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि वह जी20 सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत यात्रा का इंतजार कर रहे हैं। जो बाइडन सात सितंबर को भारत दौरे पर आएंगे।

जहां आठ सितंबर को वह प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक में हिस्सा लेंगे। इसके बाद 9 और 10 सितंबर को जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

### जो बाइडन बोले- भारत यात्रा का इंतजार

जो बाइडन के भारत दौरे को लेकर पत्रकारों ने उनसे सवाल किया था। इस सवाल के जवाब में जो बाइडन ने कहा कि वह भारत यात्रा का इंतजार कर रहा हूं, लेकिन मैं इस बात से निराश हूं कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग नई दिल्ली में आयोजित हो रहे सम्मेलन में शामिल नहीं हो रहे हैं। बता दें कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भारत में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत नहीं आ रहे हैं।

### अभी लिखित पुष्टि का इंतजार

जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के विशेष सचिव मुक्तेश परदेशी ने कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी की सम्मेलन में सहभागिता को लेकर अभी तक लिखित पुष्टि का इंतजार किया जा रहा है। बता दें कि कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि शी जिनपिंग दिल्ली नहीं आ रहे हैं और उनकी जगह चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग भारत आएंगे। इस पर मुक्तेश परदेशी ने कहा कि 'हमने अखबारों में ये रिपोर्ट्स देखी हैं लेकिन हम लिखित पुष्टि के आधार पर ही काम करते हैं। अभी तक हमें यह नहीं मिली है, जब तक पुष्टि नहीं हो जाती तो वह इस पर कुछ नहीं कह पाएंगे।'

### ये बड़े नेता होंगे शामिल

बता दें कि नई दिल्ली में होने वाले शिखर सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां, ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीज, जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा समेत अन्य नेता शामिल होंगे। शिखर सम्मेलन में 10 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी जी20 की अध्यक्षता ब्राजील को सौपेंगे।

### क्यों अहम है जी20 समूह

जी20 समूह कितना महत्वपूर्ण है, इसका अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि जी20 देश दुनिया की कुल जीडीपी का 85 प्रतिशत हिस्सा हैं। वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत और दुनिया की कुल जनसंख्या की दो तिहाई जनता जी20 देशों में रहती है। जी20 में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, रिपब्लिक ऑफ कोरिया, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किए, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय यूनियन शामिल हैं।

# शादी समारोह में गोलीबारी, दो की मौत, अमेरिकी नागरिकों समेत छह घायल



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**टोरंटो।** गोलियों की आवाज सुनकर लोग घबरा गए और शादी समारोहों में भगदड़ मच गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां कई लोग घायल मिले।

कनाडा के ओटावा में एक शादी समारोह के दौरान गोलीबारी की घटना हुई है। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई है और छह अन्य घायल हो गए हैं। गोलीबारी की वजह अभी तक पता नहीं चल सकी है और पुलिस द्वारा इसकी जांच की जा रही है। वहीं घायलों में अमेरिकी नागरिक भी हैं। हालांकि अमेरिकी नागरिकों की हालत खतरे से बाहर है।

घायलों में से दो ने दम तोड़ दिया। वहीं छह अन्य लोगों का अस्पाल में इलाज चल रहा है। मरने वाले दोनों युवक करीब 26 और 29 साल के हैं। दोनों कनाडा के सबसे बड़े शहर टोरंटो को निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि वह घटना की जांच कर रही है और गोलीबारी की वजह पता लगाने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने कहा कि घृणा अपराध या नस्ल या धर्म के आधार पर गोलीबारी होने के सबूत नहीं मिले हैं लेकिन पुलिस इन आशंकाओं से इनकार भी नहीं कर रही है। अभी तक इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। बता दें कि कनाडा में हाल के सालों में गोलीबारी की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं। साल 2023 में ही ओटावा में गोलीबारी की 12 घटनाएं हुई हैं।

साल 2009 के मुकाबले कनाडा में गोलीबारी की घटनाएं 81 प्रतिशत बढ़ गई हैं।

### पार्किंग में चली गोलियां

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, घटना शनिवार देर रात की है। जब ओटावा के साउथ एंड कन्वेंशन हॉल में दो शादियों के रिसेप्शन आयोजित किए जा रहे थे। इसी दौरान कन्वेंशन हॉल की पार्किंग में अचानक से गोलियां चलने की आवाजें आईं। गोलियों की आवाज सुनकर लोग घबरा गए और शादी समारोहों में भगदड़ मच गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां कई लोग घायल मिले। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# जी-20 समिट में हिस्सा लेने भारत नहीं आएंगे चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**बीजिंग।** भारत में होने वाली जी-20 बैठक को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और शी जिनपिंग के बीच बातचीत के अहम मौके के तौर पर देखा जा रहा था।

माना जा रहा था कि जी-20 में बैठक के बाद अमेरिका-चीन के बीच तनाव को कम करने की कोशिश की जाएगी। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग जी-20 सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए भारत नहीं आएंगे। उनकी जगह चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग जी-20 बैठक में हिस्सा लेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। गौरतलब है कि पहले भी रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग जी-20 समिट के लिए भारत नहीं आएंगे।

बता दें कि पहले भारत में होने वाली जी-20 बैठक को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और शी जिनपिंग के बीच बातचीत के अहम मौके के तौर पर देखा जा रहा था। माना जा रहा था कि जी-20 में बैठक के बाद अमेरिका-चीन के बीच तनाव को कम करने की कोशिश की जाएगी। हालांकि, एक न्यूज एजेंसी ने अपने सूत्रों के हवाले से दावा किया था कि जिनपिंग की जगह जी-20 समिट में पीएम ली कियांग आएंगे।

### चीन-रूस के नेताओं के न आने पर क्या है सरकार का बयान

विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के जी-20 नेताओं की बैठक में शामिल नहीं होने से शिखर सम्मेलन के नतीजे पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने शी और पुतिन की अनुपस्थिति को ज्यादा महत्व न देते हुए कहा कि शिखर सम्मेलन के अंत में जारी किया जाने वाला घोषणापत्र लगभग तैयार हो चुका है और यह देशों का विशेषाधिकार है कि वे किसे भेजना चाहते हैं। लेखी ने कहा, बैठक में दोनों देशों का प्रतिनिधित्व होगा।

# अमेरिकी लोग किसी सजायाफ्ता अपराधी को नहीं देंगे वोट



## निक्की हेली ने ट्रंप पर किया वार

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**वाशिंगटन।** हेली ने रविवार को कहा कि मुझे नहीं लगता कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप अगले साल होने वाले चुनाव के लिए उम्मीदवार होंगे। मुझे लगता है कि मैं ही उम्मीदवार बनूंगी।

अगले साल अमेरिका का नया राष्ट्रपति चुनाव जाएगा। इसके लिए सब अपनी उम्मीदवारी बढ़-चढ़कर पेश कर रहे हैं। एक तरफ पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की लोकप्रियता देखने को मिल रही है। वहीं, भारतीय मूल की अमेरिकी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार निक्की हेली का मानना है कि राष्ट्रपति चुनावों के लिए ट्रंप पार्टी के उम्मीदवार नहीं होंगे। अमेरिकी लोग ऐसे व्यक्ति को वोट देने जा रहे हैं जो आम चुनाव जीत सकता है। उन्होंने कहा कि मुझे अमेरिकी लोगों पर भरोसा है। वे जानते हैं कि उन्हें क्या करने की जरूरत है। निक्की ने आगे कहा कि मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि हम किसी ऐसे व्यक्ति को चुनें जो कमला हैरिस को हरा सके। उन्होंने कहा कि हम कमला हैरिस जैसी राष्ट्रपति नहीं चुन सकते। इसलिए मुझे लगता है कि मैं हमेशा रिपब्लिकन उम्मीदवार का ही समर्थन करूंगी।

### सर्वे से खुलासा

हाल ही में एक सर्वे किया गया, जिससे पता चला है कि डोनाल्ड ट्रंप और रॉन डेसेंटिस के बाद लोकप्रियता रेटिंग के मामले में तीसरे स्थान पर 51 वर्षीय हेली हैं। वहीं, उनके भारतीय-अमेरिकी उम्मीदवार विवेक रामास्वामी चौथे स्थान पर हैं।

### रिपब्लिकन का कोई भी उम्मीदवार बेहतर

हेली ने रविवार को कहा कि उन्हें नहीं लगता कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप अगले साल होने वाले चुनाव के लिए उम्मीदवार होंगे। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें लगता है कि वह ही उम्मीदवार बनेंगी। हालांकि, हेली ने इस बात भी जोर दिया कि वर्तमान सत्ता में मौजूद लोगों से बेहतर रिपब्लिकन का कोई भी उम्मीदवार है।

### अन्य सर्वे के अनुसार

सभी प्रमुख राष्ट्रीय सर्वो पर नजर रखने वाले रियलक्लीयर पॉलिटिक्स के अनुसार, ऐसे सभी सर्वेक्षणों के औसत की सूची में ट्रंप 53.6 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर बने हुए हैं। उसके बाद डेसेंटिस 13 प्रतिशत, रामास्वामी 7.1 प्रतिशत और हेली छह प्रतिशत के साथ हैं।

### अमेरिकी लोगों पर भरोसा

हेली ने एक सवाल के जवाब में कहा कि दोषी साबित होने तक वह निर्दोष है, लेकिन आप यह कह रहे हैं कि अमेरिकी लोग स्मार्ट नहीं हैं। अमेरिकी लोग किसी सजायाफ्ता अपराधी को वोट नहीं देने जा रहे हैं।

### युवा पीढ़ी को आगे आने दें

हेली ने यह भी कहा कि वह अमेरिकी सांसदों और निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए कार्यकाल-सीमा के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा, ह्यमैं पूरी तरह से कार्यकाल सीमा के पक्ष में हूं। मैं 75 वर्ष से अधिक उम्र के किसी भी व्यक्ति के लिए मानसिक योग्यता परीक्षण के पूरी तरह से पक्ष में हूं और मैं इसे अपमानजनक नहीं कह रही हूं। उन्होंने कहा कि जो लोग लंबे समय से पदों पर काम कर रहे हैं, उन्हें युवा पीढ़ी को आगे आने देना चाहिए।

### डेमोक्रेट की समस्या नहीं

उन्होंने कहा कि हम जाना चाहते हैं और अपने बच्चों के लिए काम करना शुरू करना चाहते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमारे पास एक मजबूत राष्ट्रीय सुरक्षा और मजबूत आर्थिक नीति है। यदि ये व्यक्ति सत्ता छोड़ने से इनकार करते हैं तो हम ऐसा नहीं कर सकते। यह सिर्फ रिपब्लिकन या डेमोक्रेट की समस्या नहीं है। हेली ने कहा कि यह संसदीय समस्या है। उन्हें पता होना चाहिए कि कब जाना है। अब समय आ गया है कि जिम्मेदारियां रुढ़िवादी नेताओं की नई पीढ़ी को सौंप दी जाएं, जो हमारे देश को एक बेहतर जगह पर ले जाना चाहते हैं।

# दुनिया में गंभीर हो सकता है खाद्यान्न संकट, यूक्रेन के बंदरगाहों पर रूस ने किया बड़ा हमला



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**मॉस्को।** जुलाई 2022 में हुए समझौते के तहत यूक्रेन के तीन बंदरगाहों से तीन करोड़ 60 लाख टन अनाज और अन्य सामान निर्यात के लिए तैयार है लेकिन छह हफ्ते पहले रूस ने इस समझौते से अपने हाथ पीछे खींच लिए थे। यूक्रेन के इजमेल बंदरगाह पर रूस ने बड़ा हमला किया है। यह बंदरगाह यूक्रेन के सबसे बड़े खाद्यान्न निर्यातक बंदरगाहों में से एक है। रूस ने इस बंदरगाह पर ड्रोन हमला किया, जिसमें बंदरगाह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। यह हमला रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तैयब एर्दोगन के बीच सोमवार को होने वाली अहम मुलाकात से पहले हुआ है।

**गहरा सकता है वैश्विक खाद्यान्न संकट:** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इजमेल बंदरगाह यूक्रेन के ओडिसा क्षेत्र में दानुबे नदी पर बना है। रूस के ड्रोन हमले में बंदरगाह के वेयरहाउस, प्रोडक्शन बिल्डिंग, कृषि मशीनरी और उपकरणों को भारी नुकसान हुआ है। इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बता दें कि यूक्रेन दुनिया के सबसे बड़े खाद्यान्न निर्यातक देशों में से एक है। रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से खाद्यान्न निर्यात बाधित हुआ है और इसका असर पूरी दुनिया में खाद्यान्न संकट के रूप में देखा जा रहा है। खासकर अफ्रीका, मध्य पूर्व और एशिया के कई देशों में खाद्यान्न संकट ज्यादा गंभीर है। अब अनाज निर्यात के लिए तैयार बंदरगाह पर हमले से खाद्यान्न संकट गहरा सकता है।

**काला सागर समझौता कराने की हो रही कोशिश:** वैश्विक संकट को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र और तुर्किए, रूस के साथ खाद्यान्न निर्यात के लिए काला सागर समझौता करने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे यूक्रेन से खाद्यान्न निर्यात हो सके। इसे लेकर तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तैयब एर्दोगन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच सोमवार को अहम बैठक होनी है, लेकिन इस बैठक से पहले ही यूक्रेन के बंदरगाह पर बड़ा हमला हुआ है, जिसमें खाद्यान्न का निर्यात करने वाले यूक्रेन के अहम बंदरगाह को भारी नुकसान हुआ है। जुलाई 2022 में हुए समझौते के तहत यूक्रेन के तीन बंदरगाहों से तीन करोड़ 60 लाख टन अनाज और अन्य सामान निर्यात के लिए तैयार है लेकिन छह हफ्ते पहले रूस ने इस समझौते से अपने हाथ पीछे खींच लिए थे। उसके बाद से दानुबे नदी पर बने बंदरगाहों पर कई बार हमले हो चुके हैं।

**पुतिन ने की ये मांग:** काला सागर समझौता मानने के लिए पुतिन ने कई मांग की हैं। इनमें रूसी उर्वरक कंपनियों के खिलाफ पश्चिमी प्रतिबंधों को हटाने की मांग, अमोनिया निर्यात को फिर से शुरू करने की मांग, भुगतान, रसद और शिपिंग बीमा पर पश्चिमी प्रतिबंधों से राहत देने, रूस के कृषि बैंक रोसेल खोज को अंतरराष्ट्रीय भुगतान नेटवर्क स्विफ्ट से फिर से जोड़ने की मांग शामिल हैं।

# दक्षिण अफ्रीका ने रूस को भेजा हथियार



## राष्ट्रपति रामाफोसा ने आरोपों को नकारा, इस जांच रिपोर्ट का दिया हवाला

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**जोहानिसबर्ग।** राष्ट्रपति रामाफोसा ने रविवार को देश को संबोधित किया। इस दौरान रामाफोसा ने कहा कि जांच समिति को इस बात का कोई सबूत नहीं मिला कि लेडी आर जहाज पर हथियार लदे हुए थे।

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने अपने देश पर लगे आरोपों को नकार दिया है।

इसके लिए उन्होंने एक स्वतंत्र जांच का हवाला दिया। दरअसल, रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान दक्षिण अफ्रीका पर आरोप लगे थे कि उन्होंने रूस को हथियारों की सप्लाई की है। रविवार को राष्ट्रपति रामाफोसा ने बताया कि एक स्वतंत्र जांच की रिपोर्ट आई है, जिसमें इन आरोपों के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला। लेकिन इन आरोपों के कारण दक्षिण अफ्रीका की अर्थव्यवस्था पर हानिकारक प्रभाव पड़ा।

### सबसे पहले अमेरिकी राजदूत ने किया था दावा

दरअसल, मई 2022 में दक्षिण अफ्रीका में अमेरिका के उच्चायुक्त रूबेन ब्रिगेटी ने प्रिटोरिया में अमेरिकी दूतावास में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सबसे पहले यह आरोप लगाए थे। ब्रिगेटी ने दावा किया था कि अमेरिका को जानकारी मिली है कि रूसी जहाज लेडी आर पिछले साल दक्षिण अफ्रीकी तट पर खड़ा था, जो हथियार से भरा हुआ था। ब्रिगेटी के इस दावे के कारण वैश्विक पटल पर दक्षिण अफ्रीका को काफी नुकसान हुआ।

### राष्ट्रपति ने जांच के लिए बनाई समिति

ब्रिगेटी द्वारा किए गए दावों की सत्यता के बारे में पता लगाने के लिए रामाफोसा ने एक जांच समिति तैयार की। सेवानिवृत्त न्यायाधीश फिनीश मोजापेलो ने इसकी अध्यक्षता की। रामाफोसा ने कहा था कि जांच समिति की रिपोर्ट में अगर ब्रिगेटी का दावा सच पाया जाता है तो दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### राष्ट्रपति ने देश को किया संबोधित

राष्ट्रपति रामाफोसा ने रविवार को देश को संबोधित किया। इस दौरान रामाफोसा ने कहा कि जांच समिति को इस बात का कोई सबूत नहीं मिला कि लेडी आर जहाज पर हथियार लदे हुए थे। न ही जांच समिति को इस बात का कोई सबूत मिला कि हथियारों से लदा कोई रूसी जहाज दक्षिण अफ्रीका से रूस की ओर जा रहा हो। रिपोर्ट के अनुसार, साइमनस्टाउन में खड़ा वह जहाज रूसी नहीं था। 2018 में अफ्रीकी राष्ट्रीय रक्षा बल के हथियारों के लिए आर्म्सकोर को ऑर्डर दिया गया था, जिसके वितरण के लिए ही जहाज वहां खड़ा था। ब्रिगेटी का नाम लिए बिना राष्ट्रपति ने बताया कि जिन संस्थाओं और व्यक्तियों ने यह दावा किया था, उन्हें भी जांच के दौरान साक्ष्य पेश करने के लिए बुलाया गया था लेकिन वह कोई भी साक्ष्य पेश नहीं कर सके।

**धोखाखड़ी** | चुराए 14 करोड़ से अधिक रुपये के चेक

# अमेरिका के डाक कर्मचारी ने की निवासियों से धोखाधड़ी

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**वाशिंगटन।** अदालत के आदेशानुसार, एक बैंक खाते से चार लाख डॉलर से अधिक जब्त किए गए। यह खाता मुचिम्बा का बताया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि शख्स ने धोखाधड़ी से कुल दस लाख डॉलर के करीब राशि जमा की, जो जब्त की गई राशि से दोगुनी से भी अधिक है।

अमेरिका में एक बड़ी धोखाधड़ी सामने आई है। बताया जा रहा है कि यहां के संयुक्त राज्य डाक सेवा (यूएसपीएस) के एक कर्मचारी ने अमेरिकी मेल से 14 करोड़ से अधिक रुपये के चेक चुराकर अपने बैंक खातों में जमा कर दिए। बता दें, हचिकोसेला खोस मुचिम्बा ने 16 फरवरी, 2020 को फ्रेंडशिप पोस्ट ऑफिस स्टेशन पर यूएसपीएस में एक मेल वाहक के रूप में काम करना शुरू किया था। 31 जनवरी, 2021 तक उसने यही काम किया।

**जब्त की गई राशि से दोगुनी:** सिविल अदालत के आदेशानुसार, एक बैंक खाते से चार लाख डॉलर से अधिक यानी 3,30,98,160 रुपये जब्त किए गए है। यह खाता मुचिम्बा का बताया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि शख्स ने धोखाधड़ी से 14 करोड़ से अधिक राशि जमा की, जो जब्त की गई राशि से दोगुनी से भी अधिक है। जांचकताओं ने 13 दिसंबर, 2021 तक लोगों से चुराए गए चेक की सूची बनाई है।

**बिना वेतन काम करने का आदेश:** अदालत में दी गई याचिका के अनुसार, मुचिम्बा ने अमेरिकी ट्रेजरी से चेक में बदलाव किया और उन्हें मोबाइल ऐप के माध्यम से बैंक खातों



में जमा करने से पहले अपना नाम और पता जोड़ा। बाद में अपने बैंक खातों में जमा करवा दिया। 29 मार्च को एक तलाशी वारंट जारी किए जाने के बाद, कानून प्रवर्तन ने ओल्नी, मैरीलैंड बैंक खाते में 3,30,98,160 रुपये से अधिक की जमा राशि की रसीदें भी बरामद कीं। वहीं, मेल और फंड के नुकसान में उसकी कथित संलिप्तता के कारण ऑफ-ड्यूटी (बिना वेतन) पर भेज दिया था।

**लगातार कई चेक चोरी:** बता दें, मामला सामने तब आया, जब इस साल जनवरी में अमेरिका में एक डाक ग्राहक ने शिकायत दी की मेल पर किसी ने धोखाधड़ी से बात की और ट्रेजरी चेक चोरी कर लिया। उसी समय, पांच और चेकों को चुराया गया था। यह सभी चेक एक ही खाते में जमा कराए गए थे।

**ऐसे आया सच:** अधिकारियों ने मामला सामने आने पर जांच शुरू की। तीन जनवरी को एक डाक ग्राहक ने जांचकताओं को 11 लाख रुपये से अधिक के अमेरिकी ट्रेजरी चेक की एक प्रति दी। इस पर हचिकोसेला खोसे मुचिम्बा के आदेश पर भुगतान लिखा गया था। असल में यह चेक ग्राहक के खाते में जमा होने थे, लेकिन कभी नहीं डाले गए। जबकि, पिछले साल सात सितंबर में चेक दूसरे खाते में जमा किया गया था। अभियोजकों का तर्क है कि मुचिम्बा पर शक तब हुआ, जब एक ग्राहक ने बदले हुए चेक पर नाम देखा। दरअसल, यह वहीं नाम और पता था, जो पिछले दिसंबर में मुचिम्बा द्वारा निवासियों को प्रदान किए गए अवकाश कार्ड से मेल खाता था।

याचिका में यह भी बताया गया है कि मुचिम्बा को एटीएम से 82 हजार रुपये से अधिक निकालते हुए सीसीटीवी में कैद किया गया है। तीन तस्वीरें सामने रखीं, जिसमें व्यक्ति अमेरिकी डाक सेवा के कपड़े पहने हुए दिखाई देता है जो आमतौर पर कर्मचारी पहनते हैं। बताया गया है कि मुचिम्बा ने उन खातों में लगभग 98 गलत तरीके से चेक जमा किए थे, जिनकी कुल कीमत 1,40,494202 से अधिक रुपये थी। इन गलत चेकों में से कम से कम 90 अमेरिकी ट्रेजरी चेक थे।

# फ्लोरिडा में चक्रवात के बीच आराम से साइकिल चलाता दिखा युवक

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**फ्लोरिडा।** सोशल मीडिया पर फ्लोरिडा के थांपा बे का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जो कि तुफान के तबाही मचाने के तुरंत बाद लिया रिकॉर्ड किया गया था, जिसमें फ्लोरिडा के एक व्यक्ति को भारी बाढ़ के बीच साइकिल चलाते हुए देखा जा सकता है। फ्लोरिडा में इडालिया चक्रवात के कारण आधा शहर बाढ़ की पानी में डूब गया है।

अधिकारी सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का आकलन करने की कोशिश कर रहे हैं। फ्लोरिडा से टकराने के बाद इडालिया दक्षिण-पूर्व जॉर्जिया में मूसलाधार बारिश और अचानक बाढ़ का खतरा पैदा कर दिया। सोशल



मीडिया पर फ्लोरिडा के थांपा बे का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जो कि तुफान के तबाही मचाने के तुरंत बाद लिया रिकॉर्ड किया गया था। एक्स पर वायरल हो रहे इस वीडियो में फ्लोरिडा के एक व्यक्ति को भारी बाढ़ के बीच साइकिल चलाते हुए देखा जा सकता है। इस वीडियो की कैप्शन में लिखा था, आधिकारिक चेतावनी के बावजूद एक व्यक्ति चार फीट की बाढ़ के पानी में साइकिल चलाने की कोशिश कर रहा है। इस वीडियो को अबतक 1.1ट लोगों ने देखा है और करीब दो हजार से भी ज्यादा लोगों ने पसंद किया है।

इस वीडियो पर कई यूजर्स ने कमेंट भी किया है। उनमें से एक ने कहा, 'तूफान के समय अनावश्यक जोखिम उठाना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है।' वहीं एक दूसरे यूजर ने कहा, 'कुछ लोगों को यह अंदाजा नहीं होता है कि वह खुद को किस मुसीबत में डाल रहे हैं।' एक अन्य यूजर ने कहा, 'वह बहादूर है, लेकिन मुझे चिंता हो रही है कि पानी में कौन सा वन्य जीव होगा। आखिरकार ये फ्लोरिडा है।'

# 50 किलो से अधिक वजन लेकर उड़ान भरेंगे अब ड्रोन

## प्रदेश आईटी विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**मंडी।** अरुणाचल प्रदेश में 50 किलोग्राम तक के ड्रोन के सफल ट्रायल कर लिए हैं, लेकिन अब प्रदेश में आईटी विभाग ने इस दिशा में आगे बढ़ते हुए 50 किलोग्राम तक के सामान उठाने का ट्रायल करने की तैयारी की है। प्रदेश में बरसात के चलते आई आपदा में आपातकालीन समय में दवाइयों सहित और जरूरी स्वास्थ्य सामग्री जरूरतमंदों तक भेजने में अधिक कारगर साबित होने के बाद अब ड्रोन पर और अधिक फोकस किया जाएगा। अब 50 किलोग्राम तक के वजन के साथ ड्रोन के ट्रायल जल्द किए जाएंगे। प्रदेश आईटी विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

यह ट्रायल मंडी, कुल्लू, कांगड़ा और शिमला में होंगे। अभी तक कुछ कंपनियों नैनो ड्रोन 250 ग्राम से कम वजन उठाते हैं, मैक्रो ड्रोन 250 ग्राम से 2 किग्रा तक वजन उठाते हैं और ड्रोन दो किग्रा से दस किलोग्राम वजन ही उठाते हैं। अधिक भार वाली वस्तुओं को ले जाने में यह अभी सक्षम नहीं हैं। हाल ही में आई आपदाओं में नए ड्रोन की सेवाएं लेने के बाद अब इनकी आपातकाल में अधिक जरूरत को देखते हुए बड़े ड्रोन की आवश्यकता पर अधिक फोकस किया जा रहा है।

हालांकि देश का सबसे बड़ा ड्रोन उतारने का दावा आईआईटी मंडी की ओर से किया जा रहा है। अरुणाचल प्रदेश में 50 किलोग्राम तक के ड्रोन के सफल ट्रायल कर लिए हैं, लेकिन अब प्रदेश में आईटी विभाग ने इस दिशा में आगे बढ़ते हुए 50 किलोग्राम तक के सामान उठाने का ट्रायल करने की तैयारी की है। आईटी विभाग के निदेशक नरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रदेश में ड्रोन को हर क्षेत्र में प्रयोग किया जा रहा है। अभी कम वजन के ही ड्रोन के प्रयोग किए जा रहे हैं। अब बड़ा ड्रोन जो 50 किलोग्राम से अधिक वजन उठा सके। उनके ट्रायल किए जाएंगे।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में मंडी से हुई है ड्रोन की शुरूआत

प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में ड्रोन की शुरूआत मंडी से की गई है। इसके लिए क्वार्ड, हैक्जा, ओक्टा और वीटॉर कॉप्टर ड्रोन का इस्तेमाल किया जाता है। प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पूरे प्रदेश में ड्रोन की सेवाएं लेने का फैसला लिया है। मंडी जिले में ही पहले यह प्रयोग सफल रहा था, इसके बाद जिला शिमला में इसका इस्तेमाल किया गया। यह ड्रोन लंबी दूरी की उड़ानें भरने में सक्षम हैं और यह करीब 300 किलोमीटर तक की दूरी तय करने में कारगर हैं।



## अब महिलाएं भी उड़ाएंगी खेतों में ड्रोन, निशुल्क मिलेगी ट्रेनिंग

**शिमला।** इफको और केंद्र सरकार खेतों में तरल खादों के इस्तेमाल को बढ़ावा दे रही है। इस प्रक्रिया को सुगम करने के लिए अब खेतों के ऊपर ड्रोन उड़ाकर तरल खादों का छिड़काव किया जाएगा।

प्रदेश में पहली बार महिलाएं भी खेतों में ड्रोन उड़ाते हुए नजर आएंगी। इसके लिए महिलाओं के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके तहत ऊना के बढेड़ा गांव की रजनी बाला का चयन ड्रोन ट्रेनिंग के लिए हुआ है। रजनी ड्रोन उड़ाने की ट्रेनिंग के लिए चयनित होने वाली प्रदेश की पहली महिला है।

खास बात यह है कि महिलाओं को ड्रोन उड़ाने के लिए मिलने वाली ट्रेनिंग निशुल्क दी जाएगी। ट्रेनिंग के बाद महिलाओं को मिलने वाले ड्रोन की एवज में कोई सुरक्षा राशि नहीं चुकानी होगी। जबकि पुरुषों को ड्रोन ट्रेनिंग के लिए करीब 25,000 रुपये चुकाने होते हैं। इसके साथ ड्रोन प्राप्त करने से पहले सुरक्षा राशि ली जाती है। जानकारी के अनुसार इफको और केंद्र सरकार खेतों में तरल खादों के इस्तेमाल को बढ़ावा दे रही है। इस प्रक्रिया को सुगम करने के लिए अब खेतों के ऊपर ड्रोन उड़ाकर तरल खादों का छिड़काव किया जाएगा। खेतों पर ड्रोन उड़ाने के लिए सबसे पहले इच्छुक पुरुषों का चयन किया गया। अब इसमें महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए गए हैं। रजनी बाला ने कह कि महिलाएं आज किसी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और ऐसे मौके हर महिला को मिलने चाहिए। नहीं चुकानी होगी कोई राशिपुरुष आवेदकों से ड्रोन उड़ाने की ट्रेनिंग में 60 हजार रुपये खर्च आता है।

इसमें 25 से 30 हजार रुपये आवेदक को खर्च करने पड़ते हैं और बाकी राशि इफको की ओर से चुकाई जाती है। लेकिन महिलाओं से इसके लिए कोई राशि नहीं ली जाएगी। वहीं इफको जब ट्रेनिंग के बाद ड्रोन सौंपता है तो उसकी एवज में 50 हजार रुपये सुरक्षा राशि ली जाती है। वहीं महिलाओं के लिए यह भी निशुल्क रहेगा।

### यह है आवेदन प्रक्रिया

इफको की ड्रोन उड़ाने की ट्रेनिंग में आवेदन करने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस और पासपोर्ट का होना अनिवार्य है। ड्रोन को एक स्थान से दूसरी जगह लेकर जाने को एक इलेक्ट्रिक वाहन भी निशुल्क प्रदान किया जाएगा और उसके संचालन के लिए ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है। इसके अलावा आवेदक को बेरोजगार होना चाहिए और गांव की कृषि सहकारी सभा की ओर से उसके नाम का परामर्श दिया जाना चाहिए।

### महिलाओं के लिए अलग से आएंगे ड्रोन

प्रदेश में महिलाओं के लिए ड्रोन की खेप अलग से आएगी। प्रत्येक ड्रोन की कीमत 12 लाख रुपये के आसपास होगी। शुरुआत में प्रदेश के विभिन्न जिलों के लिए चार ड्रोन आएंगे। इसमें से एक ड्रोन ऊना जिला में आएगा। जबकि अन्य जिलों का चयन होना अभी बाकी है।

*इफको जल्द प्रदेश में ड्रोन के जरिये खेतों में तरल खाद और कीटनाशकों के छिड़काव करने की प्रक्रिया में आगे बढ़ रहा है। इसके लिए हरियाणा के गुड़गांव में सूचीबद्ध तरीके से आवेदकों को ट्रेनिंग मिल रही है। इसमें अब महिलाओं को भी शामिल किया जा रहा है। इसके तहत ऊना जिले की एक महिला को जल्द ट्रेनिंग दिलाई जाएगी।*

**- भुवनेश पठानिया, हिमाचल प्रदेश राज्य विपणन प्रबंधक, इफको।**

## लोकसभा चुनाव को देख जयराम ने छेड़ा है एसपीयू का रागः शिक्षा मंत्री



**शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए जयराम ठाकुर ने एक बार फिर सरदार पटेल विश्वविद्यालय का राग छेड़ दिया है।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर पलटवार करते हुए कहा है कि सरदार पटेल विश्वविद्यालय (एसपीयू) का मुद्दा उठाकर वह केवल राजनीतिक कर रहे हैं। वर्तमान राज्य सरकार का सरदार पटेल विश्वविद्यालय को बंद करने का कोई इरादा नहीं है और न ही इस विश्वविद्यालय को बंद किया जा रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए जयराम ठाकुर ने एक बार फिर सरदार पटेल विश्वविद्यालय का राग छेड़ दिया है।

वह क्षेत्रीय भावनाओं को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। अच्छा होता कि सत्ता में रहते हुए वे विश्वविद्यालय खोलने के लिए पहले आधारभूत ढांचा विकसित करते। खेद की बात है कि उन्हें केवल अपने राजनीतिक लाभ की चिंता थी, बच्चों के भविष्य से उनका कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि सत्ता में रहते हुए जयराम ठाकुर ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय को केवल एक कॉलेज के भवन में शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि यहां पर गुणात्मक शिक्षा तो दूर, न विद्यार्थियों के लिए कक्षा लगाने की सही व्यवस्था थी और न ही उनकी परीक्षाएं करवाने में विश्वविद्यालय सक्षम हो पाया। जय राम ठाकुर ने सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक लाभ को देखते हुए सरदार पटेल यूनिवर्सिटी खोली और विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया।

## भू-वैज्ञानिकों की टीम सैंज पहुंची, पानी और मिट्टी के सैंपल भरे



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**कुल्लू।** वैज्ञानिकों की टीम ने विभिन्न स्थानों पर हो रहे भूस्खलन के पीछे की वजह जानने को लेकर तथ्य जुटाने के लिए मिट्टी और पानी के सैंपल भरे। प्राकृतिक आपदा से धंस रहे गांवों और दरक रही जमीन के कारणों का पता लगाने के लिए भू-वैज्ञानिकों की टीम सैंज घाटी पहुंच गई है। टीम घाटी के लगभग एक दर्जन गांव का दौरा कर मिट्टी और पानी के सैंपल लिए हैं।

सैंज घाटी में दस जुलाई की बाढ़ और इस दौरान हुई भारी बारिश से दर्जनों गांव खतरे की जद में हैं। कई जगह जमीन धंस रही है और कई क्षेत्र में लगातार हो रहा भूस्खलन चिंता का विषय बना हुआ है। गाड़ापारली, शैंशर, देहुरीधार, सुचैहण, दुशाहड़, देवगढ़ गोही, बनोगी, तलाडा और रैला पंचायतों के करीब दो दर्जन गांव से लोग पालायन कर पड़ोसी गांव में शरण लिए हुए हैं।

प्रशासन ने दरक रही जमीन का निरीक्षण भू-वैज्ञानिकों से करवाने का फैसला लिया। भारी बारिश के दौरान विभिन्न स्थानों पर हुए अंधाधुंध भूस्खलन के मूल कारणों को जानने के लिए भू-वैज्ञानिकों की एक टीम सैंज पहुंच गई है। रविवार दोपहर बाद करीब तीन बजे वरिष्ठ भूवैज्ञानिक तृप्ति बाबा की अध्यक्षता में पहुंची।

जांच दल के सदस्यों ने गरशाला गांव, पार्वती डेम साइट और करटाह गांव के अलावा सैंज बाजार में हो रहे भूस्खलन क्षेत्र का जायजा लिया। वैज्ञानिकों की टीम ने विभिन्न स्थानों पर हो रहे भूस्खलन के पीछे की वजह जानने को लेकर तथ्य जुटाने के लिए मिट्टी और पानी के सैंपल भरे।

## कुल्लू-मनाली नेशनल हाईवे वनवे बहाल, जाम विकराल, झलोगी के पास भूस्खलन का खतरा



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**कुल्लू।** झलोगी टनल के पास पहाड़ी से हो रहे लगातार भूस्खलन से अभी खतरा बना हुआ है। ऐसे में यहां से वाहनों को एक-एक कर भेजा जा रहा है। इसके चलते रोजाना लंबा जाम लग रहा है। झलोगी के पास चार दिन से बंद मंडी-मनाली एनएच बहाल हो गया है। जिस जगह भूस्खलन हुआ ?है, वहां से वाहनों को वनवे निकाला जा रहा है।

उधर, झलोगी के पास भूस्खलन से खतरा बना हुआ है। रविवार को सभी वैकल्पिक मार्ग खुले रहे, लेकिन इन पर जाम की स्थिति बनी रही। रविवार को हर मार्ग पर बहुत अधिक जाम देखा गया। सबसे अधिक जाम औट और बनाला के पास लगा रहा। वहीं पंडोह डैम, झलोगी के पास हर तरफ जाम से लोग परेशानी में हैं। रविवार को बजौरा-कटौला कमांद रोड और पंडोह चैलचौक पर दिनरात आवाजाही हुई, जबकि कैंचीमोड़ से कुल्लू तक वनवे वाहनों को निकाला गया। बता दें कि 22 अगस्त को पंडोह के समीप कैंची मोड़ में भूस्खलन हो गया था। ऐसे में कुल्लू-मंडी एनएच बहाल करने के लिए पंडोह डैम से पुराने मार्ग को जोड़कर वनवे बहाल किया गया है।

उधर, एनएच को और बेहतर करने के लिए काम जोरों पर चल रहा है। इसे 15 अक्तूबर तक तैयार कर लिया जाएगा। झलोगी टनल के पास पहाड़ी से हो रहे लगातार भूस्खलन से अभी खतरा बना हुआ है।

### समयसीमा हटाने के बाद लग रहा लंबा जाम

कुल्लू-मंडी हाईवे में वाहनों की आवाजाही के लिए समयसीमा हटाने के बाद जाम लग रहा है। पनारसा से लेकर थलौट तक वाहनों की कतारें लग रही हैं। कुल्लू से मंडी की तरफ जाने वाले वाहन बजौरा से तो निकल रहे हैं लेकिन नगवाईं से लेकर थलौट तक जाम में फंस रहे हैं। पंडोह के पास पहुंचने के बाद ही वाहनों को रोककर अस्थायी मार्ग से वाहन आरपार करवाए जा रहे हैं।

### तीन दिन मौसम खराब, बिजली गिरने का येलो अलर्ट

मौसम विज्ञान विभाग शिमला ने छह सितंबर तक मौसम खराब रहने और बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है। चार से छह सितंबर के बीच प्रदेश में कई स्थानों पर वर्षा होने की संभावना है। प्रदेश में मानसून के धीमा पड़ने के बावजूद आगामी दिनों में कई क्षेत्रों में वर्षा का दौर जारी रहेगा। सात सितंबर के बाद मौसम फिर साफ रहने का पूवार्नुमान है।

## राजमिस्त्री सीखेंगे भवन बनाने की तकनीक



**आपदा प्रबंधन हर पंचायत में देगा प्रशिक्षण**

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**शिमला।** प्रदेश में एक-दो दशक से भवन निर्माण से जुड़े कामगारों में केवल 3% से ज्यादा ने ही आठवीं कक्षा से अधिक की पढ़ाई की। 47% ने तो पांचवीं तक की पढ़ाई भी नहीं की। हिमाचल प्रदेश में 14,000 राजमिस्त्री पुरानी और नई शैली में भवन निर्माण करना सीखेंगे। हर पंचायत में कम से कम पांच राजमिस्त्री प्रशिक्षित होंगे। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कुल 16,000 राजमिस्त्रियों को यह ट्रेनिंग देने का लक्ष्य तय किया है। अभी तक केवल दो हजार को ही ऐसा प्रशिक्षण प्राप्त है।

प्राधिकरण के निदेशक डीसी राणा ने बताया कि एक विस्तृत अध्ययन के बाद राजमिस्त्रियों को आज की जरूरत के अनुसार प्रशिक्षित किया जा रहा है। बरसात में भरभराकर गिर रहे भवनों को देखते हुए अब बड़े स्तर पर यह अभियान चल रहा है। इनके प्रशिक्षण के लिए एक योजना बनाई गई है।

### 57 फीसदी लोग घर बनाने से पहले मिस्त्रियों से करते हैं संपर्क

प्राधिकरण की ओर से करवाए अध्ययन के अनुसार प्रदेश में मकान बनाने से पहले 57% लोग सबसे पहले मिस्त्रियों से संपर्क करते हैं। वे वास्तुकार या इंजीनियर से जानकारी नहीं लेते हैं। इससे निर्माण की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ रहा है। भवन निर्माण के लिए 29 प्रतिशत लोगों ने किसी की भी राय नहीं ली।

### 47 प्रतिशत कामगार 5वीं पास भी नहीं

प्रदेश में एक-दो दशक से भवन निर्माण से जुड़े कामगारों में केवल 3% से ज्यादा ने ही आठवीं कक्षा से अधिक की पढ़ाई की। 47% ने तो पांचवीं तक की पढ़ाई भी नहीं की। 50% ने आठवीं तक की पढ़ाई की है। अध्ययन के अनुसार प्रदेश में कुशल कामगारों का न मिलना भी भवन निर्माण की एक बड़ी समस्या है। 90% कामगार इस बात से जागरूक नहीं थे कि आपदा से निपटने के लिए कैसे भवन बनाएं।

### जबलपुर, गुजरात, कश्मीर और सिक्किम में आए भूकंप की तरह नुकसान को चेताया

हिमाचल में राजमिस्त्रियों, कारपेंटर और वायर वेंडर को निर्माण कार्य के बारे में संपूर्ण प्रशिक्षण देने की सलाह दी गई। अध्ययन में चेताया गया कि आरसीसी डिजाइन और ढांचा ठीक से न बनने से जीवन और संपत्ति का नुकसान हो सकता है। जैसा कि जबलपुर, गुजरात, कश्मीर और सिक्किम में आए भूकंप में देखा जा चुका है। शिमला समेत अन्य जगहों पर जिस तरह से भवन बनाए गए हैं, वे उच्च जोखिम वाले हैं।

## क्षय रोग के लक्षण के हिसाब से अस्पतालों के स्तर तय, पीड़ितों को तुरंत मिलेगा उपचार



**दर्पण न्यूज सर्विस**

**शिमला।** अगर मरीज गंभीर है तो उसके 18 लक्षणों को जांच करने के बाद सीधे जिले के बड़े अस्पतालों में उपचार के लिए सुविधा दी जाएगी। इन मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए एंबुलेंस की सुविधा भी दी जाएगी। प्रदेश में क्षय रोग से पीड़ितों को अब उपचार के लिए अस्पतालों के धक्के नहीं खाने पड़ेंगे।

स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेशभर में अस्पतालों का स्तर निर्धारित कर दिए हैं और तीन चरण बना दिए हैं। हेल्थ वेलनेस सेंटर, अस्पताल और आयुष अस्पताल में टीबी मरीज का आकलन किया जाएगा। अगर मरीज क्षय रोग से अधिक पीड़ित है तो उसे बड़े अस्पताल में रेफर किया जाएगा। इससे जहां मरीज को तुरंत उपचार की सुविधा मिलेगी। वहीं मरीज को परेशानी का सामना भी नहीं करना पड़ेगा। इससे पहले अधिक क्षय रोग से पीड़ित मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अधिक समस्या गंभीर टीबी मरीजों को हो रही थी। उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सही उपचार और भर्ती नहीं किया जाता था। ऐसे में मरीजों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और अंत में टीबी अस्पताल या क्षेत्रीय अस्पताल मरीज को रेफर किया जाता था। इस कारण टीबी और अधिक बिगड़ जाती थी।

इसे देखते हुए महकमे ने अब स्तर को निर्धारित किया है ताकि कम टीबी मरीज को पीएचसी स्तर पर ही उपचार की सुविधा दी जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### जहरीले तेल में बना खाना खाने से हुई चार लोगों की मौत, फोरेंसिक लैब की रिपोर्ट में खुलासा

**कांगड़ा।** फोरेंसिक विभाग की ओर से पुलिस को सौंपी गई रिपोर्ट में खाद्य तेल में जहर के लक्षण मिले हैं। इस जहरीले तेल का प्रयोग होने के कारण ही एक ही परिवार के छह सदस्य बीमार हुए थे। इनमें से चार की मौत हो गई। विकास खंड धर्मशाला की घियाणा कलां पंचायत में एक ही परिवार के चार लोगों की हुई मौत मामले में रसोई घर में प्रयोग होने वाले खाद्य तेल में जहर के लक्षण पाए गए हैं। जिस-जिस सब्जी में इस तेल का प्रयोग हुआ है, वह भी विषैला बन गया। यह खुलासा फोरेंसिक लैब से आई प्रारंभिक रिपोर्ट में हुआ है। एक ही परिवार के चार लोगों की मौत के राज से धीरे-धीरे पर्दा उठने लगा है। फोरेंसिक विभाग की ओर से पुलिस को सौंपी गई रिपोर्ट में खाद्य तेल में जहर के लक्षण मिले हैं। इस जहरीले तेल का प्रयोग होने के कारण ही एक ही परिवार के छह सदस्य बीमार हुए थे। इनमें से चार की मौत हो गई, जबकि दो अभी भी बीमार चल रहे हैं। पुलिस इस जांच में जुट गई है कि तेल में किसी न जहर मिलाया या यह पहले से ही जहरीला था। गौर रहे कि घियाणा कलां पंचायत के एक परिवार की हालत खाना खाने के बाद 30 जुलाई को बिगड़ गई थी। परिवार के सदस्य अस्पताल पहुंचे, जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया, लेकिन 31 जुलाई को परिवार के सभी सदस्य फिर से बीमार हो गए और सभी को गंभीर हालत में टांडा पहुंचाया गया। जहां पर अशनील कुमार और उनकी पत्नी सुमना देवी को गंभीर हाल में लुधियाना रेफर किया गया। इसी बीच रास्ते में चार अगस्त को अशनील की मौत हो गई, जबकि कुछ दिन उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर सुमना देवी को भी टांडा वापस भेज दिया, जिसने 15 अगस्त को दम तोड़ दिया। इसके बाद परिवार के तीसरे सदस्य मोहिंद्र सिंह ने भी 16 अगस्त को दम तोड़ दिया, जबकि 18 अगस्त को परिवार के चौथे सदस्य बुजुर्ग महिला की भी मौत हो गई थी। फोरेंसिक लैब से डीएसपी अंकित शर्मा ने बताया कि आई प्रारंभिक रिपोर्ट में खाद्य तेल और उससे बने अन्य पदार्थों में जहर के नमूने पाए गए हैं। तेल में यह जहर कहां से और कैसे आया, अब इसकी जांच पड़ताल की जाएगी। वहीं मौत के असली कारणों का पता अंतिम रिपोर्ट के बाद ही आएगा।

### प्रधान महालेखाकार ने किया 1 लाख खातों का आवंटन, मासिक अंशदान की कटौती शुरू

**सोलन।** जीपीएफ खाताधारकों के खातों में मासिक अंशदान की कटौती शुरू कर दी है। लगभग 60,000 रुपये कटौतियां इस माह में प्राप्त होने की संभावना है। प्रदेश में पुरानी पेंशन की अधिसूचना जारी होने के बाद प्रधान महालेखाकार कार्यालय की ओर से 1,02,500 जीपीएफ खातों का आवंटन किया गया है। इन कर्मचारियों ने ओपीएस का विकल्प चुना था। जबकि अन्य खातों को तैयार किया जा रहा है। वहीं जिन खातों को तैयार कर लिया गया है, उन खाताधारकों के खातों में मासिक अंशदान की कटौती शुरू कर दी है। लगभग 60,000 रुपये कटौतियां इस माह में प्राप्त होने की संभावना है। एनपीएस अध्यक्ष अशोक ठाकुर, एनजीओ अध्यक्ष मनदीप ठाकुर के अलावा दीपक ओझा, मोहन सिंह और ज्योति प्रकाश ने रविवार को वरिष्ठ लेखा अधिकारी जीपीएफ सेल जेआर चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान वरिष्ठ लेखा अधिकारी सैल ने कई प्रकार की जानकारी कर्मचारियों को दी। उन्होंने बताया कि अभी 12 से 14 हजार खाते खोले जाने हैं। इसके लिए तेजी से प्रक्रिया चल रही है। आवंटन होने वाले खातों के लिए डीडीओ से आग्रह किया गया है कि जल्द संबंधित डाटा भेजें। वहीं मनदीप ठाकुर ने बताया कि रविवार को वरिष्ठ लेखा अधिकारी का आभार भी जताया गया। क्योंकि अधिसूचना जारी होने के तीन माह बाद उन्होंने जीपीएफ खाते खोले हैं, जो एक बड़ा आंकड़ा है।

### कैश डालने वाले अफसर ने ही गायब किए 24 लाख, 13 एटीएम से हुई पैसों की गड़बड़ी

**नाहन (सिरमौर)।** जब बैंक प्रबंधन ने आरोपी के खिलाफ नाहन पुलिस सदर थाना में शिकायत दर्ज करवाई तो आरोपी ने हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत ले ली। मामला दर्ज होते ही आरोपी ने सात लाख रुपये जमा करवा दिए हैं। जिला मुख्यालय नाहन के 12 और औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब के एक एटीएम से 24.65 लाख रुपये की हेराफेरी का मामला सामने आया है। हैरानी इस बात की है कि पैसे गायब करने वाला और कोई नहीं, बल्कि एटीएम में पैसे डालने वाला यानी बैंकों की ओर से अधिकृत कंपनी का एक एग्जीक्यूटिव अफसर निकला। फिलहाल, बैंक प्रबंधकों की ओर से शिकायत के बाद सदर पुलिस थाना नाहन में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी से पुलिस सात लाख रुपये की रिकवरी भी कर चुकी है। इस मामले में पुलिस आगामी कार्रवाई में जुटी है। बता दें कि नाहन में एसबीआई, एचडीएफसी समेत अन्य बैंकों के एटीएम हैं। एसबीआई के जिला मुख्यालय नाहन में जगह-जगह एटीएम हैं। वहीं, कालाअंब में भी कई एटीएम चल रहे हैं, जहां से कंपनी का अधिकारी बैंकों की ओर से दिए गए कोड से एटीएम में बची राशि की निकासी करता रहा। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब बैंकों की ओर से आडिट किया गया। खुलासा हुआ कि एटीएम में पड़े कैश और उपभोक्ताओं की ओर से निकाली गई राशि में काफी अंतर है। बताया जा रहा है कि एटीएम में कैश डालने वाला अधिकारी दूसरी बार कैश डालने से पहले ही कुछ राशि को बाहर निकाल लेता था। यह सिलसिला कई दिनों तक चलता रहा। यह राशि एसबीआई और एचडीएफसी बैंकों के एटीएम से निकाली गई। जब बैंक प्रबंधन ने आरोपी के खिलाफ नाहन पुलिस सदर थाना में शिकायत दर्ज करवाई तो आरोपी दीपचंद निवासी रामाधौन, जिला सिरमौर ने हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत ले ली। मामला दर्ज होते ही आरोपी ने सात लाख रुपये जमा करवा दिए हैं। पुलिस अधीक्षक सिरमौर रमन कुमार मीणा ने बताया कि बैंक प्रबंधकों की शिकायत पर मामला दर्ज हुआ है। पुलिस आगामी कार्रवाई में जुटी है।

### स्क्रब टायफस के इलाज में देरी से नसों में जम सकता है खून, अध्ययन में खुलासा

**शिमला।** पिछले बीस साल से इस विषय पर कई अध्ययन कर चुके डॉ. संजय महाजन ने बताया कि स्क्रब टायफस के लक्षणों का पता लगते ही तुरंत चिकित्सीय सलाह ली जानी चाहिए। स्क्रब टायफस के इलाज में देरी करने पर मरीजों की नसों में ही खून जम सकता है या ब्लीडिंग शुरू हो सकती है। यह बात आईजीएमसी शिमला के विशेषज्ञों के अध्ययन में सामने आई है। यह स्टडी आईजीएमसी में मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ. संजय महाजन की निगरानी में सह आचार्य डॉ. बलराज सिंह, रेजिडेंट डॉ. दीप्ति सिंगला और डॉ. कोमल अहिरे ने की है। इस संबंध में एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स इंडिया ने एक शोध पत्र छापा है। यह अध्ययन 71 मरीजों पर किया गया। इनमें 45 महिलाएं थीं। इनमें 70 को बुखार था। 22 को मांसलता में पीड़ा थी। 13 को पेचिस थी। 11 को खांसी, उल्टी और सिरदर्द हुआ। 10 संज्ञा शून्यता यानी अचेत जैसी अवस्था में थे। 9 को पेट दर्द था। इनमें से 42 मरीजों में मल्टीपल ऑरगन डिस्फंक्शन सिंड्रोम यानी एमओडीएस हुआ, जो 59.1 प्रतिशत मरीज थे। 33 मरीजों यानी 46.6 प्रतिशत में सेप्टिक शॉक हुआ। संक्रमण से इनका रक्तचाप गिर गया। 24 मरीजों यानी 33.8 प्रतिशत में सेप्टिक शॉक के साथ एमओडीएस हुआ। 17 मरीजों में डिसेमिनेटेड इंट्रावास्कुलर कोगुलेशन (डीआईसी) पाया गया। यानी नसों में खून जम गया। ब्लीडिंग शुरू हो गई। आठ मरीजों की मौत हो गई। पिछले बीस साल से इस विषय पर कई अध्ययन कर चुके डॉ. संजय महाजन ने बताया कि स्क्रब टायफस के लक्षणों का पता लगते ही तुरंत चिकित्सीय सलाह ली जानी चाहिए, जिससे डीआईसी जैसी गंभीर स्थिति पैदा न हो।

## मौसम की मार से 6,000 करोड़ की सेब आर्थिकी पर संकट

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**शिमला।** संयुक्त किसान मंच के सह संयोजक संजय चौहान का कहना है कि मौसम की मार से सेब की फसल को भारी नुकसान हुआ है। प्रदेश के लाखों लोगों की आर्थिकी संकट में आ गई है। मौसम की मार से हिमाचल की 6,000 करोड़ की सेब आर्थिकी पर संकट गहरा गया है। बगीचों में पेड़ों से पत्ते झड़ गए हैं। जिसके चलते बागवानों को समय से पहले फसल तोड़नी पड़ रही है।

आकार और रंग न सुधरने के कारण बागवानों को मंडियों में फसल के उचित दाम नहीं मिल रहे। हिमाचल में करीब साढ़े तीन लाख परिवार सेब आर्थिकी से जुड़े हैं। प्रदेश में 7,000 फीट से अधिक ऊंचाई वाले बगीचों में सेब की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। 15 सितंबर के बाद जहां फसल टूटनी थी, वहां क्वालिटी न बनने के कारण बागवानों को निर्धारित समय से करीब दो हफ्ते पहले फसल तोड़नी पड़ रही है। इस साल सीजन की शुरूआत से ही सेब की फसल मौसम की मार से प्रभावित है।

सर्दियों में बर्फबारी कम होने के बाद असमय भारी बारिश से सेब की फसल को नुकसान हुआ है। इस साल प्रदेश में सामान्य के मुकाबले करीब 35 फीसदी ही फसल है उस पर बीमारियों ने बागवानों की कमर तोड़ दी है। आढ़तियों का कहना है कि मंडियों में पहुंच रही फसल की गुणवत्ता सही नहीं है इसलिए दामों में गिरावट आ रही है।

संयुक्त किसान मंच के सह संयोजक संजय चौहान का कहना है कि मौसम की मार से सेब की फसल को भारी नुकसान हुआ है।

**पर्यटन कारोबार**

### लांग वीकेंड के चलते सैलानियों की इंक्वायरी शुरू हो गई

## प्रदेश में वीकेंड पर छुट्टियों से रफ्तार पकड़ सकता है पर्यटन कारोबार, एडवांस बुकिंग शुरू

**दर्पण न्यूज सर्विस**

**कुल्लू।** ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन के महासचिव मनु सूद ने बताया कि हिमाचल में भारी बारिश का क्रम टूट गया है। सड़कें बहाल हो रही हैं। अगले हफ्ते लांग वीकेंड के चलते सैलानियों की इंक्वायरी शुरू हो गई है। प्रदेश में मानसून के कमजोर पड़ने के बाद इस हफ्ते वीकेंड पर छुट्टियों के चलते पर्यटन सीजन के रफ्तार पकड़ने की संभावना है।

सितंबर माह के दूसरे वीकेंड के लिए होटलों में कमरों की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। एक हफ्ते पहले ही प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर 20 से 30 फीसदी कमरे बुक हो गए हैं। जी-20 सम्मेलन चलते इस हफ्ते 8 से 10 सितंबर तक दिल्ली बंद रहने के कारण भी पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की आमद बढ़ने की उम्मीद है।



शिमला, नारकंडा, कसौली, चायल, किन्नौर और लाहौल-स्पीति में सैलानियों ने वीकेंड के लिए कमरों की बुकिंग शुरू कर दी है।

ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन के महासचिव मनु सूद ने बताया कि हिमाचल में भारी बारिश का क्रम टूट गया है। सड़कें बहाल हो रही हैं। अगले हफ्ते लांग वीकेंड के चलते सैलानियों की इंक्वायरी शुरू हो गई है। टूरिस्ट कमरों की एडवांस बुकिंग भी करवा रहे हैं। शिमला होटल एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रिंस कुकरेजा का कहना है कि वीकेंड के लिए कमरों की एडवांस बुकिंग चल रही है।

दिल्ली में जी-20 समिट के चलते शिमला में सैलानियों की आमद बढ़ने की उम्मीद है। फेडरेशन ऑफ हिमाचल होटल एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गजेंद्र ठाकुर का कहना है कि सितंबर के दूसरे हफ्ते से प्रदेश में पर्यटन कारोबार के रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है। मौसम खराब होने के कारण लंबे समय से पर्यटक हिमाचल की वादियों का रुख नहीं कर पा रहे थे, लांग वीकेंड पर सैलानियों की आमद बढ़ेगी। जुलाई में आई बाढ़ से हुई तबाही के बाद सोशल मीडिया में नकारात्मक प्रचार भी हुआ है।

इससे हिमाचल में पर्यटन कारोबार शून्य हो गया है। कारोबारी भविष्य को लेकर चिंतित है। पर्यटक हिमाचल प्रदेश की यात्रा करने से डर रहे हैं। फोहरा के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र ठाकुर ने बताया कि राज्य भर में व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए फोहरा ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से हिमाचल के प्रमुख स्थलों को प्रदर्शित करने का निर्णय लिया है। फोहरा के आधिकारिक पेज पर प्रतिदिन एक पोस्ट प्रकाशित की जाएगी। जिसमें एक विशिष्ट पर्यटन शहर को फोकस किया जाएगा। इसके अलावा ब्लॉगर भी आमंत्रित किए जाएंगे। बाढ़ में क्षतिग्रस्त हुई सड़को के कारण मनाली का पर्यटन कारोबार ठप है। रविवार को मनाली के पर्यटन कारोबार से जुड़े विभिन्न संगठनों की बैठक हुई।

जिसमें निर्णय लिया गया कि सोमवार को एक संयुक्त कमेटी विधायक भुवनेश्वर गौड़ की अगुवाई में उपायुक्त से मिलेगी। इसके बाद राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री, मंत्रियों को भी स्थिति से अवगत करवाकर समाधान की मांग की जाएगी।

### सितंबर के पहले सप्ताह में 40 फीसदी कमरे बुक

सितंबर के पहले वीकेंड पर प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर 35 से 40 फीसदी तक कमरे बुक रहे। शिमला में 25 से 30, चायल में 35, कसौली में 40 से 50 फीसदी कमरे बुक रहे। किन्नौर के और लाहौल-स्पीति में भी कमरों की बुकिंग में इजाफा हुआ है।

### पर्यटन कारोबार बचाने के लिए आगे आई एसोसिएशन

प्राकृतिक आपदा के बाद हिमाचल प्रदेश में पर्यटन को पटरी पर लाने के लिए फोहरा (फेडरेशन ऑफ हिमाचल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन) ने योजना बनाई है। हिमाचल के डूबते पर्यटन को सहारा देने के लिए फोहरा प्रचार-प्रसार पर जोर देगा। इसके लिए देश के नामी ब्लॉगर बुलाए जाएंगे। साथ ही फोहरा की साइट, सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हर रोज एक पोस्ट डालकर हिमाचल आने के लिए सकारात्मक माहौल बनाने का प्रयास किया जाएगा।

# 634 खिलाडियों पर 262 सपोर्ट स्टाफ को एशियाड की हरी झंडी

**दर्पण न्यूज सर्विस**

नई दिल्ली। हांगझोऊ एशियाई खेलों में अब तक सबसे बड़ा भारतीय दल शिरकत करेगा। खेल मंत्रालय 634 खिलाड़ियों को पहले ही मंजूरी दे चुका है। अब उसने इन खिलाड़ियों पर 262 सदस्यीय प्रशिक्षकों और सपोर्ट स्टाफ के दल को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस लिहाज से हांगझोई में भारत का कुल 896 सदस्यीय दल शिरकत करेगा।

एशियाड जाने वाले खिलाड़ियों में सबसे बड़ा दल एथलेटिक्स का है। कुल 65 एथलीट हांगझोऊ में शिरकत करेंगे। इन एथलीटों पर सबसे ज्यादा 26 सपोर्ट स्टाफ, प्रशिक्षको को मंजूरी दी गई है। क्रिकेट की 30 सदस्यीय पुरुष और महिला टीम के साथ 16 सदस्यीय सपोर्ट स्टाफ को मंजूरी मिली है। पुरुष टीम के मुख्य प्रशिक्षक वीवीएस लक्ष्मण होंगे, जबकि गेंदबाजी कोच साईराज बहुतले को चुना गया है। पटियाला के मुनीश बाली फील्डिंग कोच होंगे। महिला क्रिकेट टीम के मुख्य प्रशिक्षक पूर्व क्रिकेटर ऋषिकेश कानितकर होंगे। हॉकी टीम के साथ भी 16 सदस्यीय सपोर्ट स्टाफ होगा।



सपोर्ट स्टाफ के दल में खेल संघों ने विदेशी प्रशिक्षकों को तरजीह दी है। एथलेटिक्स में 26 में से नौ सपोर्ट स्टाफ विदेशी हैं। इनमें नीरज चोपड़ा के कोच क्लॉस बार्टोनिएट्ज भी हैं। नीरज के फीजियो ईशान मरवाह को भी दल में जगह दी गई है। वहीं हॉकी में 16 में से 8 सपोर्ट स्टाफ विदेशी हैं। मुक्केबाजी, तीरंदाजी, निशानेबाजी ने भी अपने विदेशी प्रशिक्षकों को दल में शामिल किया है। निशानेबाजी में विवादास्पद हाई परफॉरमेंस डायरेक्टर पियरे ब्यूचेंप को भी जगह दी गई है।

दल में शामिल नामी भारतीय प्रशिक्षकों में बैडमिंटन में गोपीचंद, निशानेबाजी में समरेश जंग, भारोत्तोलन में विजय शर्मा, रोइंग में इस्माइल बेग शामिल हैं। महिला कुश्ती टीम की कोच पूर्व पहलवान अल्का तोमर को तैनात किया गया है। सुजीत मान, विनोद कुमार, शशिभूषण, मनोज कुमार अन्य कोच होंगे। तदर्थ समिति ने पुराने प्रशिक्षकों जगमिंदर, हरगोविंद और रंधीर सिंह को हटा दिया है। मंत्रालय ने भारतीय ओलंपिक संघ के 14 सदस्यी दल को भी मंजूरी दी है। इनमें चेफ डि मिशन के रूप में भूपेंदर सिंह बाजवा होंगे, जबकि रविंदर चौधरी, पूर्व तीरंदाज डोला बनर्जी, पूर्व हॉकी कप्तान एमएम सोमाया और पी रामाचंद्रन डिप्टी चेफ डि मिशन होंगे।

## पाकिस्तान को पीटकर भारत बना एशिया कप का चैंपियन, कटाया हॉकी वर्ल्ड कप 2024 का भी टिकट

नई दिल्ली। भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को रोमांचक शूटआउट में 2-0 से हराकर पहला पुरुष हाकी 5 एशिया कप जीत लिया है। निर्धारित समय तक स्कोर 4-4 से बराबर था। इस जीत के साथ ही भारत ने एफआइएच पुरुष हाकी 5 विश्व कप 2024 में भी प्रवेश कर लिया। भारत की ओर से मोहम्मद राहील मनिंदर और जुगराज सिंह ने गोल दागे।

भारत के लिए मोहम्मद राहील (19वां और 26वां), जुगराज सिंह (सातवां) और मनिंदर (10वां मिनट) ने निर्धारित समय में गोल दागे। वहीं गुरजोत सिंह और मनिंदर सिंह ने शूटआउट में गोल किए। पाकिस्तान के लिए निर्धारित समय में अब्दुल रहमान (पांचवां), कप्तान अब्दुल राणा (13वां), जिकरिया हयात (14वां) और अरशद लियाकत (19वां) ने गोल दागे।



## ज्यूरिख डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहे चोपड़ा

**दर्पण न्यूज सर्विस**

नई दिल्ली। नीरज चोपड़ा को ज्यूरिख डायमंड लीग में अपने अंतिम प्रयास में 85.71 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ जैकब वाडलेज्च के बाद दूसरे स्थान पर रहे। पहले नंबर पर चेक के वडलेज्च रहे। दोनों के थ्रो में ज्यादा अंतर नहीं था। वडलेज्च 85.86 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ नंबर पर रहे। इसके चलते नीरज ठीì उँङ्गस्त्र१ को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा ओर चेक के वडलेज्च ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। तीसरे नंबर पर जर्मनी के जूलियन वेबर 85.04 मीटर थ्रो के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता रहे।




नीरज के कुछ प्रयास निराशाजनक रहे। उनके कुल छह प्रयासों में से तीन थ्रो फाउल रहे और वे डायमंड लीग प्रतियोगिता में जीत की हैट्रिक नहीं बना सके। बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में गोल्ड मेडल जीतने के बाद वह ज्यूरिख चले गए है। इस सत्र में भारतीय चैंपियन का ये पहला सिल्वर मेडल है। इससे पहले उन्होंने गोल्ड ही जीता है।

**नीरज के प्रयास-**

नीरज ने पहले प्रयास में 80.79 मीटर का थ्रो किया

दूसरा थ्रो उनका फाउल रहा

तीसरा थ्रो फिर नीरज का फाउल रहा

नीरज का चौथा प्रयास 85.22 मीटर का थ्रो रहा

नीरज का पांचवां प्रयास दोबारा फाउल हो गया

नीरज ने छठा प्रयास 85.71 मीटर का थ्रो किया

छठे प्रयास में सफल होने के कारण वे दूसरे स्थान पर रहे। डायमंड लीग का फाइनल 16-17 सितंबर को अमेरिका के यूजीन में होगा। नीरज पहले ही इसके लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। उन्होंने इससे पहले दोहा और लुसाने चरण में पहला स्थान प्राप्त किया था, जबकि चोटिल होने के कारण मोनाको चरण में भाग नहीं ले सके थे।

लंबी कूद में भारतीय एथलीट मुरली श्रीशंकर 7.99 मीटर की छलांग के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

## मोहन बागान ने रचा इतिहास, फाइनल में ईस्ट बंगाल को हराकर रिकॉर्ड 17वीं बार जीता डूरंड कप

नई दिल्ली। कोलकाता के क्लब मोहन बागान ने डूरंड कप 2023 का खिताब अपने नाम कर लिया है। उसने रविवार (तीन सितंबर) को कोलकाता के सॉल्टलेक स्टेडियम में खेले गए फाइनल मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी ईस्ट बंगाल को 1-0 से हराया। मोहन बागान ने खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। वह रिकॉर्ड 17वीं बार चैंपियन बना है। मोहन बागान के लिए मैच में इकलौता गोल दिमित्री पेट्रेटोस ने किया। उन्होंने 71वें मिनट में गेंद को गोलपोस्ट में डाला। मोहन बागान की टीम ने करीब आधे घंटे तक 10 खिलाड़ियों से खेलते हुए खिताब को अपने नाम किया। मोहन बागान ने 17वीं बार खिताब जीतकर ईस्ट बंगाल के ही रिकॉर्ड को तोड़ा है। ईस्ट बंगाल की टीम 16 बार चैंपियन बन चुकी है। बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स ने सात और जेसीटी एफसी ने पांच बार खिताब अपने नाम किया है। ईस्ट बंगाल की टीम के पास 2004 के बाद पहली बार चैंपियन बनने का मौका था, लेकिन उसे निराशा हाथ लगी। दूसरी ओर, मोहन बागान की टीम साल 2000 के बाद पहली बार खिताब जीतने में कामयाब हुई है। दोनों टीमें 2004 डूरंड कप फाइनल में भी एक दूसरे से भिड़ी थीं, जिसमें ईस्ट बंगाल ने 2-1 की जीत से बाजी मारी थी। मोहन बागान ने उस हार का बदला भी ले लिया है। वह इस साल इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में भी चैंपियन बनी थी। दूसरी ओर, ईस्ट बंगाल ने इस साल टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल से पहले उसने पांच मैच खेले थे और चार में जीते थे। एक मैच ड्रॉ रहा था। उसने लीग राउंड में मोहन बागान को हराया था, लेकिन टीम फाइनल में उस प्रदर्शन को दोहरा नहीं सकी।

## गुकेश बने भारत के टॉप शतरंज खिलाड़ी, विश्वनाथन आनंद भी छूटे पीछे

**दर्पण न्यूज सर्विस**

चेन्नई। ग्रैंडमास्टर डी गुकेश तीन दशक से अधिक समय के बाद महान विश्वनाथन आनंद की जगह भारत के शीर्ष शतरंज खिलाड़ी बन गए हैं। आनंद जुलाई 1986 से भारत के नंबर एक खिलाड़ी रहे हैं। चेन्नई का 17 वर्षीय यह ग्रैंडमास्टर बाकू में फिडे विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में मैग्नस कार्लसन से हार गया था।



गुकेश रैंकिंग में आनंद से आगे निकलकर विश्व में आठवें नंबर पर पहुंच गए। गुकेश पहली बार रेटिंग सूची के शीर्ष-10 में शामिल हुए। फिडे की एक सितंबर की रैंकिंग के मुताबिक गुकेश के नाम 2758 रेटिंग अंक है, जबकि आनंद 2754 रेटिंग अंक के साथ नौवें स्थान पर हैं।

गुकेश ने एक अगस्त की रैंकिंग सूची के मुताबिक तीन स्थान का सुधार किया है। विश्व कप के फाइनल में मैग्नस कार्लसन से हार का सामना करने वाले एक अन्य युवा भारतीय खिलाड़ी आर प्रगनानंद 2727 रेटिंग अंक के साथ इस सूची में 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वह गुकेश और आनंद के बाद भारत के तीसरे सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं।

इस रैंकिंग में शीर्ष-30 में पांच भारतीय हैं। विदित संतोष गुजराती 27वें और अर्जुन एरिगेसी 29वें स्थान पर हैं। अनुभवी पी हरिकृष्णा 31वें पायदान पर हैं। गुकेश ने बाकू में विश्व कप के दौरान फिडे की लाइव विश्व रैंच्कग में अपने आदर्श और गुरू आनंद को पीछे छोड़ा था।

आनंद एक जुलाई, 1986 से भारत के शीर्ष खिलाड़ी हैं। वह 37 वर्षों से अधिक समय तक इस स्थान पर रहे। गुकेश और प्रगनानंद भारत की एशियाई खेलों की टीम का हिस्सा हैं। यह दोनों खिलाड़ी कोलकाता में अभ्यास शिविर में भाग लेने के बाद पांच सितंबर से शुरू होने वाले टाटा स्टील शतरंज टूनार्मेंट में चुनौती पेश करेगे।

# मनोरंजन

## मौनी ने साड़ी में ढहाया कहर, पतली कमर के साथ फ्लॉन्ट किया लुक

मौनी रॉय ने छोटे पर्दे से लेकर बॉलीवुड तक अपनी एक अलग पहचान बनाई है। एक्ट्रेस 'नागिन' सीरियल से काफी मशहूर हुईं। इसके बाद उन्होंने 'गोल्ड' और 'ब्रह्मास्त्र' जैसी कई फिल्मों में भी काम किया। हाल ही में, मौनी रॉय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर साड़ी में कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वो अपना कातिलाना अंदाज दिखाते हुए नजर आ रही हैं। मौनी की इन तस्वीरों पर फैन भी अपना दिल हार बैठे हैं। एक्ट्रेस मौनी रॉय एक्टिंग के अलावा अक्सर अपने लुक और ग्लैमर की वजह से भी सुर्खियों में बनी रहती हैं। वह आए दिन अपने फैंस और फॉलोअर्स के साथ अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। हाल ही में, एक्ट्रेस ने साड़ी में कुछ फोटोज शेयर की हैं, जिसने हर किसी का ध्यान खींचा है। इन फोटोज में मौनी रॉय ब्लू कलर की व्हाइट प्रिंट वाली साड़ी पहने नजर आ रहीं हैं। इस साड़ी को उन्होंने व्हाइट ब्लाउज के साथ वियर किया है। मौनी ने कई तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो एक से बढ़कर एक पोज देते हुए दिखाई दे रही हैं। कुछ फोटो में वो जमीन पर बैठ कर अपनी पतली कमर फ्लॉन्ट कर रही हैं, तो कुछ में सोफे पर लेट कर अदाएं दिखा रही हैं। मौनी का ट्रेडिशनल लुक के साथ ऐसा हॉट अवतार उनकी बेस्ट फ्रेंड दिशा पाटनी और फैंस को काफी पसंद आ रहा है। इन फोटो को देखने के बाद दिशा ने कमेंट में लिखा 'सबसे सुंदर'। वहीं, एक फैन ने कमेंट करते हुए लिखा 'हे भगवान, उसका परफेक्ट फिगर देखो'। एक अन्य ने लिखा 'इन्होंने मेरा दिल चुरा लिया'। मौनी ने साल 2006 में टीवी शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' से अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत की थी। एक्ट्रेस ने 'कस्तूरी', 'दो सहेलियां' और 'पति पत्नी और वो' जैसे शो में भी काम किया है। इसके साथ ही वो 'जरा नचके दिखा' के पहले सीजन की विनर भी रह चुकी हैं। हालांकि, इन सबके बावजूद मौनी को पॉपुलैरिटी 'देवों के देव... महादेव' और 'नागिन' जैसे सीरियल में काम करने के बाद मिली। एक्ट्रेस ने छोटे पर्दे पर ही नहीं, बल्कि बड़े पर्दे पर भी अच्छा नाम कमाया है।



## पति ऋषि कपूर के जन्मदिन पर नीतू कपूर ने शेयर किया खास वीडियो

दिग्गज कलाकार ऋषि कपूर की आज यानी 4 सितंबर को बर्थ एनिवर्सरी है। एक्टर भले ही आज हमारे बीच न हो लेकिन उनकी यादें आज भी लोगों के दिलों में जिंदा है। किसी ने नहीं सोचा था कि बॉलीवुड के 'चिंटू जी' इतनी जल्दी इस दुनिया को छोड़ जाएंगे। अगर आज वह जिंदा होते तो अपना 71वां जन्मदिन मनाते। तीन साल पहले 30 अप्रैल साल 2020 में उन्होंने अंतिम सांस ली थी। बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर नीतू कपूर ने उन्हें याद करते हुए सोशल मीडिया पर अपनी एक वीडियो शेयर किया है।

एक्ट्रेस और ऋषि कपूर की पत्नी नीतू कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर 'चिंटू जी' का एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में ऋषि कपूर के हर फिल्मी लुक को दिखाया गया है। बॉबी, चांदनी से लेकर कपूर एंड सन्स शामिल है। इस वीडियो को शेयर करते हुए नीतू ने अपना प्यार जताया है और कैप्शन में लिखा- यादो के लिए। वहीं नीतू कपूर बेटी रिद्धिमा कपूर ने भी इस वीडियो को शेयर किया है और कैप्शन में लिखा, जन्मदिन मुबारक हो पापा। ऋषि कपूर के जाने के बाद एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि वह डिप्रेशन में चली गई थीं और उन्होंने साइक्राइट्रिस्ट की सलाह ली थी। हालांकि धीरे-धीरे उन्होंने खुदको और अपने परिवार को संभाला।



इस कपल की लव स्टोरी की बात करें तो दोनों ने एक दूसरे को पांच साल कर डेट किया था। उन दिनों नीतू महज 14 साल की थीं, तभी से उन्होंने ऋषि कपूर को डेट करना शुरू कर दिया था। नीतू सिंह और ऋषि कपूर की पहली मुलाकात ह्यबॉबीह्न फिल्म के दौरान हुई थी। ये मुलाकात कुछ खास अच्छी नहीं रही। फिर दोनों एक साथ फिल्म ह्यजहरीला इंसानह्न में नजर आए। दोनों के बीच में अक्सर छोटी-मोटी नोंक-झोक होती रहती थी। धीरे-धीरे ये तकरार प्यार में बदल गई।

इतना ही नहीं नीतू और ऋषि के अफेयर के चर्चे इंडस्ट्री में आम होने लगे थे। ये बात जब राजकपूर को पता चली तो उन्होंने ऋषि से कहा कि अगर वो नीतू को पसंद करते है तो उनसे शादी क्यों नहीं कर लेते। बस फिर क्या था 22 जनवरी 1980 को दोनों ने धूम-धाम से शादी रचाई। शादी में नीतू की उम्र सिर्फ 21 साल थी। कहा जाता है कि ऋषि और नीतू कपूर की शादी का आयोजन शानदार हुआ था। इस दौरान फिल्म इंडस्ट्री के सभी सितारे शामिल हुए थे।

## कमबैक के लिए तैयार आमिर खान

लाला सिंह चड्ढा के बॉक्स ऑफिस डिजास्टर से आमिर खान उबर चुके हैं। कुछ वक्त तक ब्रेक लेने के बाद आमिर खान ने अब अगली फिल्म पर काम करना शुरू कर दिया है इसके अलावा फिल्म की रिलीज डेट भी लॉक कर दी गई है। लाल सिंह चड्ढा की फ्लॉप के बाद से आमिर खान ने एक्टिंग से ब्रेक ले रखा है। एक्टर इन दिनों अपने परिवार के साथ फुरसत के पल बिता रहे हैं। इस बीच सोशल मीडिया की साझा की गई एक पोस्ट के अनुसार आमिर खान की अपकमिंग फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। और इस बात की भी जानकारी साझा की गई है की 'आमिर अपकमिंग फिल्म उनके होम प्रोडक्शन में बनेगी'। हालांकि फिल्म का टाइटल अब तक तय नहीं हुआ है, लेकिन अगले साल यानी 20 दिसंबर 2024 को क्रिसमस के अवसर पर आमिर खान बड़े पर्दे पर वापसी करते नजर आएंगे। इसके अलावा अगले साल 20 जनवरी को इस फिल्म से जुड़ा बिग अपडेट भी सामने आ जाएगा। इस खबर ने यकीनन आमिर के फैंस के चेहरे पर मुस्कान ला दी और अब वे इस पल का इंतजार कर रहे हैं, जब आमिर की अपकमिंग फिल्म का एलान होगा। तो वहीं अभिनेता आमिर ने हाल ही में अपनी फ्लॉप मूवी 'लाल सिंह चड्ढा' की टीम के लिए पार्टी रखी। फिल्म के एक साल पूरे होने पर आमिर ने ये पार्टी होस्ट की थी। ये मूवी भले ही बॉक्स ऑफिस पर धड़ाम हो गई थी, लेकिन ओटीटी पर इसे काफी सराहा गया। इसमें करीना कपूर भी थीं।



## ऋतिक रोशन की 'वॉर 2' के लिए तारीख पर लगी मुहर! मेकर्स ने फिल्म के लिए चुना यह खास दिन

ऋतिक रोशन ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं। वह अपने बेहतरीन एक्शन और शानदार डांस परफॉर्म के लिए भी जाना जाता है। वह अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीत लेते हैं। अभिनेता को आखिरी बार पिछले साल आई फिल्म विक्रम वेधा में देखा गया था, हालांकि यह फिल्म फ्लॉप रही थी। अब ऋतिक की वॉर 2 लाइन में है। इस फिल्म में ऋतिक के अलावा जूनियर एनटीआर भी नजर आने वाले हैं। अब खबर है कि मेकर्स ने इस फिल्म के लिए तारीख तय कर ली है।

निर्देशक सिद्धार्थ आनंद की ब्लॉकबस्टर फिल्म वॉर की बंपर सफलता के बाद इस फिल्म के निमार्ता आदित्य चोपड़ा ने मूवी के दूसरे पार्ट की तैयारी की है। जिसे इस बार निर्देशक सिद्धार्थ आनंद नहीं बल्कि अयान मुखर्जी बनाने वाले हैं। जिसके लिए अयान मुखर्जी ने कमर कस ली है। अब खबर है कि इस फिल्म के लिए निमार्ता-निर्देशक ने रिलीज डेट पर पक्की मुहर भी लगा दी है। यह खबर सुनने के बाद फैंस का उत्साह दोगुना हो गया है। खबरों की माने तो वॉर 2 के लिए मेकर्स ने 2025 गणतंत्र दिवस की तारीख मुकर्रर की है। इस दौरान वीकएंड पड़ रहा है तो ऐसे में फिल्म के लिए फायदा हो सकता है। खबरों की मानें तो रिपब्लिक डे का वीकेंड हमेशा ही हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के लिए जबरदस्त पैसा बनाने का मौका रहा है। फिर चाहें अग्निपथ हों या फिर पठान। ऋतिक रोशन और यशराज फिल्मस दोनों ने ही इस मौके पर बड़ी सफलता का स्वाद चखा है। अब ऐसे में मेकर्स की नजर 2025 के लिए ऋतिक रोशन की वॉर 2 पर है। बता दें कि यह फिल्म की तात्कालिक रिलीज डेड है और चीजें इसी के ईर्द-गिर्द बुनी जा रही हैं। हालांकि, फिल्म की सही रिलीज डेट तभी पक्की हो सकेगी जब फिल्म नवंबर महीने में फ्लोर पर पहुंच जाए।



# सारंगपुर में बनेगा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र, मेडिकल कॉलेज के लिए तय जमीन पर किया जाएगा निर्माण

## यूटी प्रशासन के आर्किटेक्ट विभाग ने नक्शा बनाने का कार्य शुरू कर दिया है।

- **नवंबर 2020 में प्रशासन ने डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट को अनुमति दी थी और केंद्र से एमबीबीएस की 50 सीटों की मंजूरी मांगी थी**




दर्पण न्यूज सर्विस

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ जीएमएसएच-16 के मेडिकल कॉलेज के लिए सारंगपुर में चयनित भूमि पर अब डीएनबी अकादमिक ब्लॉक, आवासीय परिसर और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य (एमसीएच) केंद्र बनाने का फैसला लिया गया है। निर्माण कार्य के पूरा होने के बाद यहीं पर जीएमएसएच-16 के वर्तमान स्त्री रोग विंग को स्थानांतरित किया जाएगा। इस संबंध में यूटी प्रशासन के आर्किटेक्ट विभाग ने नक्शा बनाने का कार्य शुरू कर दिया है।

यूटी प्रशासन ने वर्ष 2020 में सारंगपुर में जीएमएसएच-16 के विस्तार के तौर पर शहर का दूसरा मेडिकल कॉलेज बनाने का फैसला लिया था। नवंबर 2020 में प्रशासन ने डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) को अनुमति दी थी और केंद्र से एमबीबीएस की 50 सीटों की मंजूरी मांगी थी।

वर्ष 2022 में केंद्र ने यह कहकर प्रस्ताव खारिज कर दिया कि एक जिले में केवल एक ही मेडिकल कॉलेज बनाया जा सकता है हालांकि इस बीच जीएमएसएच-16 को मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए प्रशासन ने सारंगपुर में 15 एकड़ जमीन आवंटित कर दी थी। अब फैसला लिया गया है कि उस स्थान का उपयोग आवासीय स्थान के साथ-साथ डीएनबी (डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड) छात्रों के लिए एक अकादमिक ब्लॉक प्रदान करने के लिए किया जाएगा।

सारंगपुर में एक एमसीएच केंद्र बनाने का भी प्रस्ताव है, जहां जीएमएसएच-16 के वर्तमान स्त्री रोग विंग को स्थानांतरित किया जाएगा। इस संबंध में सचिव स्वास्थ्य, मुख्य वास्तुकार और इंजीनियरिंग विभाग के साथ चर्चा हो चुकी है और अब विभाग ने एमसीएच केंद्र, अकादमी ब्लॉक आदि के निर्माण के लिए यूटी प्रशासन के टाउन प्लानिंग और आर्किटेक्ट विभाग को लिखा है ताकि ड्राइंग मुहैया कराया जा सके।

### जीएमएसएच-16 के एमसीएच विंग को अपग्रेड करने की जरूरत

ट्राइसिटी में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के मामले दिन-ब-दिन बढ़ रहे हैं क्योंकि पड़ोसी राज्यों पंजाब और हरियाणा से भी मरीज शहर के अस्पतालों में आते हैं। जीएमएसएच-16 के एमसीएच विंग को अपग्रेड करने की आवश्यकता है क्योंकि वर्तमान बुनियादी ढांचा मरीजों की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम नहीं है इसलिए, नवीनीकरण की अवधि के दौरान एमसीएच विंग को किसी वैकल्पिक स्थान जैसे सिविल अस्पताल-48 या सिविल अस्पताल-22 में स्थानांतरित करने का फैसला लिया गया लेकिन पर्याप्त जगह न होने के कारण इस पर काम नहीं हो सका। आखिर में विभाग ने अब प्रस्ताव दिया है कि सारंगपुर में डीएनबी आवासीय परिसर, अकादमिक ब्लॉक के साथ एक एमसीएच केंद्र बनाया जाए।

## सेक्टर 40 को जलभराव की समस्या से मिलेगा जल्द ही निजात : गुरबख्श रावत



दर्पण न्यूज सर्विस

**चंडीगढ़।** पार्षद गुरबक्श रावत ने सेक्टर 40 में नई एडिशनल स्ट्रॉम पाइपलाइन को डायरेक्ट एन-चो से जोड़ने के कार्य की शुरूआत स्थानीय निवासियों के साथ की। मौके पर नगर निगम के पब्लिक हेल्थ डिवीजन के अफसर, सेक्टर 40-सी आरडब्ल्यूए-एमआईजी1 के प्रधान सीएल भारद्वाज, एमआईजी-2 के प्रधान भूपिन्दर रंधावा अपने सभी पदाधिकारियों व स्थानीय निवासियों के साथ उपस्थित रहे। पार्षद ने बताया कि सेक्टर 40 में लो-लाईंग एरिया होने के कारण इस बार मूसलाधार बरसात के चलते जलभराव की स्थिति बन गई थी। लोगों के घरों में पानी भर गया तथा गाड़ियाँ, घर का सामान इत्यादि का काफी नुकसान भी हुआ जिसके चलते स्थानीय पार्षद गुरबख्श रावत ने चीफ इंजीनियर एनपी शर्मा से यहाँ पर जल निकासी का जायजा लेने की गुहार लगाई। गुरबख्श रावत ने बताया कि जब पिछले साल कुछ जलभराव सेक्टर 40-सी में हुआ था, तभी उन्होंने अफसरों के साथ सर्वे करके एक एस्टिमेट बनवाया एवं हाउस से पास करवाया था जिसका कार्य इस साल बरसात से पहले शुरू करवाया जाना था पर किन्हीं टेक्निकल प्रॉब्लम के चलते इसमें देरी का सामना करना पड़ा। साथ ही इस वर्ष हुई भारी बरसात ने नगर निगम के इंजीनियर्स को इसकी एक बार फिर से टेक्निकल समीक्षा करने पर मजबूर कर दिया। पार्षद ने बताया कि पिछले दिनों मेयर अनूप गुप्ता, चीफ इंजीनियर व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ इसकी समीक्षा के लिए आये थे व उन्होंने पार्षद गुरबक्श रावत के साथ एक सितंबर को यहाँ की जल निकासी का सारा प्लान फिर से रिव्यू किया तथा अधिकारियों को जल्द कार्य को शुरू करने के निर्देश भी दिये।

## यूएचबीवीएन निर्बाध बिजली की आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध

**पंचकूला।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है । उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम पंचकूला के उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन एवं सदस्य मंच की कार्यवाही कल 5 सितंबर (मंगलवार) को सुबह 11.30 बजे से अधीक्षक अभियंता, पंचकूला के कार्यालय, एससीओ नंबर-96, पहली मंजिल, सेक्टर-5, पंचकूला में की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए निगम के प्रवक्ता ने बताया कि मंच के सदस्य, पंचकूला जिले के उपभोक्ताओं की समस्याओं की सुनवाई करेंगे, जिनमें मुख्यतः बिलिंग, वोल्टेज, मीटरिंग से सम्बंधित शिकायतें, कनैक्शन काटने और जोड़ने बिजली आपूर्ति में बाधाएं, कार्यकुशलता, सुरक्षा, विश्वसनीयता में कमी और हरियाणा

## युवक को दौड़ा-दौड़ाकर चाकू से गोदा, पेट समेत कई जगह मिले घाव, सामने आया वीडियो



दर्पण न्यूज सर्विस

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के मलोया थाना क्षेत्र में फिल्मी स्टाइल में एक युवक को दौड़ाते हुए चार-पांच बदमाशों ने चाकू और तेजधार हथियारों से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना रविवार रात सेक्टर-38 वेस्ट के पेट्रोल पंप के सामने उस समय प्रकाश में आई, जब स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के पास कच्चे रास्ते से भागता आया घायल मदद की गुहार लगाने लगा। युवक की पिटाई और चाकू से हो रहे हमले को देख एक जांबाज उसे बचाने के लिए पहुंच गया। बीचबचाव के दौरान जब उसने शोर मचाया और पेट्रोल पंप पर मौजूद लोगों को वहां आता देख आरोपी हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लहूलुहान युवक को सेक्टर-16 अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे पीजीआई रेफर कर दिया गया है। घायल बंटी डड्डूमाजरा का रहने वाला है। फिलहाल घायल के बेसुध होने के चलते पुलिस उसके बयान दर्ज नहीं कर पाई है। मलोया थाना पुलिस पड़ताल करने में लगी हुई है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि लहुलूहान हालत में पीड़ित दौड़ते हुए आया। उसके शरीर पर घाव के निशान थे। ऐसा लग था कि उस पर तेजधार हथियार से हमला किया गया था। जिस दौरान पीड़ित बचने के लिए दौड़ते हुए आ रहा था और आरोपी उसका पीछा कर रहे थे। युवक के पेट, बाजुओं और कई अन्य जगह घाव के निशान हैं।

### प्रत्यक्षदर्शी ने पुलिस को दी सूचना

मौके पर मौजूद 41 वर्षीय रमेश चंद जोशी ने बताया कि सेक्टर- 38 वेस्ट स्थित उनके पेट्रोल पंप के सामने कुछ लोग एक युवक की पिटाई करते हुए चाकू से जानलेवा हमला कर रहे थे। बीचबचाव कर पुलिस को बुलाया गया। इसके बाद पुलिस उसे अस्पताल लेकर गई।

### बंटी और हमलावर डड्डूमाजरा के रहने वाले

सूत्रों के मुताबिक आरोपियों ने पीड़ित पर यह हमला पुरानी रंजिश के चलते किया है। वारदात में घायल बंटी और हमलावर आरोपी डड्डूमाजरा के ही रहने वाले हैं। पुलिस ने करीब-करीब सभी हमलावरों की पहचान कर ली है। उनकी धरपकड़ के लिए दबिश दी जा रही हैं। हालांकि पीड़ित के पीजीआई में बेसुध होने के चलते पुलिस फिलहाल उसके बयान दर्ज नहीं कर पाई है।

## एक राष्ट्र - एक चुनावः सामाजिक समरसता की मिसाल



भारत की विविधता, भारत के सशक्त लोकतंत्र की पहचान है। विश्व में लोकतंत्र की जननी के रूप में जाना जाने वाला भारत राष्ट्र न केवल सबसे पुराना लोकतंत्र है बल्कि एक परिपक्व लोकतंत्र भी है। लोकाचार सभ्यता की शुरूआत से ही भारत में अंतर्निहित हैं। भारत में लोकतंत्र की जड़ें चौथी शताब्दी से ही देखी जा सकती हैं। तंजावुर के पत्थर के शिलालेख इसका जीवंत प्रमाण हैं। कालिंगा और लिच्छवि काल के दौरान मौजूद सामाजिक व्यवस्थाओं के साक्ष्य भी भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के बारे में बहुत कुछ बताते हैं। भारत में 'एक राष्ट्र - एक चुनाव' का विचार चुनाव-चक्र को इस तरह से संरचित करने का है कि लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव 'समकालिक' व 'समक्रमिक' हो जिससे चुनी हुई सरकारें एक साथ बैठें और देश को साधनों-संसाधनों और धनशक्ति-श्रमशक्ति के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक परिणाम प्राप्त करने हेतु दूरदर्शितापूर्ण योजना को व्यवस्थित रूप से लागू करने के लिए सकारात्मक विचार करें। 1947 में आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ हुए थे। इसके बाद कुछ राज्यों की विधानसभाएं पहले भंग होने के चलते यह व्यवस्था टूटती चली गई। ध्यानाकर्षण बात यह है कि वर्तमान 'एक राष्ट्र - एक चुनाव' का प्रस्ताव लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के साथ ही नगर पालिकाओं व पंचायतों के चुनाव कराए जाने की बात का अंगीकृत करने का उल्लेख कर रहा है। इस परिदृश्य मे यहाँ यह उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जर्मनी, हंगरी, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, स्पेन, स्लोवेनिया, अल्बानिया, पोलैंड, बेल्जियम और स्वीडन जैसे देशों में आज भी एक ही बार चुनाव कराने की परंपरा है। वर्तमान में, जब भी सरकार का कार्यकाल समाप्त होता है या जब भी विभिन्न कारणों से सदन भंग होता है तो चुनाव का बोझ राजकोष पर पड़ता हैं। हर साल देश में औसतन 4 से 6 विधानसभा चुनाव होते हैं जिससे प्रशासनिक, नीतिगत मामले प्रभावित होते हैं। अगणनीय वित्तीय लागत के चलते लगातार चुनाव करना 'सफेद हाथी' को पालने जैसा शौक साबित हो गया है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक चुनाव के दौरान सरकारी-तंत्र चुनावी प्रक्रिया और संबंधित कार्यों के कारण अपने नियमित कर्तव्यों से चूक जाता है। चुनावी बजट में इन लाखों मानव-घंटे की लागत की गणना की ही नहीं जाती। चुनावों के चलते 'आदर्श आचार संहिता' सरकार की कार्यप्रणाली को भी बुरी तरह से प्रभावित करती है, क्योंकि चुनावों की घोषणा के बाद न तो किसी नई महत्त्वपूर्ण नीति की घोषणा की जा सकती है और न ही क्रियान्वयनङ्क इससे हर कुछ महीनों बाद, विकास कार्य बाधित होते हैं। प्रशासनिक लागत पर एक नजर डाले तो सीमा-सुरक्षा को खतरे में डाल संवेदनशील क्षेत्रों से सुरक्षा बलों को हटाने और चुनावों में बार-बार तैनाती के कारण शंका व अशंका से भरी अदृश्य लागत का भुगतान किया जाता है। असहमति लोकतंत्र का अभिन्न अंग है परंतु विपक्ष का विरोध ठोस तर्कों पर आधारित होना चाहिए न कि केवल राजनीतिक मुखालफत के लिए। मतदाताओं को बार-बार चुनाव चहिए या विकासात्मक दृष्टिकोण? लगातार चुनाव राजनीतिक स्थिरता कैसे प्रदान कर सकते है? सरकारें क्रियात्मक दृष्टि से आगे बढ़े या हमेशा चुनावी शंखनाद के बिगुल में उलझी रहे? जब चुनावी प्रक्रिया में कोई बदलाव ही नहीं हो रहा तो संघीय-ढांचे पर प्रभाव कैसे पड़ेगा? एक साथ चुनाव की अवधारणा लोकतंत्र और संघवाद के मूल सिद्धांतों पर चोट कहाँ और कैसे है? प्रश्न उठता है कि लगातार चुनाव के माध्यम से 'आदर्श आचार संहिता' होनी चहिए या एक राष्ट्र - एक चुनाव के जरिये 'आदर्श लोकतांत्रिक विचार'? चौंकाने वाला मजेदार तथ्य यह है कि सर्वविदित कानूनी प्रक्रिया के अनुसार भारतीय चुनाव आयोग पंजीकरण तो राजनीतिक दलों का करता है लेकिन राजनीतिक दलों के लिए कोई अधिकतम चुनाव व्यय सीमा निर्धारित नहीं है। भारत में चुनावी कानून, सिर्फ चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए ही अधिकतम चुनाव व्यय सीमा प्रदान करता है। इसका एकमात्र कारण यह है कि तमाम राजनीतिक दल देश के किसी न किसी हिस्से में लगातार होने वाले चुनाव लड़ रहे होते हैं और इस प्रकार उनके द्वारा किए जाने वाले चुनावी खर्च पर सीमा निर्धारित करना न केवल मुश्किल है बल्कि असंभव भी। कहने की जरूरत नहीं है कि 'एक राष्ट्र - एक चुनाव' की अवधारणा से चुनावों मे चल रहे काले धन के इस्तेमाल और भ्रष्टाचार पर काफी हद तक अंकुश लाएगा। कहीं चुनाव सुधार के इस ऐतिहासिक विचार का राजनीतिक विरोध करने का यही एकमात्र कारण तो नहीं? अखंड भारत की परिकल्पना के चलते जब माल एवं सेवा कर 1 जुलाई 2017 से सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में 'एक राष्ट्र - एक कर' के सिद्धांत के रूप में प्रणालीबद्ध व सफलतापूर्वक स्थापित हो गया है तो चुनावी सुधार और जीर्णोद्धार के लिए इस प्रस्ताव से परहेज क्यों? बार-बार होने वाले चुनाव राजनीतिक दलों और राजनेताओं को सामाजिक ताने-बाने को तोड़ने व सामाजिक समरसता को भगं करने का मौका देते हैं जिसके कारण अनावश्यक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। अखंड भारत की सोच में सियासत से अधिक सामाजिक समरसता का भाव टपकता है। समय-समय पर 'एक राष्ट्र - एक चुनाव' के मसले पर भारतीय चुनाव-आयोग, भारतीय विधि-आयोग, नीति-आयोग, संसदीय स्थायी समिति और संविधान समीक्षा आयोग गहन चिंतन कर चुके है। भारतीय चुनाव-आयोग ने 1983 की वार्षिक रिपोर्ट में एक साथ चुनावों पर विचार किया था। भारतीय विधि-आयोग की रिपोर्ट ने भी इसे 1999 में संदर्भित किया था। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के 2014 व 2019 के घोषणापत्र के अतिरिक्त भारतीय नीति-आयोग ने जनवरी 2017 में इस विषय पर एक कार्यकारी पत्र तैयार किया था। भारतीय विधि-आयोग ने अप्रैल 2018 के प्रतिवेदन में पांच संवैधानिक सिफारिशों को जमीन में उतारने को कहा था। एक साथ चुनाव कराने पर अंतिम निर्णय लिया जाना बाकी है पर यह स्पष्ट है कि 'एक राष्ट्र - एक चुनाव' को लागू करने के लिये संविधान और अन्य कानूनों में संशोधन की आवश्यकता होगी। इसी दिशा में कानूनी पहलुओं की जांच के लिए केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के जानेमाने अधिवक्ता रहे, भारत के पूर्व राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय समिति बनाई हैं। कानून मंत्रालय के मुताबिक, इस समिति में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद, वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एन के सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी शामिल हैं। अब इस पर जांच-पड़ताल व विचार-विमर्श करने के लिए उच्च समिति को जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय, चुनावी दृष्टिकोण के मेजबान के रूप में सरकार की गंभीरता को प्रदर्शित करता है। इस प्रस्ताव का भविष्य तो आने वाले समय के गर्भ में है लेकिन आजादी का अमृत महोत्सव के बाद अमृत-काल की रोशनी में यह शुभ संकेत लग रहा है। अंततः जो समाज अपनी सभ्यतागत कौशल पर गर्व नहीं करता वह बड़ा नहीं सोच सकता और न ही कुछ हासिल कर सकता है। लोकतंत्र का तात्पर्य सिर्फ एक संरचना से नहीं बल्कि समानता की भावना से भी है। निर्विवाद सत्य यह है कि लोकतंत्र भारत की आत्मा है, जो भारतीयों की सांसों और मूल्यों में बसी हुई है। 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' समावेशी लोकतंत्र की धारणा को बढ़ावा देगा और निश्चित रूप से आदर्श लोकतंत्र की मिसाल पेश करेगा।

डॉ. भारत

(लेखक पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में कानून के प्रवक्ता है।)

## गृह मंत्रालय पहुंचा 700 क्लर्क व स्टेनो टाइपिस्ट को कम ग्रेड पे देने का मामला



दर्पण न्यूज सर्विस

**चंडीगढ़।** यूटी प्रशासन के विभिन्न विभागों में काम कर रहे करीब 700 क्लर्क व स्टेनो टाइपिस्ट को कम ग्रेड डे देने का मामला दिल्ली पहुंच गया है। कर्मचारी दो साल से प्रशासन के विभिन्न अधिकारियों से न्याय की मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होने पर केंद्रीय गृह मंत्रालय का दरवाजा खटखटाया है। कर्मचारियों का कहना है कि प्रशासन ने क्लर्क और स्टेनो टाइपिस्ट के पे-स्केल को निर्धारित करते समय बहुत ही भेदभाव का तरीका अपनाया। ग्रेजुएट और टेक्निकल नॉलेज वाले कर्मचारियों को 1900 ग्रेड पे दे दिया। उनकी मांग है कि केंद्र के नियमों के अनुसार ही 2800 जीपी दिया जाए। चंडीगढ़ कॉमन कैडर एंप्लाइज यूनियन ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को ज्ञापन भेजा है। लिखा है कि प्रशासन में वर्ष 2015 और 2019 में क्लर्क और स्टेनो टाइपिस्ट की ग्रेजुएशन और एडिशनल टेक्निकल शैक्षणिक योग्यता, कंप्यूटर जानकारी के आधार पर भर्ती की। भर्ती की नोटिफिकेशन में 3200 जीपी देने की बात कही गई थी। मार्च 2022 में चंडीगढ़ ने सेंट्रल सर्विस रूल्स अपना लिए। दावा किया गया कि कर्मियों को कई फायदे होंगे लेकिन प्रशासन ने क्लर्क और स्टेनो टाइपिस्ट के पे-स्केल को निर्धारित करते समय 2800 ग्रेड पे के लिए योग्य होते हुए भी 1900 ग्रेड पे देने का फैसला ले लिया। यह सेंट्रल सर्विस रूल में 12वीं शैक्षणिक योग्यता पर भर्ती हुए कर्मचारी को दिया जाता है। सेंट्रल सर्विस रूल के अनुसार एक ग्रेजुएट और टेक्निकल नॉलेज वाले कर्मचारियों को 2800 ग्रेड पे मिलता है। कर्मचारियों ने कई बार अधिकारियों के सामने बात रखी।

## संक्षिप्त-समाचार

### उत्तराखंड भ्रातृ संगठन, दरिया आज मनाएगा श्री कृष्ण जन्माष्टमी

**चंडीगढ़।** सामाजिक संगठन उत्तराखंड भ्रातृ संगठन, दरिया द्वारा आगामी मंगलवार 5 सितंबर को गढ़वाल भवन सेक्टर 29 ए में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाने जा रहा है। संगठन के सांस्कृतिक सचिव जितेंद्र सिंह खरोला ने बताया कि आगामी मंगलवार को भव्य एवं दिव्य श्री कृष्ण लीला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें संवाद थिएटर ग्रुप के कलाकार अपनी कला से दर्शकों को रोमांचित करेंगे। संगठन के अध्यक्ष शंकर सिंह पंवार ने बताया कि पहले यह कार्यक्रम ग्राम दरिया में ही होता था किंतु इस बार यहां जगह उपलब्ध नहीं होने की वजह से कार्यक्रम गढ़वाल भवन में मनाया जा रहा है। संगठन के महासचिव दीपक उनियाल ने बताया कि कार्यक्रम के लिए दरिया से गढ़वाल भवन तक श्रद्धालुओं के लिए, विशेष कर मातृ शक्ति के लिए बस की व्यवस्था भी की गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड भ्रातृ संगठन के पूर्व अध्यक्ष हरिश्चंद्र बड़थ्वाल रहेंगे।

### हिमाचल महासभा ने अनुराग ठाकुर से मिलकर बैडमिंटन टूर्नामेट के उद्घाटन का न्योता दिया



**चंडीगढ़।** हिमाचल महासभा, चण्डीगढ़ द्वारा 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेक्टर 42 स्टेडियम में तीन दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट करवा रही है जिसके कन्वीनर संजीव शर्मा की अगुवाई में एक कमेटी टूर्नामेंट की पूरी तैयारी कर रही है। आज सुबह केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से चण्डीगढ़ एयरपोर्ट पर संस्था के सदस्यों संतोष भारद्वाज, सचिन रायजादा, शिवेंद्र मंडोतरा ने सभा के प्रधान पृथ्वी सिंह प्रजापति की अगुवाई में मुलाकात की व उन्हें टूर्नामेंट के शुभारम्भ कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि के रूप में निमंत्रण पत्र दिया। अनुराग ठाकुर ने भी इस पर अपनी स्वीकृति दे दी। यह जानकारी संस्था के संगठन सचिव रोशन भारद्वाज ने दी।

### भारत विकास परिषद्, साउथ-2 शाखा ने जरूरतमंद को व्हील चेयर दान की



**चंडीगढ़।** भारत विकास परिषद्, साउथ 2 शाखा, चण्डीगढ़ के प्रेसीडेंट सुभाष गुप्ता परिषद् के कार्यकारणी सदस्यों के साथ राधा माधव मंदिर, सेक्टर 34 में मलोया के एक जरूरतमंद बच्चे को व्हीलचेयर दान की गई। प्रेजीडेंट सुभाष गुप्ता ने बताया कि भारत विकास परिषद् एक सामाजिक-सांस्कृतिक स्वयंसेवी संस्था है। यह मानव-जीवन के सभी क्षेत्रों (संस्कृति, समाज, शिक्षा, नीति, अध्यात्म, राष्ट्रप्रेम आदि) में भारत के सर्वांगीण विकास के लिये समर्पित है। इस अवसर पर भूपिंदर कुमार, महासचिव, हरसिमर सिंह सिट्टा, सचिव, बनवारी लाल वशिष्ठ, कोषाध्यक्ष, विनोद गर्ग, अनिल गर्ग, बीसी शर्मा और परिषद के सदस्य उपस्थित रहे।

### शिक्षक दिवस के अवसर पर आज होगा साईकिल मैराथन का आयोजन

**पंचकूला।** हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को सुबह 8 बजे सेक्टर -5 स्थित यवनिका पार्क में साईकिल मैराथन का आयोजन किया जाएगा। साईकिल मैराथन में पंचकूला के उपायुक्त सुशील सारवान मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया ने बताया कि साईकिल मैराथन में राजकीय महाविद्यालय, सेक्टर-14 की छात्राएं भारी संख्या में भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि यह साईकिल मैराथन जिला में विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरेंगी। इस अवसर पर कॉलेज की अध्यापिकाओं सहित हरियाणा महिला आयोग के सदस्यगण व कर्मचारी भी अपना योगदान देने पहुंच रहे है। रेणू भाटिया ने जिलावासियों से अपील की कि वे इस साईकिल मैराथन में भारी संख्या में भाग लें औरे इसे सफले बनाएं।

### कौमी इंसाफ मोर्चा के धरना स्थल पर एक तरफ से खुलेगा रास्ता, पुलिस फोर्स तैनात



**मोहाली।** मोहाली के वाईपीएस चौक स्थित कौमी इंसाफ मोर्चे को एक तरफ से हटाने की कार्रवाई सोमवार को शुरू हुई। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। एक तरफ से रास्ता खुलवाया जा रहा है। चंडीगढ़ से मोहाली आने वाले मार्ग को खुलवाकर आवाजाही शुरू करवाई जाएगी। सात जनवरी से लगे कौमी इंसाफ मोर्चे के धरने के कारण यह रास्ता बंद था। रविवार को हुई बैठक के बाद एक तरफ से रास्ता खुलवाने पर सहमति बन गई थी। इसके बाद सोमवार को भारी पुलिस बल की उपस्थिति में रास्ता खुलवाया जा रहा है।

### 96 करोड़ रुपये लागत की 148 एकड़ भूमि खरीद को मंजूरी मिली

**चंडीगढ़।** प्रदेश के पांच जिलों की अलग-अलग 6 परियोजनाओं को सिरे चढ़ाने का रास्ता साफ हो गया है। इन परियोजनाओं के लिए हरियाणा सरकार 96 करोड़ रुपये की लागत से 146 एकड़ भूमि की खरीद की है। यहां मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई हाई पावर लैंड परचेज कमेटी (एचपीएलपीसी) की बैठक में भूमि खरीद को मंजूरी दी गई। ये परियोजनाएं चरखी दादरी, फरीदाबाद, हिसार, जींद और सिरसा से संबंधित हैं। इन सभी जिलों में भू-मालिकों की सहमति से ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से यह जमीन ली गई है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित जिला उपायुक्तों के साथ एचपीएलपीसी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्तों को निर्देश दिए कि एक महीने में इन जमीनों की रजिस्ट्री करवाना सुनिश्चित की जाए और भूमि खरीदने के बाद प्रस्तावित परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए। बैठक में उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और ऊर्जा मंत्री चौधरी रणजीत सिंह भी उपस्थित रहे। इसके अलावा संबंधित जिलों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रस्तावित सरकारी परियोजनाओं के लिए अपनी जमीन देने पर सहमति जताने वाले भू-मालिकों ने भी बैठक में हिस्सा लिया।

## 24 सितंबर को पंचकूला पहुँच रही साइक्लोथॉन में भाग लेने के लिए जिलावासी बढ़चढ़कर करवाएं पंजीकरणः एडीसी

- **पंजीकृत की रहेगी साइक्लोथॉन में अग्रणी भागीदारी, मिलेगा ई-प्रमाण पत्र**
- **1 सितंबर को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल से रवाना की है साइक्लोथॉन, 25 सितंबर को यमुनानगर में होगा समापन**



दर्पण न्यूजसर्विस

**पंचकूला।** हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम की श्रृंखला में भारत के अमृतकाल में नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत आयोजित साइक्लोथॉन के लिए इच्छुक व्यक्ति uday.haryana.gov.in/AntiDrug_Cyclothon पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण के आधार पर ही साइक्लोथॉन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को ई प्रमाण पत्र भी मिलेगा। एडीसी वर्षा खनगवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से नशा मुक्त हरियाणा अभियान में पंचकूला जिला साइक्लोथॉन के माध्यम से सकारात्मक जिम्मेदारी निभाएगा और आगामी 24 सितंबर को पंचकूला जिला में पहुंचने वाले साइक्लोथॉन में उत्साहपूर्वक जिलावासी साइकिलिंग करते हुए नशा मुक्त हरियाणा का संदेश जन-जन तक पहुंचाएंगे। एडीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रमों की श्रृंखला में 1 सितंबर से लेकर 25 सितंबर तक नशा मुक्त हरियाणा अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के तहत प्रदेश के सभी जिलों को कवर किया जा रहा है और लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए साइक्लोथॉन अर्थात साईकिल रैली के साथ-साथ एक्टिविटी कलैण्डर के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं। पहली सितंबर को करनाल से शुरू की गई यह यात्रा पानीपत, सोनीपत, रोहतक ,झज्जर पलवल , नूंह, रेवाड़ी सहित अन्य जिलो में नशा मुक्ति का सार्थक संदेश देने के बाद 24 सितंबर को पंचकूला में प्रवेश करेगी। जिला में साइक्लोथॉन को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है और लोगों को रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। एडीसी ने बताया कि पंचकूला जिला में 24 सितंबर को साइक्लोथॉन रैली को जिला यमुनानगर के लिए रवाना किया जाएगा। अगले दिन 25 सितंबर को यह साईकिल रैली करनाल पहुचेंगी जहां इसका विधिवत समापन किया जाएगा। इस रैली के साथ जिला से भी बड़ी संख्या में साइक्लिस्ट शामिल होंगे। वहीं 24 सितंबर की शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजिते किऐ जाएंगे।